सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-327 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 22 मई 2025
23 जिकाद 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में लगातार दूसरे दिन सुनवाई, केंद्र सरकार की सुप्रीम कोर्ट में दलील

# वक्फ इस्लाम का जरूरी हिस्सा नहीं

- सरकारी जमीन पर दावा नहीं कर सकता कोई भी व्यक्ति
- अप्रैल में संसद से पारित किया गया था वक्फ संशोधन विधेयक

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं है। इसलिए इस पर संविधान के तहत मौलिक अधिकार के रूप में नहीं दावा किया जा सकता।

सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने शीर्ष कोर्ट से कहा कि जब तक वक्फ को इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य सभी विफल हो जाती हैं। मेहता ने कहा, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, जिसे नकारा नहीं जा सकता, लेकिन जब तक इसे इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य दलीलों का कोई मतलब नहीं है। 2025 के वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं केंद्र ने यह जवाब दिया है। मेहता ने अधिनियम का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को सरकारी जमीन पर दावा करने का अधिकार नहीं है, भले ही वह जमीन वक्फ के रूप में घोषित की गई हो। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर दावा नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला है, जो कहता है कि अगर संपत्ति सरकारी है और वक्फ के रूप में घोषित की गई है, तो सरकार उसे बचा सकती है। सॉलिसिटर जनरल ने आगे कहा, वक्फ संपत्ति एक मौलिक अधिकार नहीं है। इसे कानून द्वारा मान्यता दी गई थी। अगर कोई अधिकार विधायी नीति के तहत दिया गया है, तो उसे हमेशा वापस लिया जा सकता है। चीफ जस्टिस (सीजेआई) बी.आर.गवाई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच इन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अप्रैल में संसद से पारित किया गया था और पांच अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसे मंजूरी दे दी थी। जिसे बाद यह कानून बन गया।

लोकसभा में इसके पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 मत पड़े थे, जबकि राज्यसभा ने समर्थन में 128 और विरोध में 95 मत पड़े थे। सीजेआई गवई ने पूछा, आपके विचार में प्रावधान के अनुसार, सक्षम न्यायालय द्वारा विचार किए जाने तक कब्ज़ा नहीं लिया जाएगा? एसजी ने कहा, अधिनियम की धारा 3 (सी) के तहत कब्ज़ा नहीं लिया जा सकता।

### हमने बिना सोचे-समझे बिल नहीं बनाया




सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जहां मंत्रालय ने एक बिल बनाया और बिना सोच-विचार के वोटिंग कर दी गई हो। कुछ याचिकाकर्ता पूरे मुस्लिम समुदाय की ओर से नहीं बोल सकते। आपके पास जो याचिकाएं आई हैं, वे ऐसे लोगों ने दायर की हैं जो सीधे इस कानून से प्रभावित नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि किसी ने यह नहीं कहा कि संसद को यह कानून बनाने का अधिकार नहीं था। संयुक्त संसदीय समिति की 96 बैठकें हुईं और हमें 97 लाख लोगों से सुझाव मिले, जिस पर बहुत सोच-समझकर काम किया गया।



# पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन

- चीन का प्रोजेक्ट सीपीईसी अफगानिस्तान तक होगा विस्तार
- पाकिस्तान-तालिबान सरकार संग किया समझौता



**बीजिंग।** अफगानिस्तान और भारत के बीच बढ़ती नजदीकियों के जवाब में चीन ने नई रणनीति अपनाई है। चीन ने पाकिस्तान और तालिबान के साथ सहयोग बढ़ाते हुए चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर को अफगानिस्तान तक विस्तार करने पर सहमति जताई है।

बीजिंग में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक के बाद चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने सीपीईसी के विस्तार की घोषणा की। बीजिंग में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने देशों में व्यापार, बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने पर चर्चा की।

बैठक के बाद इशाक डार ने एक्स पर पोस्ट किया, पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और विकास के लिए एकजुट हैं। भारत ने चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के किसी तीसरे देश में विस्तार पर आपत्ति जताई है। पिछले साल विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि सीपीईसी में भाग लेने वाले देश जम्मू-कश्मीर में भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करेंगे।

सीपीईसी का एक हिस्सा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है, जिसे भारत अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानता है। इस कारण भारत ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

# 27 नक्सली ढेर, डेढ़ करोड़ रुपये का इनामी बसव मारा गया

## गृहमंत्री शाह ने बताई ऐतिहासिक उपलब्धि



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अबूझमाड़ इलाके में हो रही इस मुठभेड़े में अब तक 27 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। कई नक्सलियों के शव और भारी संख्या में हथियार बरामद होने की खबर है। मुठभेड़ में एक जवान के बलिदान होने और एक जवान घायल होने की भी खबर है। नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों डीआरजी के जवानों से नक्सलियों की मुठभेड़ जारी है। माड़ के इलाके में सुबह से फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि डीआरजी के जवानों ने बड़े नक्सली लीडर्स को घेर लिया है। डीआरजी के जावानों ने नक्सलियों के बड़े कमांडरों को घेर रखा है। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है। करीब 27 नक्ललियों के मारे जाने खबर सामने आ रही है, मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है। खबर मिल रही है कि इस मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी शीर्ष नक्सली बसव राजू भी मारा गया है। कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। माड़ के दुर्गम इलाके में बुधवार सुबह से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण गोलीबारी जारी थी। इस अभियान को एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर अबूझमाड़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जहां उनका मजबूत गढ़ माना जाता है।

## श्रीनगर में टर्बुलेंस से इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग



फ्लाइट में 227 यात्री थे सवार

**श्रीनगर।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई 2142 बुधवार शाम टर्बुलेंस में फंस गई। जैसे ही फ्लाइट में झटके लगने शुरू हुए उसमें सवार यात्री डर से लोग चीखने लगे। पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल श्रीनगर को इसकी जानकारी दी और इमरजेंसी लैंडिंग कराई। फ्लाइट में 227 यात्री सवार थे। सभी यात्री और एयरक्रू पूरी तरह सुरक्षित हैं। सुरक्षित लैंडिंग के बाद देखा गया कि फ्लाइट की नोज कोन (आगे का हिस्सा) टूट गया है। इस वजह से एयरलाइंस ने विमान को एओजी घोषित कर दिया है, यानी अब यह फ्लाइट फिलहाल उड़ान भरने की स्थिति में नहीं है। इंडिगो ने बताया, ओलावृष्टि के कारण इमरजेंसी के हालात बने। हालांकि ये नहीं बताया कि आगे का हिस्सा कैसे टूटा है।

बलूचिस्तान विस्फोट : पाकिस्तान के झूठे आरोपों को भारत ने नकारा

# ध्यान भटकाने के लिए हथकंडे अपना रहा पाक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार में बुधवार को हुए विस्फोट में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान ने इस घटना में भारत की संलिप्तता का दावा किया है। पाकिस्तान की ओर किए जा रहे झूठे दावों का भारत ने खंडन किया है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के आरोपों का पुरजोर खंडन करते हुए इन आरोपों को निराधार बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के आरोपों की निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाता रहा है। भारत ने घटना में हुई मौतों पर संवेदना व्यक्त की है।

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि भारत आज खुजदार में हुई घटना में भारत की संलिप्तता के बारे में पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को खारिज करता है। भारत ऐसे सभी घटनाओं में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। हालांकि, आतंकवाद का वैश्विक केंद्र बनने की अपनी साख से ध्यान भटकाने और अपनी गंभीर विफलताओं को छिपाने की पाकिस्तान की यह आदत बन चुकी है कि वह अपने आंतरिक मामलों के लिए भारत को दोषी ठहराता है। दुनिया को गुमराह करने का यह प्रयास असफल होना ही था। बता दें कि बुधवार सुबह बलूचिस्तान के खुजदार शहर में एक स्कूल बस पर हुए संदिग्ध आत्मघाती हमले में भारत का हाथ होने का झूठा आरोप लगाया था। जिसमें तीन बच्चे मारे गए थे। विस्फोट के समय खुजदार में सेना द्वारा संचालित स्कूल की बस में करीब 40 छात्र सवार थे, जिनमें से कई घायल हो गए है।



### ऑपरेशन सिंदूर से घबराए शहबाज

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ घबरा गए हैं। अब वे भारत से वार्ता के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की गुहार लगा रहे हैं। बुधवार को शहबाज शरीफ ने कहा कि भारत वार्ता प्रक्रिया में किसी तीसरे देश को शामिल करने का इच्छुक नहीं है। लेकिन मेरे हिसाब से किसी तीसरे देश में बातचीत करना अच्छा निर्णय हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा कहता रहा है कि कश्मीर मुद्दा पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय मामला है और इसमें किसी तीसरे पक्ष के लिए कोई जगह नहीं है। मगर हम चाहते हैं कि बातचीत तीसरे पक्ष के साथ हो। पाकिस्तान भारत के साथ भविष्य में होने वाली किसी भी बातचीत में चार मुख्य मुद्दे उठाएगा।

# राजनाथ ने की घोषणा : लखनऊ में बनेगी सेमी कंडक्टर चिप, 25 सौ करोड़ का होगा निवेश

- रिंग रेल योजना में आएगी तेजी
- दुनिया के टॉप टेन शहरों में लखनऊ का नाम शामिल हो : रक्षामंत्री




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में ढाई हजार करोड़ रुपये के निवेश से सेमी कंडक्टर चिप बनेगी। ये घोषणा बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। वह त्रिवेणी नगर में आयोजित वरिष्ठ नागरिक संवाद में शिरकत कर रहे थे। रक्षामंत्री ने कहा कि सेमी कंडक्टर चिप को लेकर निवेश संबंधी प्रक्रिया जारी है। जल्द धरातल पर उतरेगी। ये सिर्फ लखनऊ ही नहीं पूरे देश के लिए गर्व की बात होगी। ये राजधानी के विकास में एक बड़ा कदम साबित होगा। वहीं उन्होंने बताया कि लखनऊ के चारों ओर रिंग रेल भी चलेगी। इससे शहरवासियों को काफी सहूलियत होगी। इस योजना का शुभारंभ जल्द होगा। शहर को जो विकास हुआ है, उससे वह संतुष्ट नहीं हैं, वह चाहते हैं कि दुनिया के टॉप टेन शहरों में लखनऊ का नाम शामिल हो। सेमीकंडक्टर चिप एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट होता है जो सेमी कंडक्टर मैटेरियल यानी सिलिकॉन से बना होता है। इसमें इंटीग्रेटेड सर्किट होते हैं। यह एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों के लिए बहुत जरूरी उपकरण है। सेमीकंडक्टर चिप, प्रोसेसिंग, मेमोरी स्टोरेज और सिग्नल एम्प्लीफिकेशन जैसे काम को पूरा करता है। सेमीकंडक्टर चिपसेट कई प्रकार की होती हैं। इसमें माइक्रोप्रोसेसर, मेमोरी चिप, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट आदि शामिल हैं। रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताते हुए कहा कि आतंकियों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है। वहीं पाकिस्तान को हर मोर्चे पर करारा जवाब दिया। भारत ने पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## भारत का पाकिस्तान पर एक और सख्त एक्शन

24 घंटे में उच्चायोग के अधिकारी को देश छोड़ने का आदेश



**नई दिल्ली।** भारत ने नई दिल्ली स्थित स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर दिया है और उससे 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा है। भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है। पहलगाम हमले के बाद से भारत लगातार संदिग्ध पाकिस्तानी अधिकारियों को देश छोड़ने के आदेश जारी कर रहा है। पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को भारत ने आज इस संबंध में एक डिमार्शे (कूटनीति में दूसरे देश के खिलाफ उठाया गया कदम) जारी किया और उनसे उपरोक्त अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश से बाहर भेजने के लिए कहा गया है।

# लखनऊ मेट्रो का होगा विस्तार

- चारबाग से बसंतकुंज के रूट को मिली वित्तीय मंजूरी
- कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही निर्माण होगा शुरू

**लखनऊ।** चारबाग से बसंतकुंज तक मेट्रो ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर को वित्तीय मंजूरी मिल गई है। अब केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी शेष है, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। यह काम चार से पांच साल में पूरा होगा। जिसके बाद शहर की एक बड़ी आबादी को मेट्रो से आवागमन की सुविधा मिलेगी। कॉरिडोर की कुल लंबाई 11.165 किलोमीटर है, जिसके निर्माण पर 5801 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।



शहर में अभी मेट्रो अमौसी (चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट) से मुंशीपुलिया तक चलती है। अब दूसरे फेज में इसका संचालन चारबाग से बसंतकुंज तक होना है। वित्तीय संस्थान पीआईबी (पब्लिक इंवेस्टमेंट बोर्ड) ने इसकी मंजूरी दे दी है। पीआईबी की मंजूरी के बाद अब केंद्रीय कैबिनेट से हरी झंडी मिलनी है। इसके लिए डीपीआर को कैबिनेट में भेजा गया है। चारबाग से बसंतकुंज की डीपीआर को मार्च 2024 में प्रदेश सरकार मंजूरी दे चुकी है। बीते वर्ष नौ जुलाई को नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने भी मंजूरी दे दी है। चारबाग से बसंतकुंज तक मेट्रो कॉरिडोर का काम पूरा होने के बाद यह शहर के बेहद घने अमीनाबाद, चौक, ठाकुरगंज आदि को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। बसंतकुंज तक अभी आवागमन का कोई आसान साधन नहीं है। मेट्रो शुरू होने के बाद यहां की बड़ी आबादी को फायदा होगा। चारबाग मेट्रो स्टेशन इंटरचेंज स्टेशन के तौर पर काम करेगा जहां से यात्री एक से दूसरे रूट पर जाने के लिए मेट्रो बदल सकेंगे।

> जिस तरह पहले फेज में मेट्रो काम निर्धारित समय से पहले पूरा किया गया, उसी तरह इस बार भी पूरी कोशिश होगी। कॉरिडोर से जुड़े काफी ग्राउंडवर्क और रिसर्च डाटा को पहले ही तैयार कर लिया है। परियोजना की केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी के बाद निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **सुशील कुमार, प्रबंध निदेशक, यूपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन**

# पूर्व आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

- पूजा खेडकर कोई ड्रग माफिया या आतंकवादी नहीं है
- अपने दस्तावेजों में जालसाजी करने का आरोप है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि वे जांच में सहयोग करें। पूजा पर 2022 संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए अपने दस्तावेजों में जालसाजी करने का आरोप है।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि उन्होंने कौन सा गंभीर अपराध किया है? वह कोई ड्रग माफिया या आतंकी नहीं है। उसने कोई हत्या नहीं की है। वह एनडीपीएस अपराधी नहीं है। न ही वह दुष्कर्म की आरोपी है। सुप्रीम कोर्ट ने पूजा खेडकर को जमानत देते हुए कहा कि वह जांच में सहयोग करेंगी और गवाहों को न तो प्रभावित करेंगी, न ही सबूतों से छेड़छाड़ करेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि गिरफ्तारी की स्थिति में याचिकाकर्ता को 35 हजार रुपये नकद जमानत और दो जमानतदारों के साथ जमानत पर रिहा किया जाता है। उनको जांच में सहयोग करना होगा। साथ ही स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करना होगा। अगर किसी शर्त का उल्लंघन होता है तो उनकी अग्रिम जमानत को रद्द करने की मांग की जा सकती है। इससे पहले कोर्ट ने पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से संरक्षण देने के अपने अंतरिम आदेश को बढ़ा दिया था।

### हाईकोर्ट के आदेश को दी है चुनौती



खेडकर ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी, जिसमें उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए पूजा खेडकर पर तल्ख टिप्पणियां की थीं। कोर्ट ने कहा था कि यह न सिर्फ एक संवैधानिक निकाय के साथ, बल्कि समाज और पूरे देश के साथ धोखाधड़ी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। खेड़कर पर दिल्ली पुलिस ने गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी और अवैध रूप से ओबीसी और विकलांगता कोटे का दावा करना शामिल है।

एक्शन

दिव्यांग शिक्षण संस्थानों को सीएम योगी का निर्देश

# संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था करें सुनिश्चित : योगी

- यूपी के सभी 18 मंडलों में खुलेंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र
- पेंशन ले रहे अपात्र लोगों की पहचान कर एक्शन लेने के सीएम योगी ने दिए निर्देश



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया है। बुधवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गतिविधियों की ओर प्रवृत्त करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

ऐसी प्रवृत्तियों के प्रति हमें पूर्णतः सतर्क रहते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के उपरांत ही उनकी अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों तथा 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया जाए। अध्ययनरत बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं। इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और जब तक नियमित नियुक्ति न हो, तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए। बैठक में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं, उपलब्धियों तथा कार्ययोजनाओं की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त कल्याणकारी योजनाएं पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुसज्जित हों तथा लक्षित लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से लाभ प्रदान करें। बैठक में ये भी जानकारी दी गई कि, अब तक प्रदेश में 15 लाख दिव्यांगजन यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं जिनमें अधिकांश को यूनिक आईडी कार्ड निर्गत किए जा चुके है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों' की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर की जाए ताकि पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकें। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते आठ वर्षों में विभाग के बजट में दस गुना से अधिक वृद्धि की गई है, जो दिव्यांगजनों के प्रति सरकार की संवेदनशील प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में 11.04 लाख लाभार्थियों को 1300 करोड़ रुपये की पेंशन राशि वितरित की गई है, जबकि कुष्ठरोग पीड़ित लगभग 12 हजार व्यक्तियों को 3000 रुपये प्रतिमाह की दर से सहायता दी जा रही है।

# आपका वोट ही हमारी ताकत है: कान्ती सिंह




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लखनऊ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी कान्ती सिंह पटेल ने कहा कि आपका वोट ही हमारी ताकत है उक्त उदगार सपा प्रत्याशी श्रीमती पटेल ने लोहिया भवन पर आयोजित चुनाव प्रचार हेतु बौठक में व्यक्त किये। उन्होने कहा कि आपका स्नेह विश्वास और समर्थन ही हमारी राजनीतिक यात्रा की सबसे बडी पूंजी है। उन्होने कहा कि मैने सदैव निर्वाचन क्षेत्र के सातों जनपदों में स्नातक साथियों की समस्याओं, अपेक्षाओं के लिए सदैव संघर्ष किया है। उन्होने कहा कि यदि मै चुनाव जीती तो हर जिले में विकास, शिक्षा, रोजगार, युवाओं की भागीदारी और पारदर्शी व्यवस्था को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होने बैठक में कहा कि डा0 एसपी सिंह सांसद की ऐतिहासिक विजय के पीछे भी समाजवादी पार्टी और जागरूक स्नातकों की सक्रिय भूमिका रही लखनऊ पब्लिक स्कूल की इंचार्ज ने मतदाता बनने के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप भरकर सभी को समझाया।बैठक में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं को बनाने का काम चल रहा है। सभी स्नातक साथी सपा कार्यालय से आवेदन पत्र लोकर भरकर कार्यालय में जमा कर दे ताकि उनका वोट बन सके। उन्होने कहा कि जनपद से सपा प्रत्याशी कान्ती सिंह पटेल भारी बहुमत से जीतेंगी।बैठक का संचालन पार्टी महासचिव अंसार महलूद ने किया बैठक को संदीप वर्मा, संजय वर्मा, अमित वर्मा, अभय प्रताप सिंह बन्टी, इसरार अहमद, हरजीत सिंह, यदुवेन्द्र वर्मा पम्मू, मिर्जा शेखू, भूपेन्द्र वर्मा, अनूप यादव, मो0 अफजाल, तृप्ति अवस्थी, हेमन्त भार्गव, मुन्ना यादव, प्रख्याति खरे, संजय वर्मा, अशोक कश्यप, यशमोहन वर्मा, वीरेन्द्र वर्मा वीरू आदि ने सम्बोधित किया इस अवसर पर सपा नेता मंजीत सिंह, आकाश गुप्ता, सोहराब गौरी, मो0 सईद अंसारी, गुफरान अहमद, जगत पाल यादव, रासिद पठान, फैसल खां, भरतलाल कश्यप, संजीव वर्मा, उमेश गिरि, सर्वेश वर्मा, शाबान अहमद, मो0 कामिल, शिवराज वाल्मीकि, शहनवाज, मो0 आरिफ खान, कौशल गुप्ता, शब्बीर बाबा, रामजीवन यादव, मो0 शकील खां, सभासद नसीम गौरी, इमरान रजा, प्रशान्त लाला, सुधाकर लाला, त्रिभुवन सिंह सेंगर सहित सैकडो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# तेज आंधी ने निघासन और पलिया क्षेत्र में जमकर मचाई तबाही

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** बुधवार तड़के आई तेज आंधी ने निघासन और पलिया क्षेत्र में जमकर तबाही मचाई। आंधी में कई घर गिर गए। पेड़ गिरने से मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। थाना मझगई के गांव छेदुईपतिया में एक छप्पर पोश घर भरभराकर गिर गया।

हादसे में घर के अंदर सो रहे रसपाल सिंह (45) और उनकी पुत्री रमन कौर (10) की उसके नीचे दबकर मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल भेजा गया है हादसा सुबह करीब पांच बजे हुआ। तेज आंधी आने से कस्बा निघासन के मोहल्ला नानक नगर में सड़क किनारे लगा पेड़ रमाकांत की छत पर गिर गया।

जिससे परिवार के लोग जान बचाकर घर से बाहर निकल गए। प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष रमाकांत मौर्य ने बताया कि उनके पिता चक्रप्रसाद बहन देवकुमारी, भाई रामनरेश, कौशल रामकांत पत्नी प्रमिला देवी, बच्चे हर्षिता, दिव्या, काव्या माता मोहरदेई, सास मालती देवी आदि लोग घर के अंदर थे। अचानक बुधवार सुबह तेज आंधी आ गई। सभी लोग आंधी घर के अंदर चले गए। अचानक सड़क किनारे लगा पेड़ घर के ऊपर गिर गया जिससे दीवार आदि टूट गई।

घर में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने घर से निकल कर जान बचाई। आंधी में सड़कों के किनारे रखे खोखे और खोमचे पलट गए। ठेले भी काफी दूर जा गिरे।

निघासन में मुंसिफ कोर्ट के गेट पर पेड़ गिर गया है। पेड़ों के गिरने से दर्जनों मकान और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

पलिया तहसील के संपूर्णानगर क्षेत्र में भी आंधी ने जमकर कहर बरपाया है। कई मकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। पेड़ गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एलएलबी पाठ्य क्रम में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए 01 जून से 10 जून के मध्य 10 दिवसीय ग्रीष्म कालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम एवं 20 दिनों के लिए प्रोजेक्ट वर्क का आयोजन लखनऊ जोन में किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ऐसे छात्र-छात्रायें आवेदन कर सकते है, जो कि क्लस्टर जिलों के किसी भी मान्यता प्राप्त लॉ यूनिवर्सिटी/लॉ कॉलेज से 05 वर्षीय कोर्स या 03 वर्षीय एलएलबी लॉ. कोर्स कर रहे है। यह जानकारी अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविंद नाथ पांडेय ने दी उन्होंने बताया कि उक्त 10 दिवसीय ग्रीष्म कालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम एवं 20 दिनों के लिए प्रोजेक्ट वर्क में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक छात्र एवं छात्रायें 23-05-2025 तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय परिसर, लखीमपुर-खीरी में सांय 05ः00 बजे तक अपना अवेदन पत्र जमा कर सकते है। आवेदन सम्बन्धी समस्त सूचना जनपद न्यायालय, लखीमपुर खीरी की अधिकारिक वेब साईड 222.districts. ecourts.gov.in/kheri पर उपलब्ध है। इच्छुक छात्र-छात्रायें जनपद न्यायालय, लखीमपुर-खीरी से जनपद न्यायालय, लखीमपुर-खीरी की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

## वांछित 02 नफर अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0253/2025 धारा 2ख(1)/3 यू0पी0 गैगस्टर एक्ट में वांछित 02 नफर अभियुक्तों 1.अफजल हुसैन उर्फ सोनू पुत्र तफज्जुल हुसैन निवासी ग्राम धर्मापुर थाना मझगई जनपद खीरी उम्र 30 वर्ष एवं आशीष पुत्र नवल किशोर निवासी ग्राम दिलावलपुरवा थाना मझगई खीरी उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है उल्लेखनीय है कि उपरोक्त अभियुक्तगणों के विरुद्ध दिनांक 08.02.2024 को जालसाजी व धोखाधड़ी कर अवैध धन वसूली करने के संबंध में थाना फूलबेहड़ पर मु0अ0सं0 45/24 धारा 342/419/420 भादवि0 पंजीकृत किया गया था, विवेचना के दौरान मुकदमा उपरोक्त में धारा 384 भादवि0 की वृद्धि करते हुए गुण दोष के आधार पर उपरोक्त मुकदमें में धारा 384/342/419/420 भादवि0 में आरोप पत्र मा0 न्यायालय दाखिल किया गया। उपरोक्त मुकदमें का संज्ञान लेते हुए थाना फूलबेहड़ पर गैगस्टर एक्ट की कार्यवाही करते हुए मु0अ0सं0 253/25 धारा 2ख(1)/3 यू0पी0 गैगस्टर एक्ट पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारी की गयी।

## जयपुर जा रही डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलटी बस चालक की मौत, 40 यात्री घायल घायलों में महिलाएं, बुजुर्ग तथा बच्चे भी शामिल



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** थाना उझानी क्षेत्र के ग्राम दहमू के निकट बरेली से जयपुर जा रही डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस चालक की मौत हो गई जबकि बस में सवार 40 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना उझानी क्षेत्र के ग्राम दहमू के पास से गुजर रही प्राइवेट डबल डेकर बस सोमवार देर रात्रि किसी तरह का अनियंत्रित होकर पलट गई बस पलटने के कारण इसमें सवार 40 यात्री घायल हो गए।घटना की सूचना पाते ही पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।बस में सवार सभी लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां डॉक्टरों ने बस चालक को मृत घोषित कर दिया।घायलों में बुजुर्ग,महिलाएं तथा बच्चे भी शामिल है।ड्राइवर की पहचान नहीं हो सकी है।घायलों का हाल-चाल जानने के लिए पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे अधिकारियों द्वारा मेडिकल कॉलेज को भाई लोग का बेहतर इलाज करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला प्रशासन की ओर से हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। आदेशक बाद जांच टीम द्वारा जांच की जा रही है।

## भारत माता की जयकारों से गूंजा सहसवान, खूब लहराया तिरंगा



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सहसवान में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुज माहेश्वरी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या में भाजपा की उपस्थित रहे। भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष शक ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को सेना के अद्भुत साहस और पराक्रम का अद्वितीय परिचय देने वाले ऑपरेशन सिंदूर की अविस्मरणीय सफलता और जय हिंद की सेना के सम्मान में 113 विधानसभा सहसवान के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अनुज माहेश्वरी पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा के नेतृत्व में नगर सहसवान में दिव्य भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो कि अनुज माहेश्वरी के कार्यालय से प्रारंभ होकर नयागंज, नवादा व विल्सनगंज चौराहे होते हुए तहसील पर पूर्ण हुई। यात्रा की रूपरेखा नगर अध्यक्ष पीयूष माहेश्वरी के निर्देशन में सम्पूर्ण हुई। यात्रा की अध्यक्षता पूर्व विधायक दयासिन्धु शंखधार ने की। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुभाष गुप्ता, पूर्व प्रधान मयँक गुप्ता, अनुराग दीक्षित, सुभाष गौड़, वीरपाल यादव, परमवीर शाक्य, ललतेश ठाकुर, राजीव शर्मा, दीपक माहेश्वरी, आदर्श सक्सेना, जयंत शर्मा, हिमांशु माहेश्वरी, देवेंद्र प्रजापति, राजेन्द्र कश्यप, बॉबी कोली, अवढर शर्मा, सचिन शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, नागरिक एव विद्यायल के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जाये अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: मण्डलायुक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने कहा कि 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा। 21 जून को ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस वर्ष का थीम ÷योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ÷ रखी गयी है। उन्होने निर्देश दिए कि मण्डल में योग सप्ताह एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को हर्षोल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया जाए। मण्डलायुक्त अटल कुमार राय आज यहां सर्किट हाउस सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, सीएम डैश बोर्ड, कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के अमृत सरोवर, सभी शिक्षण संस्थानों, प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर उत्साह के साथ योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। योगा सप्ताह हेतु 15 जून को रैली का आयोजन किया जाए। अटल कुमार राय ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि नेडा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि आईजीआरएस पोर्टल



पर प्रकरणों को लंबित न रखते हुए समय सीमा के अंदर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मंडल के तीनों जनपद रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने में कोई कर कसर बाकी न रखे। भारतीय नदी परिषद के रमन कांत द्वारा पीपीटी के माध्यम से मंडल की नदियों की अध्ययन स्थिति एवं उनमें सुधार की चर्चा की। मंडलायुक्त द्वारा हिंडन नदी की सफाई एवं उसके पुनरोद्धार के लिए हिंडन किनारे बसे गांव का सर्वे कर ग्रामवार डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। इसके लिए माइक्रो लेवल की प्लानिंग की जाए तथा पंचायतराज संस्थाएं आगे आएं। कर करेत्तर राजस्व टास्कफोर्स राजस्व कार्यो की समीक्षा, चकबन्दी कार्यो एवं वादों की प्रगति की समीक्षा के दौरान आबकारी विभाग के अधिकारी का बैठक में अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। शामली एवं मुजफ्फरनगर में खनन विभाग में कम राजस्व वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मंडल के सभी खनन क्षेत्रों की सड़कों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि भूमाफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में वर्चुअली रूप से जुड़े जिलाधिकारी शामली अरविंद कुमार चौहान ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को बेहतर करने के लिए बैंकर के साथ वेंडर की मीटिंग प्रशासन के साथ करने का सुझाव दिया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सहारनपुर सुमित राजेश महाजन, मुख्य विकास अधिकारी मुजफ्फरनगर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय तिवारी, अपर आयुक्त प्रशासन रमेश यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहारनपुर संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सहारनपुर सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) मुजफ्फरनगर गजेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शामली परमानंद झा, संयुक्त विकास आयुक्त दुष्यंत कुमार सिंह, डीआईजी स्टाम्प एवं निबंधन अखिलेश दुबे, उप निदेशक पंचायत हरिकेश बहादुर, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल निगम, चिकित्सा सहित संबंधित विभागों के मण्डल एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों को नहीं हो रही खाद उपलब्ध: चौ.विनय



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक बैठक में किसानों को खाद उपलब्ध कराने व विद्युत समस्याओं को दूर करने की मांग की गई। कलेक्ट्रेट परिसर मे आयोजित भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक बैठक को सम्बोधित करते हुए भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय सचिव चौ.विनय कुमार ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज बिजली विभाग तानाशाही रवैया अपना रहा है। शासन द्वारा निर्धारित समय के अनुसार भी किसानो को बिजली की आपूर्ति नही दी जा रही है। अगर बिजली विभाग का यही रवैया रहा, तो भकियू (टिकैत) एक बड़ा आन्दोलन करेगी। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि 15 से 18 जून को हरिद्वार मे महाकुम्भ चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे देश व प्रदेश के किसान भाग लेगें। उन्होने कहा कि महाकुम्भ चिंतन शिविर मे पिछले कई वर्षो की भांति सहारनपुर जिले का भंडारा चलता आ रहा है। इस वर्ष भी भाकियू के सहयोग से भंडारा चलेगा।

## निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन




**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** निजीकरण के विरोध में आज विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति एवं राज्य विद्युत परिषद जूनियर्स इंजीनियर्स संगठन के बैनर तले कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। विद्युत कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि आंकड़ों का फर्जीवाड़ा कर बढ़ा-चढ़ा कर घाटा दिखाया जा रहा है और आम उपभोक्ताओं पर इसका बोझ डालना चाहते हैं, जबकि इसके पीछे मुख्य मकसद निजी घरानों की मदद करना है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति एवं राज्य विद्युत परिषद जूनियर्स इंजीनियर्स संगठन के बैनर तले कई कर्मचारी निजीकरण के विरोध में बिजली घर पर एकत्र हुए और अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जब किसी प्रांत में पावर कारपोरेशन ने अपने एआरआर को चार दिन के अंदर पुनरीक्षित कर घाटा बढ़ा-चढ़ा कर नई एआरआर दाखिल की है। यह सब निजीकरण से पहले निजी घरानों की मदद करने के लिए किया जा रहा है। आगरा में भी निजीकरण के पहले एटी एंड सी हानियां 54 प्रतिशत बताई गई थी, जो वास्तव में 40 प्रतिशत के नीचे थी। इसका दुष्परिणाम यह है कि आज भी आगरा में पावर कॉरपोरेशन 5.55 रु प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद कर निजी कंपनी को 04. 36 रु प्रति यूनिट में दे रही है और 274 करोड रुपए का सालाना नुकसान उठा रही है।

## दहेज हत्या के मुकदमें वांछित महिला अभियुक्ता गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना नानौता पुलिस ने दहेज हत्या के मुकदमें में वांछित चल रही एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने महिला आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना नानौता प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 20 मई को वादी रामपाल पुत्र तिलकदास निवासी ग्राम वहलना थाना खालापार जिला मुजफ्फर नगर ने आरोपी विशाल पुत्र ओमपाल, आरती पुत्री ओमपाल निवासीगण ग्राम भावसी रायपुर थाना नानौता के खिलाफ वादी की पुत्री अनिता उर्फ निकिता को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व दहेज न देने पर जान से मारकर उसके शव को जंगल में फेंक देने के सम्बन्ध में थाना नानौता पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# युवा अपने हूनर को सही से साधेंगे, तो अवश्य सफलता मिलेगी: उपायुक्त उद्योग



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उपायुक्त उद्योग वी.के.कौशल ने कहा कि आज हमारा प्रदेश देश की तीसरी अर्थव्यवस्था बन चुका है और प्रदेश में औद्योगिकरण व युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि युवा अपने हूनर को सही से साधेंगे, तो अवश्य सफलता मिलेगी। कोई भी रोजगार करने के लिए जोखिम तो लेना पड़ता है। इसलिए युवा आगे बढ़कर इस महत्वकांक्षी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें। उपायुक्त उद्योग वीके कौशल आज यहां जाटव नगर स्थित धर्मशाला में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ''मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान'' (सीएम-युवा) प्रचार-प्रसार तथा जागरूकता कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा स्वयं का रोजगार स्थापित करें, तभी हमारा प्रदेश व देश आगे बढ़ेगा। यदि किसी को कोई भी समस्या आती हैं, तो विभाग सहायता अवश्य करेंगा। सहायक आयुक्त उद्योग डॉ.बनवारी लाल ने युवाओ से कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) योजना सभी के लिए स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष 01 लाख सूक्ष्म उत्पादन एवं सेवा क्षेत्र की इकाईयों की स्थापना कराकर 1 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़े जाने का प्रयास है। इस योजना का लाभ लेने के लिए महिला एवं पुरुष आवेदक की उम्र 21 से 40 वर्ष की होनी चाहिए। चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने कहा कि एमएसएमई व काष्ठ कला इकाईयों के प्रोत्साहन हेतु अनेंको योजनाएं क्रियान्वित कर रही है ताकि देश व प्रदेश में उद्योग विकसित हो सकें।

# हीट वेव से बचाव के उपायों का पूर्ण प्रचार करें: नगरायुक्त



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने लोगों को हीट वेव से बचाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा की गयी तैयारियों की समीक्षा करते हुए बचाव से उपायों का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। हीट वेव से बचाव के लिए प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न विभागों की एक समन्वय समिति गठित की गयी है। उन्ही विभागों की आज नगर निगम में बैठक आयोजित की गयी थी। नगरायुक्त ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थय विभाग को सभी अस्पतालों/पीएचसी व सीएचसी में ओ आर एस व तरल पदार्थ का पर्याप्त स्टॉक रखने व विद्युत व्यवस्था ठीक रखने, जलकल विभाग को पेयजल के लिए निर्बाध जलापूर्ति की व्यवस्था रखने तथा शिक्षा विभाग को स्कूलों में पंखों, कूलरों एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था रखने और कक्षाओं की खिड़की-दरवाजे खुले रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्निशमन विभाग को सचेत करते हुए कहा कि भीषण गरमी में अग्निकांड की घटनाएं बढ़ जाती है, अतः घटनाओं पर नियंत्रण के लिए अग्निशमन गाड़ियां एवं उपकरण दुरुस्त रखें। हीटवेव से बवाव के सम्बंध में जिला मलेरिया एवं नोडल अधिकारी डॉ. शिवांका गौड ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं, हीटवेव पीड़ितों के लिए जिला अस्पताल में अलग से बैड और स्टाफ की व्यवस्था की गयी है तथा ''हीट वेव से बचने के लिए लोग क्या करें और क्या न करें'' के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए पूर्ण प्रचार प्रसार किया जा रहा है। नगरायुक्त ने हीट वेव से बचाव के उपायों को स्मार्ट सिटी की एलईडी पर भी चलवाने का सुझाव दिया।

उन्होंने जल निगम को भी पेयजल के समस्त स्त्रोतों का निरीक्षण कर उन्हें दुरुस्त रखने तथा जलापूर्ति के लिए प्रभावी तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में नगरायुक्त के अतिरिक्त अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, एआरएम रोडवेज योगेंद्र सिंह, जिला मलेरिया एवं नोडल अधिकारी डॉ. शिवांका गौड़,अग्नि शमन अधिकारी प्रतापसिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी कु.कोमल, जिला आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्रा, सीवीओ सदर डॉ. के के नागर व अवर अभियंता जल निगम सुरजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## कच्ची शराब की कसीदगी करते एक नशा तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने कच्ची शराब की कसीदगी करते एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण व 60 लीटर शराब खाम बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है। थाना मिर्जापुर प्रभारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके व उपनिरीक्षक भूपेश शर्मा के नेतृत्व में मादक पदार्थो व अवैध शराब के कारोबार की रोकथाम को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मुखबिर की सूचना पर थाना मिर्जापुर पुलिस ने गश्त व चैंकिग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर जसबीर पुत्र विक्रम निवासी ग्राम शेरपुर पैलो थाना मिर्जापुर को ग्राम शेरपुर पैलो के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण 03 ड्रम, 01 तसला, 01 किलोग्राम यूरिया व करीब 60 लीटर शराब खाम बरामद कर ली।

# छटनीं का विरोध करते हुए विद्युत संविदा कर्मियों द्वारा किया जा रहा प्रदर्शन


## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** विद्युत विभाग के संविदा कर्मीयों द्वारा विभाग को पूर्व में दिए गए नोटिस के तहत दूसरे दिन भी अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष कार्य बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन किया गया।

संविदा कर्मी अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। धरना प्रदर्शन को समर्थन देने के लिए कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीत सिंह यादव धरना स्थल पर पहुंचे तथा उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और विभाग प्रबंधन संविदा कर्मियों का शोषण उत्पीड़न कर रहा है। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर छंटनी एक जनविरोधी कदम है। इससे पूरे प्रदेश में हजारों कर्मचारियों पर रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा, विभाग के निजीकरण और छंटनी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी ने भी करना स्थल पर पहुंचकर संविदा कर्मियों को अपना समर्थन दिया है। किसान नेता राजेश सक्सेना ने कहा कि छटनी के द्वारा कर्मचारियों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा। मजदूर किसान मिलकर इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष करेंगे। निजीकरण ना सिर्फ कर्मचारियों बल्कि किसानों सहित आम उपभोक्ताओं के लिए भी घातक है, इसलिए सभी को निजीकरण का विरोध करना चाहिए।

संघ के प्रदेश संगठन मंत्री हरीश चंद्र ने कहा कि हम संविदा कर्मियों का शोषण उत्पीड़न लंबे समय से किया जा रहा है। हम लोग इसके खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष भी करते रहे हैं। लेकिन अब तो हमारी रोजी रोटी पर ही संकट खड़ा हो गया है। अपनी रोजी रोटी को बचाने की लड़ाई हम संविदा कर्मी पूरी जी जान से लड़ेंगे। इसीलिए हम लोग तपती दोपहरी में खुले आसमान के नीचे बैठे हैं और



अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। जबकि मौसम विभाग द्वारा गर्मी में बाहर ना निकलने की चेतावनी दी जा रही है। इसके बाद भी हमारी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिलाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया बिजली आउटसोर्स कर्मचारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर शांतिपूर्ण तरीके से बैठे हैं। अनुशासित तरीके से अपनी बात रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्य बहिष्कार का संज्ञान लेते हुए सिटी मजिस्ट्रेट धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों से बात की, संघ पदाधिकारियोंद्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उन्हें सौंपा गया है। इस मौके पर हर्षवर्धन, प्रेमपाल प्रजापति, राकेश कुमार सागर धीरेन्द्र कुमार सिंह, विपिन राठौर पवन पटेल,टीटू पटेल,अवध पटेल मुसब्बिर अली सिद्दीकी, जापान सिंह,डॉ सतीश,चरन सिंह यादव, प्रेमपाल सिंह,तेजेंद्र यादव सहित सैकड़ो की संख्या में विद्युत संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन की शिष्टाचार भेंट, औद्योगिक विकास पर गहन चर्चा**

# यूपी के साथ और गहरा होगा टाटा संस का औद्योगिक संबंध

अवधनामा ब्यूरो

- अयोध्या टेम्पल आर्किटेक्चर म्यूज़ियम और जेवर एयरपोर्ट परियोजनाओं की प्रगति पर महत्वपूर्ण वार्ता
- उत्तर प्रदेश में एयर इंडिया कर सकती है एमआरओ की स्थापना
- टाटा समूह को लखनऊ में ग्लोबल कैप्टिव सेंटर स्थापना के लिए मुख्यमंत्री ने की चर्चा
- टाटा संस ने उत्तर प्रदेश के निवेश-हितैषी माहौल की प्रशंसा, राज्य के साथ सहयोग का दिया भरोसा
- साझेदारी से प्रदेश में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को मिलेगी नई दिशा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन से शिष्टाचार भेंट की। यह बैठक राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन और भविष्य की रणनीतियों पर केंद्रित थी, जिसमें प्रदेश को देश-विदेश के निवेशकों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाने के विषय में गहन विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में विशेष रूप से अयोध्या में प्रस्तावित टेम्पल आर्किटेक्चर म्यूज़ियम परियोजना की प्रगति पर चर्चा हुई, जो न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य करेगी, बल्कि राज्य के पर्यटन क्षेत्र को भी एक नई ऊंचाई देगी। इसके अतिरिक्त, जेवर एयरपोर्ट परियोजना की समीक्षा की गई, जो पूर्वी उत्तर प्रदेश के आर्थिक और वाणिज्यिक विकास में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली है। एयर इंडिया की संभावित एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉलिंग) सुविधा की स्थापना को लेकर भी विस्तृत वार्ता हुई, जिससे प्रदेश में विमानन सेवा क्षेत्र के विकास को मजबूती मिलेगी और हजारों रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टाटा समूह की प्रदेश में व्यापक निवेश गतिविधियों की प्रशंसा की और निवेशकों के लिए बेहतर औद्योगिक माहौल, निरंतर सुधार और सुगम प्रशासन सुनिश्चित करने के अपने दृढ़ संकल्प को दोहराया। उन्होंने टाटा संस से कहा कि वे राज्य में अपने निवेश को और भी विस्तार दें तथा विशेष रूप से लखनऊ में एक ग्लोबल कैप्टिव सेंटर की स्थापना करें। इस कदम से प्रदेश में उच्च तकनीकी और कौशल आधारित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे युवाओं का कौशल विकास होगा और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

## यूपी के मदरसों को पढ़ाने ही होंगे ये सब्जेक्ट

**लखनऊ।** प्रदेश में मदरसा शिक्षा को लेकर आने वाले दिनों बड़े बदलाव हो रहे हैं और राज्य की योगी सरकार उत्तर प्रदेश बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 में बदलाव करने जा रही है। ये बदलाव कक्षा 10 तक के बच्चों के लिए होगा। इन बदलाव में मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों को हिंदी और अंग्रेजी पढ़ना अनिवार्य होगा। इसके अलावा सभी मदरसों को साइंस और कंप्यूटर लैब बनाना जरूरी होगा। कक्षा 1 से 3 तक NCERT का सिलेबस और कक्षा 4 से 8 तक NCERT (स्टेट कॉउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) का सिलेबस पढ़ाया जाएगा। अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इस बारे में सीएम योगी के साथ बैठक में सीधी बातचीत हुई और जल्द इस दिशा में काम शुरू होगा। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक की अध्यक्षता में बनी कमेटी यह काम करेगी और इसमें माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, वित्त और कानूनी विभागों के विशेष सचिव शामिल होंगे।

# सी.एम.एस. छात्र को 1,99,568 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के छात्र मानस चन्द्र जोशी को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका के प्रतिष्ठित जूनियाटा कॉलेज द्वारा 1,99,568 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्र को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। मानस ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# ए.के. शर्मा ने विद्युत दुर्घटना का लिया त्वरित संज्ञान

- घटना से लोगों की आकस्मिक मृत्यु होने एवं घायल होने पर गहरा दुख व्यक्त किया
- घटना की विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी: ए.के. शर्मा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गाजीपुर जिले के मरदह थाना के अंतर्गत नरवर गांव के किसी घर में बुधवार को सुबह एक धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन के समय हरा बांस गाड़ते समय ऊपर से जा रही हाई टेंशन लाइन के सम्पर्क आने से करंट लगने से 04 लोगों की आकस्मिक मृत्यु हो जाने और 03 लोगों के घायल होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और पीड़ित परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा है कि इस दुखद घटना की विस्तृत जांच करके आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने घटना की जानकारी मिलते ही एमडी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम, जिलाधिकारी गाजीपुर, जिलाधिकारी मऊ तथा एमडी विद्युत उत्पादन निगम से सम्पर्क कर घटना से प्रभावित लोगों की हरसम्भव मदद करने तथा घायलों का बेहतर उपचार कराने के निर्देश दिये।

# आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

अवधनामा ब्यूरो





**लखनऊ।** आधुनिक भारत के निर्माता, कंप्यूटर क्रांति के जनक, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर लखनऊ कालिदास चौराहे पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने प्रातः 8:00 बजे माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों के समक्ष अपनी बात रखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि युवा शक्ति में भरोसा करने वाले राजीव ने मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष कर लोकतंत्र सशक्त बनाने का काम किया। उन्होंने इस सच्चाई को हमेशा दोहराया कि युवाओं को समानता, न्याय, बंधुत्व और स्वतंत्रता के सिद्धांत पर एक सामाजिक व्यवस्था बनाने के लिए सशक्त, शिक्षित और कौशल से युक्त होना चाहिए। वह भाईचारे, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक तालमेल की जरूरत को लेकर भी गंभीर थे। यह गंभीरता उनकी सरकार की शिक्षा नीति में दिखाई देती थी।राय ने कहा कि राजीव की दूरदर्शिता और नेतृत्व के अतुलनीय योगदान को कभी नहीं भुला सकता। उन्होंने सुशासित, शक्तिशाली और जीवंत राष्ट्र के रूप में भारत को आगे बढ़ाया। राजीव दूरगामी सोच रखने वाले ऐसे राजनेता थे, जिनके विचार और अवधारणाएं आज भी वैश्विक महत्व रखती हैं। राय ने कहा कि उनके आदर्शों पर चलकर ही हम अपने सपनों के भारत का निर्माण कर सकते हैं। एक खुशहाल, स्वस्थ और समावेशी समृद्ध भारत की दिशा में बढ़ा हमारा हर कदम राजीव गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। देश में जब तक लोकतंत्र जिंदा रहेगा तब तक भारत मां के इस लाडले सपूत स्व. राजीव गांधी को याद किया जाएगा।संगोष्ठी का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता बृजेन्द्र सिंह ने किया। संगोष्ठी को समबोधित करते हुए राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि मैंने राजीव के बहुत करीब रहकर काम किया। प्रमोद तिवारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने 84 से 89 तक अपने छोटे से कार्यकाल में पांच सफल कदम उठाये थे जिनमें टेलिकाम रिवोल्यूशन, कम्प्यूटर क्रांति, मतदान की उम्र 18 वर्ष, पंचायती राज की नींव और शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में नवोदय विद्यालयों की स्थापना की जिसकी वजह से ये देश तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ा। संगोष्ठी में उ.प्र. कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता श्रीमती आराधना मिश्रा ''मोना'' विधायक, पूर्व मंत्री राजबहादुर, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, श्याम किशोर शुक्ला, डॉ. सतीश राय, सुभाष श्रीवास्तव ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक में बनेंगे आधार कार्ड

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0 को आधार कार्ड बनाने के लिए अधिकृत किया गया है। उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0 देश का पहला सहकारी बैंक है, जिसको आधार कार्ड बनाने की एजेंसी नामित किया गया है। यह जानकारी सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर ने आज यहां दी है। उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0 को आधार कार्ड बनाने का कार्य मिलने पर सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर ने केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में बेहतर कार्य करने से सहकारी बैंकों की विश्वसनीयता देश-प्रदेश में बढ़ी है। आधार कार्ड का कार्य अत्यधिक महत्वपूर्ण कार्य है, आधार कार्ड भारत के नागरिकों की विशिष्ट व प्रमाणिक पहचान का मजबूत साक्ष्य है। इसको करने के लिए एक मानक प्रक्रिया निर्धारित कर कार्मिकों को प्रशिक्षित कर काम को आगे बढ़ाया जाएगा।

# लखनऊ जिला ग्राम विकास अधिकारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

अवधनामा ब्यूरो



**काकोरी लखनऊ।** बुधवार को विकास भवन स्थित लोहिया सभागार में जिला ग्राम विकास अधिकारी संघ, लखनऊ की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु चुनाव संपन्न हुए। इस चुनावी प्रक्रिया की अध्यक्षता मुख्य चुनाव निर्वाचन अधिकारी (सेवानिवृत्त एडीओ आईएसबी) शिव मूर्ति बाजपेई ने की, जिसमें सहायक निर्वाचन अधिकारी के.के. गौतम (एडीओ आईएसबी मलिहाबाद) और सेवानिवृत्त ग्राम विकास अधिकारी राम कुमार मौर्य भी उपस्थित रहे।

अधिवेशन का शुभारंभ पूर्व अध्यक्ष आलोक चौधरी ने किया, जिसके बाद प्रत्याशियों के नामांकन की घोषणा की गई। नामांकन के उपरांत सभी प्रत्याशियों ने उपस्थित मतदाताओं के समक्ष अपना परिचय दिया और अपने-अपने एजेंडे प्रस्तुत किए। समय का ध्यान रखते हुए, सभी ने अपनी बात रखी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान प्रक्रिया आरंभ की गई। मतदान के पश्चात परिणामों की घोषणा की गई, जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर ललित कुमार गौतम (ग्राम विकास अधिकारी, काकोरी) ने सर्वाधिक 14 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। महामंत्री पद पर प्रशांत सक्सेना निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए, क्योंकि उनके विरुद्ध कोई अन्य नामांकन नहीं था। इसके अतिरिक्त, प्रांतीय प्रतिनिधि पद पर एडीओ आईएसबी सरोजनीनगर के दीपक चौधरी ने 16 मतों के साथ विजय प्राप्त की।

उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने विजयी प्रत्याशियों का माल्यार्पण कर बधाई दी। इस अवसर पर, विजयी प्रत्याशियों ने समस्त कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि वे सदैव उनके सम्मान और हितों की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़

**अमन शांति समिति और जर्मन होम्योपैथिक क्लीनिक के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने किया शुभारंभ**

- 6 हज़ार से ज़्यादा मरीज़ों ने कराया अपना मुफ्त इलाज

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अमन शांति समिति और जर्मन होम्योपैथिक क्लीनिक के संयुक्त तत्वाधान में आज एक भव्य और ऐतिहासिक निःशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन अमन शांति समिति के कार्यालय टूरियां गंज में किया गया। इस शिविर का शुभारंभ इमाम ए ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने डॉ आदर्श त्रिपाठी, इमरान कुरेशी, अमरनाथ मिश्रा, मौलाना यासूब अब्बास, अब्दुल अज़ीज़ सिद्दीकी, अब्दुल वहीद, डॉ राधेश्याम, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित आजाद हफ़ीज़ के साथ फीता काट कर किया। मौलाना खालिद रशीद ने उद्घाटन के उपरांत अपने वक्तव्य में कहा कि ग़रीबों ज़रूरतमंदों की सेवा करना ही इंसानियत की पहचान है। मौलाना ने कहा की डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी अब तक 2 हज़ार से अधिक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करके हजारों जरूरतमंद मरीज़ों का इलाज कर चुके हैं और अभी भी इनकी चिकित्सा सेवाएं जारी है। मौलाना ने यह भी कहा कि अमन शांति समिति के अध्यक्ष इमरान कुरेशी अपनी संस्था के द्वारा कई वर्षो से लगातार गरीबों, जरूरतमंदों की सेवा करते आ रहे हैं। इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में ग़रीब ज़रूरतमंद लोगों के लिए 4 हज़ार रुपये तक की पैथोलॉजी की जांचें बिल्कुल मुफ्त की गई और साथ ही साथ प्रदेश के वरिष्ठ होम्योपैथिक एवं एलोपैथिक चिकित्सकों द्वारा मरीज़ों को निःशुल्क परामर्श के साथ उनका ईलाज इलाज किया गया। देश की 6 बड़ी होम्योपैथिक दवा की कंपनियों द्वारा मुफ्त दवाएं वितरित की गई। कैंप में मौजूद इमरान कुरैशी और डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि आज देश में ऐसे भी लोग हैं जिनके पास ग़रीबी के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करने के लिए पर्याप्त धन नहीं है ऐसे में अक्सर वो लोग महंगी दवाइयां डॉक्टर के बिल और अस्पताल के खर्च को नहीं उठा पाते हैं। सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) के आंकड़ों के मुताबिक इलाज न मिलने के कारण 10 हज़ार लोग रोज़ दम तोड़ देते हैं इसी कारण ग़रीब ज़रूरतमंद लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई और उनका इलाज करने के लिए इस कैंप को आयोजित किया गया है। निःशुल्क मेडिकल कैंप में 7 हज़ार के लगभग मरीज़ों ने चिकित्सकों की सेवाओं, पैथोलॉजी की जाचों और दवाओं का लाभ उठाया। लखनऊ के अलग-अलग क्षेत्र से आए मरीज़ों ने चिकित्सा शिविर में अपना इलाज कराया चिकित्सा शिविर में बीएमडी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, लिवर, हृदय, थायराइड, हड्डी, आंख, दांत के अतिरिक्त कई रोगों के चिकित्सक उपस्थित रहे। जिनमें मुख्य रूप से आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर जावेद, होम्योपैथी चिकित्सकों में डॉ पूजा नायक, डॉक्टर पीयूष शुक्ला, डॉ शिवांगी वर्मा, डॉक्टर अविनाश श्रीवास्तव, डेंटिस्ट डॉ राधेश्याम, डॉ अमित नायक, डॉक्टर अभिषेक शर्मा ने मरीजों का इलाज किया और देश की 6 बड़ी होम्योपैथिक दवा बनाने वाली कंपनियों ने डिस्पेंसरी के मध्य से मरीज़ों को सभी रोगों की लगभग 5 लाख रूपए तक की होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध कराई। इस अवसर पर अमन शांति समिति के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान कुरैशी ने कहा कि मेरा मिशन मानव सेवा है, यही सबसे बड़ा धर्म है। इस कैंप में सहयोग देने वाले सभी डॉक्टर्स और फार्मा कंपनियां और पैथोलॉजी टीम का विशेष आभार प्रकट करता हूं।

## आईटीआई लखनऊ में 8 कंपनियों द्वारा रोजगार मेला, 153 अभ्यर्थियों का चयन

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत 8 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि यह आयोजन मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें कंपनियों से अधिक से अधिक प्रशिक्षार्थियों का चयन करने का अनुरोध किया गया। एम0 ए0 खाँ, ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेंट ऑफिसर ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 230 प्रशिक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरांत 153 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों में किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 12,000 से 24,550 रूपए तक का वेतन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। जो अभ्यर्थी इस बार चयनित नहीं हो सके, वे आगामी 31 मई 2025 को आयोजित होने वाले अगले कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# रक्षा मंत्री की प्रेरणा से हुआ एक्सीलेंस रिकगनिशन सेरेमनी

**शिक्षाविद डॉ. कल्बे सिब्तेन नूरी और चेयरमैन वफ़ा अब्बास ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित**





अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शिक्षा और प्रतिभा के सम्मान का एक प्रेरणादायक आयोजन आज लखनऊ में अम्बर फाउंडेशन द्वारा आयोजित "Excellence Recognition Ceremony" के रूप में सम्पन्न हुआ। इस समारोह में कक्षा 10वीं और 12वीं (यूपी बोर्ड, CBSE, ICSE) के उन छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की प्रेरणा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंहसे प्राप्त हुई, जिनका सदैव यह प्रयास रहा है कि युवाओं को शिक्षा और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में प्रेरित किया जाए। हालाँकि, पूर्व DGP विजय कुमारअपनी अत्यधिक व्यस्तताओं के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, परंतु उन्होंने आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और छात्रों की सफलता पर बधाई दी। इस अवसर पर पद्म भूषण मौलाना डॉ. कल्बे सादिक साहब के सुपुत्र, शिक्षाविद और समाजसेवी डॉ. कल्बे सिब्तेन नूरी ने विशेष वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या वही सार्थक है जो इंसान को बेहतर इंसान बनाए और समाज को नई दिशा दे। अम्बर फाउंडेशन के चेयरमैन वफ़ा अब्बास ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा- यह कार्यक्रम केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि एक आंदोलन है – शिक्षा को सबसे बड़ा सम्मान देने का। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल सिब्ते रज़ी साहब के विश्वासपात्र और सहयोगी मजहर अब्बास रिजवी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा यह समारोह केवल इन छात्रों का नहीं, बल्कि पूरे समाज का सम्मान है। आज इन बच्चों की मेहनत और उनके माता-पिता के त्याग को मंच मिला है। मैं अम्बर फाउंडेशन और चेयरमैन वफ़ा अब्बास साहब को सलाम पेश करता हूँ कि उन्होंने इस दौर में जब सिलेब्रिटी संस्कृति हावी है, तब शिक्षा को महिमा मंडित करने का बीड़ा उठाया है। यही बच्चे कल देश का भविष्य तय करेंगे और हम सबका फ़र्ज़ है कि उन्हें हर मुमकिन सहयोग और मार्गदर्शन दें। अंजुमन वज़ीफाए सादात के सेक्रेट्री श्री जमानत अली, प्रमुख समाजसेवी अली आगा, सोशल रिफॉर्मर समीना खान, और प्रचंड प्रयास संस्था की डायरेक्टर रिम्पी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की सामाजिक सार्थकता को और प्रखर बना दिया।

इस मौके पर बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर तथा अभिभावकों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे एक सकारात्मक सामाजिक संदेश भी गया कि विद्यार्थी की सफलता में उसके माता-पिता की मेहनत और योगदान को भी उतना ही महत्व मिलना चाहिए। कार्यक्रम का कुशल संचालन शाजिया हसन ने किया।

## 'प्रोफेशनल कम्युनिकेशन' कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी एवं एम.ई.ए.एल. विभाग द्वारा प्रोफेशनल कम्युनिकेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अंग्रेज़ी भाषा प्रयोगशाला में किया गया। कार्यशाला का संचालन विभागाध्यक्ष प्रो. तनवीर खदीजा द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को कार्यस्थल पर प्रभावी संवाद कौशल विकसित करने में सहायता प्रदान करना था, जिसमें अंग्रेज़ी बोलने, ईमेल लेखन तथा साक्षात्कार की तैयारी जैसे पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस अवसर पर विभाग की फैकल्टी सदस्य डॉ. शिप्रा सिंह,शिखा सिंह, मानसी बॉस तथा खालिदा ज़िया भी उपस्थित रहीं और उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला में भाषा-लर्निया सॉफ्टवेयर की सहायता से उच्चारण अभ्यास और समूह चर्चा जैसे इंटरैक्टिव अभ्यास शामिल किए गए। प्रो. खदीजा ने कुलगुरु प्रो0 अजय कुमार तनेजा का धन्यवाद देते हुए कहा कि यावसायिक जीवन में सशक्त संवाद कौशल के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि भाषा-लर्निया जैसे तकनीकी उपकरणों की मदद से भाषा सीखना अधिक व्यावहारिक और प्रभावी बन जाता है।

# भाषा वि.वि. में योग उत्सव का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज दिनांक 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग उत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शारीरिक शिक्षा विभाग, एन.एस.एस. तथा स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन तथा कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में विश्वविद्यालय के योग केन्द्र में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत योगाभ्यास सत्र से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समूह में ताड़ासन, भुजंगासन, पद्मासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इस योग सत्र का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक मोहम्मद शारिक एवं डॉ. हसन मेहदी द्वारा किया गया। एन.एस.एस. समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया और योग को स्वस्थ जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

## प्रदेश सरकार में अयोध्या को मिलेगा एक और पथ का तोहफा



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जहां भगवान श्रीराम के जन्म और उनकी लीलाओं की गाथाएं हर कण में बसी हैं, वहां अब एक और भव्य मार्ग का उपहार मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ के बाद अब अयोध्या में भरत पथ का निर्माण प्रस्तावित है। यह नया मार्ग भगवान राम के छोटे भाई और तपस्वी भरत की तपोस्थली भरतकुंड को जोड़ेगा, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में और अधिक सुविधा मिलेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 900 करोड़ रुपये है और इसका प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग ने मुख्यालय को भेज दिया है। यह मार्ग न केवल धार्मिक महत्व को बढ़ाएगा, बल्कि अयोध्या को विश्वस्तरीय धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में और सशक्त करेगा। योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या को वैश्विक धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में विकसित करने का कार्य तेजी से चल रहा है। राम मंदिर के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। देश-विदेश से लाखों लोग रोजाना रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। इस बढ़ती भीड़ को सुगम और सुरक्षित यातायात सुविधाएं प्रदान करने के लिए, सरकार कई मार्गों का निर्माण और चौड़ीकरण कर रही है। राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ, और अब भरत पथ के अलावा पंचकोसी और चौदहकोसी परिक्रमा मार्गों के भी चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। 20 किलोमीटर लंबा होगा भरत पथ भरत पथ की कुल लंबाई 20 किलोमीटर होगी। यह मार्ग राम पथ के किनारे रानोपाली रेलवे क्रॉसिंग से शुरू होकर विद्याकुंड और दर्शननगर होते हुए प्रयागराज हाईवे पर भरतकुंड तक जाएगा। वर्तमान में यह मार्ग टू-लेन है। सड़क के दोनों तरफ 9-9 मीटर चौड़ाई होगी और बीच में 2.5 मीटर का डिवाइडर बनाया जाएगा। इस डिजाइन से मार्ग न केवल सुगम होगा, बल्कि यातायात के दृष्टिकोण से भी सुरक्षित और व्यवस्थित रहेगा। भरत पथ को राम पथ की तर्ज पर भव्य और भक्ति भाव से परिपूर्ण बनाया जाएगा, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगा। भरतकुंड का रामायण में विशेष स्थान है। मान्यता है कि भगवान राम के वनवास के दौरान उनके अनुज भरत ने यहीं 14 वर्षों तक तपस्या की थी। राम के वनवास से लौटने पर उन्होंने यहीं अपने पिता राजा दशरथ का पिंडदान किया था। इस स्थल पर एक पौराणिक सरोवर भी है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र है। पूर्वांचल और प्रयागराज से आने वाले श्रद्धालु इस पवित्र स्थल पर दर्शन-पूजन के लिए विशेष रूप से आते हैं। भरत पथ के निर्माण से इन श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा होगी और अयोध्या की धार्मिक यात्रा और अधिक सुगम हो जाएगी। पथ पर रहेगी आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता एसपी भारती बताया कि भरत पथ के लिए डीपीआर मुख्यालय को भेज दी है।

## भड़ास की निर्भीक पत्रकारिता के 17 वर्ष पूर्ण, अयोध्या में पत्रकारों ने मनाया जश्न



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** बेबाक और निर्भीक पत्रकारिता की प्रतीक मानी जाने वाली मीडिया संस्था भड़ास के 17 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अयोध्या के सर्किट हाउस में पत्रकारों ने हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। वरिष्ठ पत्रकार समीर शाही के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में पत्रकारों ने केक काटकर इस खास मौके को यादगार बनाया।कार्यक्रम का मूल उद्देश्य स्वतंत्र और निडर पत्रकारिता को प्रोत्साहित करना तथा पत्रकारों की आवाज को और अधिक बुलंद करना रहा। इस अवसर पर अयोध्या और आसपास के इलाकों से पत्रकारों और मीडिया संस्थानों से जुड़े कई प्रमुख चेहरे मौजूद रहे।वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश सिंह, करुणाकर दुबे, कुशल चन्द्र मिश्र, रूपेश श्रीवास्तव, राजेन्द्र दुबे, सुबोध श्रीवास्तव, आकाश कुमार, आकाश सोनी, ज्ञानेंद्र मिश्र, प्रशांत शुक्ला,विकास पांडेय, गुलजार और प्रशांत शेखर सहित कई पत्रकारों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।इस अवसर पर वक्ताओं ने भड़ास की पत्रकारिता को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की असली मिसाल बताते हुए कहा कि ऐसे मंचों की आज के समय में अत्यंत आवश्यकता है जो सत्ता से सवाल पूछने का साहस रखते हैं।कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने मीडिया की मौजूदा चुनौतियों और अवसरों पर भी विचार साझा किए और इस बात पर जोर दिया कि निष्पक्षता, निडरता और जनहित पत्रकारिता ही समय की मांग है।

## मां के आंचल में आने से पहले ही थम गई ज्योति के नवजात शिशु की किलकारी

अवधनामा संवाददाता




**अयोध्या।** हर महिला की एक चाहत होती है, कि वह मां बने। उसके आंचल में भी एक लाल आए,उसका आंगन भी बच्चे की किलकारियां गूंजे। किन्तु ज्योति का इस हसरत को पाने का सपना तो टूट ही गया, साथ ही अस्पताल में मिली यातना ने इतना तोड़ दिया कि शायद ज्योति अब मां बनने का कभी सपना भी देखकर सिहर उठे । राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज के बेड पर पड़ी ज्योति प्रसव के दौरान मिले दर्द से राहत पाने के लिए उपचार करा रही है। यह किसी उपन्यास का कथानक नहीं बल्कि एक हकीकत है।ऐसा मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल पर देखने को मिला है। जिसमें स्टाफ नर्स की लापरवाही से एक और दंपति अपने नवजात शिशु से हाथ धो बैठा। पीड़ित ने इसकी शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुशील कुमार बनियान से करते हुए दोषी स्टाफ नर्स के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। किन्तु 13 मई को घटिया इस घटना में अब तक सीएमओ की ओर से जांच कराना तो दूर, लापरवाह संविदा की स्टाफ नर्स ने सीएचसी अधीक्षक की ओर से मांगे गए स्पष्टीकरण का जवाब तक नहीं दिया। एक ओर ज्योति जीवन पाने के लिए जूझ रही है, वहीं सत्ता से जुड़े एक नेता के दबाव में सीएमओ ने पीड़ित की मांग पर खामोशी साध ली है। घटना क्रम के अनुसार सीएमओ को दिए गए शिकायती पत्र में अजीत मौर्य निवासी पूरे मुरावन का पुरवा मोइयाकपूरपुर ने आरोप लगाया है कि पिछले 13 मई को हमारी पत्नी ज्योति मौर्या प्रसव पीड़ा से परेशान थी। जिसको आशा बहू के साथ लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल पहुंचे। जहां स्टाफ नर्स गरिमा गुप्ता मिली और प्रसूता की जांच पड़ताल कर कहा कि नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी और उन्होंने एंचसी में भर्ती कर दिया।

**सीएमओ ने जांच का आश्वासन तो दिया किन्तु कुछ किया नहीं**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार बनियान ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। जांच की जा रही है। मामले में दोषी के ऊपर विभागीय कार्रवाई जरूर की जाएगी। किन्तु अब तक कोई कार्यवाही नहीं की।

## नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, सुनी गई जन समस्याएं



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर स्थित नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज में बुधवार करीब 2ः00 बजे तक जन समस्या से संबंधित संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस, राजस्व विभाग, नगर पंचायत, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे। इस दौरान नगर के तीन दर्जन से अधिक लोगों की मौजूदगी में पुलिस व राजस्व विभाग की 10 शिकायतें प्राप्त हुई। वही बिजली विभाग की 11 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 9 का तत्काल निस्तारण कराया गया।

नगर पंचायत की एक दर्जन शिकायत स्वास्थ्य विभाग से एक भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई। संयुक्त रूप से सुनी गई जन समस्याओं के संबंध में प्राप्त हुए शिकायती प्रार्थना पत्र में टीम गठित कर जांच कर उचित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव, थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा, सीएससी अध्यक्ष डॉ. सुशील सरोज, जेई मिर्जा परवेज हुसैन सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## एनटीपीसी टांडा में बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला 2025 का शुभारंभ




अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) के अंतर्गत बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला 2025 का शुभारंभ 21 मई 2025 को किया गया। यह एक माह की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 21 मई से 16 जून 2025 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें आस-पास के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की 40 बालिकाएं प्रतिभाग कर रही हैं।इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को बहुआयामी विकास के अवसर प्रदान करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अंग्रेज़ी भाषा, कंप्यूटर शिक्षा, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण जागरूकता, योग, मार्शल आर्ट, नृत्य तथा व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।कार्यशाला के प्रथम दिन सभी प्रतिभागी बालिकाओं का पंजीकरण किया गया तथा उन्हें आवश्यक अध्ययन सामग्री, स्टेशनरी और आवश्यकताओं से युक्त एक प्रशिक्षण किट प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मंडल की अन्य वरिष्ठ सदस्याएं एवं एनटीपीसी टांडा के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में स्वच्छता पखवाड़ा - 2025 के अंतर्गत, कार्यशाला में प्रतिभाग कर रही जेम बालिकाओं में स्वच्छता और स्वच्छ आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का मंचन उनके सम्मुख करवाया गया।

## हाईस्कूल के मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



**नौतनवा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्कूल रेडियंश एकेडमी जिगिनिहा बैरियर कोल्हुई बाजार में हाईस्कूल परीक्षा के टापर्स का सम्मान किया गया। सभी टापर्स को सम्मानित करते हुए संस्थान के निदेशक ओ पी त्रिपाठी ने कहा कि हमारे यह बच्चे ही आगे चलकर देश के लिए अच्छे नौकरशाह, वैज्ञानिक, इंजीनियर व राजनीतिज्ञ के रूप में अपना पहचान बनाएंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा में एक एक नंबर प्राप्त करना कितना मुश्किल होता है लेकिन जब हम पढ़े होते हैं तो यह मुश्किल बहुत आसान लगता है बच्चों के स्वागत के क्रम में प्रधानाचार्य वाई चौरसिया ने कहा कि मैं इन बच्चों का सम्मान करते हुए काफी प्रसन्न महसूस कर रहा हूं क्योंकि यह सफलता बच्चों तथा अध्यापकों के मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मैं बच्चों से आगे भी ऐसा ही करने की आशा करता हूं। कार्यक्रम में निदेशक द्वारा बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा मोमेंटम देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने सभी टापर छात्राओं व अध्यापकों को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मानित होने वालों में श्वेता त्रिपाठी 89%, राज आर्यन सिंह 86.8%,उत्सव पटेल 83.2%,अनुराग यादव 79.6%,अनन्त उपाध्याय 77.4%, युवराज मौर्य 76.6%, कीर्ति कसौधन 76% व उनके परिवार के लोग उपस्थित रहे।

## सभी अस्पतालो में स्टाफ अपने निर्धारित ड्रेस कोड का करे पालन, नही तो होगी कार्यवाहीः डीएम

### फतेहपुर तहसील के अंतर्गत सीएचसी घुंघतेर के अधीनस्थ चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** जनपद में जनस्वास्थ्य सेवाओं को जनसामान्य के लिए प्रभावी, सुलभ और संवेदनशील बनाने की दिशा में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा लगातार स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश यादव के साथ तहसील फतेहपुर अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) घुंघतेर के अधीन संचालित चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा कुर्सी, टिकैतगंज, बड्डूपुर और खिझना का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया।जिलाधिकारी ने मौके पर चिकित्सकों की उपस्थिति, मरीजों की संख्या, दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था, रजिस्टर संधारण, और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि कुछ स्थानों पर संस्थागत प्रसव की सुविधा अभी तक आरंभ नहीं हो सकी है, जबकि यह सेवा ग्रामीण महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कुर्सी, टिकैतगंज और खिझना पीएचसी पर त्वरित रूप से संस्थागत प्रसव सेवाएं आरंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पीएचसी में 22 प्रकार की स्वास्थ्य जांच उपलब्ध है इस सभी जांचों के माध्यम से मरीजो का बेहतर इलाज किया जाय साथ ही आने वाले मरीजो को अस्पताल से ही सभी दवाएं उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सबंधित पीएचसी के ग्राम प्रधान व ग्रामीणजनों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर समय से उपचार और आवश्यक दवाएं मिल रही हैं, जिसे लेकर उन्होंने प्रशासन के प्रति संतोष और आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी फतेहपुर सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

**बड्डूपुर पीएचसी पर मिली लापरवाही, वेतन काटने के दिये निर्देश**

बड्डूपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर निरीक्षण के दौरान स्टाफ द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड का पालन न करते हुए बिना एप्रिन के कार्य करते पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने और उनका वेतन बाधित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में अनुशासन व जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है।

**स्वच्छता व व्यवहार को बनाया जाएगा मूल्यांकन का आधार**

निरीक्षण के दौरान सभी चार पीएचसी परिसर की साफ-सफाई, शौचालयों की स्वच्छता और बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को अस्पतालों में एक स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों और स्टाफ को निर्देशित किया कि मरीजों के प्रति उनका व्यवहार संवेदनशील व सहयोगात्मक होना चाहिए। पी0एच0सी0 खिझना के परिसर में छाया पेड़ लगाने के भी निर्देश दिया।

## शौर्य तिरंगा यात्रा में पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे, सभी हुवे एक जुट



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** जैदपुर मे ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने वाली भारतीय सेना के शौर्य को नमन करते हुए बुधवार को जैदपुर में तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई। इन यात्राओं में अखंड भारत की झलक दिखी। जाति धर्म, आयु व वर्ग से परे सर्वसमाज के लोगों ने देश के प्रति समर्पण की भावना दिखाई, और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये गए।शौर्य यात्रा में विधानसभा प्रत्याशी अमरीश रावत, उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अर्जुन कश्यप, व्यापार मंडल महामंत्री अमित निगम, मंडल उपाध्यक्ष रामविलास वर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी, अनुसूचित आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत, एमएलसी अंगद सिंह, जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अर्जुन कश्यप ने कहा कि भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम का परिचय देकर पाकिस्तान को धूल चटाने का काम किया इसलिए इस तिरंगा यात्रा के जरिये लोगों को जागरूक करना जरुरी

## संतोष कुमार शर्मा बने महराजगंज के नए जिलाधिकारी



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश शासन ने मंगलवार को प्रशासनिक फेर बदला करते हुए कई आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस क्रम में महाराजगंज के जिलाधिकारी अनुनय झा को हरदोई का जिलाधिकारी बनाया गया है जबकि अयोध्या नगर निगम के नगर आयुक्त और अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष कुमार शर्मा को महाराजगंज का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। शासन की ओर से जारी आदेश में कुल 14 आईएएस अधिकारियों के तबादला किए गए हैं इनमें से कई को जिला प्रशासन में तो कुछ को शासन स्तर पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है ध्य महाराजगंज में तैनात रहे अनुनय झा जिले में अपने कार्यकाल के दौरान प्रशासनिक कार्यों में सक्रियता दिखाई और आमजन से संवाद स्थापित कर योजनाओं को जमीन पर उतरने की कोशिश की अब उन्हें हरदोई का जिलाधिकारी बनाया गया है वही संतोष कुमार शर्मा को अयोध्या जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक नगर में नगर विकास और तीर्थ परियोजनाओं का अनुभव रहा है माना जा रहा है कि उनका यह अनुभव महाराजगंज में भी विकास कार्यों को गति देने में सहायक साबित होगा प्रशासनिक हलकों में इस बदलाव को महत्वपूर्ण माना जा रहा है ध्य

## ठगी पीड़ितों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने महराजगंज कलेक्ट्रेट पर एकत्रित होकर जिला अध्यक्ष कृष्ण मोहन गुप्ता के अगुवाई में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बड्स एक्ट 2019 को अमल में न लाने के लिए निवेदन किया। तहसील मुख्यालय पर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के राष्ट्रीय संयोजक व संस्थापक मदन लाल आजाद के आह्वान पर धरना प्रदर्शन हुआ है। श्री गुप्ता ने बताया कि पांच लाख से ज्यादा ठगी के शिकार अब तक देश में आत्महत्या कर चुके हैं । फिर भी शासन प्रशासन के कानों पर जूं नहीं रेंग रही। बड्स एक्ट 2019 में इस बात का प्रावधान है कि 180 दिनों में सक्षम अधिकारी या सहायक सक्षम अधिकारी दो से तीन गुना भुगतान करने के लिए अधिकृत हैं। उन्होंने राष्ट्रपति व मुख्य न्यायाधीश से यह मांग किया कि ठगी पीड़ितों की जमा राशि का भुगतान 2 से 3 गुना आवेदन लेकर 180 दिन में कराए ताकि बढ़ती आत्महत्याओं और निवेशक एजेंट के बीच बढ़ रहे गृह युद्ध को भी रोका जा सके।

इस दौरान नर्वदेश्वर पटेल, जिला प्रभारी ठगी जमाकर्ता परिवार, हरिलाल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष, गणेश प्रसाद चौधरी, हीरा वर्मा, दिनेश, जवाहिर प्रसाद, श्रीकांत यादव, महेंद्र, नर्सिंग मौर्य, राजेश, विजय कुमार, रविशंकर विश्वकर्मा, सुदामी देवी, राजकुमारी वर्मा, पवन वर्मा, जगतनारायण वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## समर कैम्प मे बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को सामने आने का अवसर प्रदान होताः रामलली

अवधनामा संवाददाता



**मसौली बाराबंकी।** समर कैंप बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का एक शानदार अवसर है। यह उन्हें नई कलाओं, कौशल और रुचियों से परिचित कराता है। इसके माध्यम से बच्चे अपने व्यक्तित्व में सुधार कर सकते हैं और खुद को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं उक्त बाते बुधवार को ग्रीष्म कालीन अवकाश मे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सफदरगंज मे समर कैंप का शुभारंभ करते हुए ग्राम प्रधान रामलली ने कही। समर कैम्प मे प्रतिभागी बालिकाओं एवं शिक्षकों से रूबरू होते हुए ग्राम प्रधान रामलली ने कहा कि समर कैम्प मे बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को सामने आने का अवसर प्रदान होता है। साथ ही यह भी कहा कि इस इस तरह की गतिविधियों से बच्चों का स्कूल आने में भी मन भी लगता है और वे शिक्षा के साथ-साथ अन्य कार्यों को भी सीखते है।कॉलेज की प्रधानाचार्य अर्चना पाण्डेय ने बताया कि ग्रीष्म कालीन समर कैंप में बच्चों के अन्दर की प्रतिभाओं को बाहर निकालने पर ध्यान केंद्रित किया गया तथा चित्रकला, योग,कम्प्यूटर, इंग्लिश स्पीकिंग, डांस, गायन, कठपुतली, मेहंदी आदि के बारे मे प्रेरित किया गया।साथ मे बच्चों को अपने माता पिता व बड़ों का आदर करने के साथ-साथ उन्हें अच्छे संस्कार भी दिए गए। पढ़ना ही जीवन का मूल उद्देश्य नहीं है इसके साथ आचरण भी अच्छा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चों को खेल खेल में यह गुण सिखाया गया। समर कैम्प के प्रथम दिन योगाभ्यास रस्सा कसी म्यूजिकल चेयर आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए इसके साथ ही मैं हूं देशज मैं भी हूं लेखक एवं स्व परिचय कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने अपनी मौलिक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की एवं लोकगीत का गायन भी प्रस्तुत किया बच्चों ने भी इस समर कैंप का खूब लुत्फ उठाया। इस कैंप को सफल बनाने व बच्चों को नई चीजें सिखाने के लिए स्कूल की शिक्षिकाओं ने पूर्ण सहयोग दिया।

## वनटांगिया गांवों में स्टेट बैंक की सीएसआर पहल से जगी नई रोशनीः पंकज चौधरी

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।**भारतीय स्टेट बैंक की सीएसआर पहल के अंतर्गत महराजगंज जनपद के सभी 18 वनटांगिया गांव अब विद्युत एवं सोलर हाई मास्ट लाइटों की दूधिया रोशनी से जगमग हो उठे हैं। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बुधवार को नगर के एक मैरिज हाल में आयोजित सामाजिक सहायता कार्यक्रम में यह जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि वनटांगिया समुदाय वर्षों से वनों की देखभाल एवं वृक्षारोपण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि 1860 से इन लोगों द्वारा वनों का रोपण किया जाता रहा है और 1890 में इन्हें बर्मा (म्यांमार) में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। साखू और सागौन के वृक्षारोपण में इनकी विशेषज्ञता रही है। 1984 में नई वन नीति के तहत पेड़ों की कटाई पर रोक लगने के बाद वनटांगिया समाज ने अपने अधिकारों के लिए आंदोलन शुरू किया। वर्षों चले कानूनी संघर्ष के बाद हाईकोर्ट ने इनके पक्ष में निर्णय दिया। स्टेट बैंक की सीएसआर योजना के तहत श्री भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के प्रस्ताव पर इन गांवों में 18 विद्युत और 12 सोलर हाई मास्ट लाइटें लगाई गईं।केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि हथियहवां व कंपार्ट 24 में तीन-तीन, बलुअहिया व तिनकोनिया में दो-दो, दौलतपुर, कंपार्ट 26-27, कंपार्ट 28, उस्हहवा, बेलासपुर, बरहवां चंदनचापी, भारी भैंसी, सुरपार, खुर्रामपुर में दो-दो तथा अचलगढ़ व कानपुर दर्रा में एक-एक विद्युत सेमी हाई मास्ट लाइट लगाई गई है। इस पहल से अब जंगली जानवरों के हमलों से सुरक्षा मिलेगी और ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधरेगा। स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि केंद्रीय मंत्री की स्वीकृति एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में उच्च गुणवत्ता की लाइटें लगाई गई है।

वनटांगिया समिति के मंडल अध्यक्ष जयराम, नूर मोहम्मद, रमाशंकर, सूर्यभान आदि ने केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि इससे ग्रामीणों का जीवन आसान होगा। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय, विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, जय मंगल कनौजिया, बलराम भट्ट, दिनेश चंद्र त्रिपाठी, शांति शरण मिश्रा, सुनील मिश्रा सहित वनटांगिया के ग्रामीण उपस्थित रहे।

**बे-दखली सूचना**

मैं भैरोमगन उम्र लगभग 70 वर्षीय अपने होशहवास में अपने पुत्र सुनील उम्र लगभग 24 जो बिना बताये घर से चला गया था। जिसको मैने अपनी सम्पति व घर से बेदखल करता हूं। आज से मेरा और मेरे परिवार से उसका कोई सरोकार नही है उसके द्वारा किये गए समस्त कृत्यों की ज़िम्मेदारी मेरी नही होगी।

प्रार्थी
भैरोमगन
निवासी ग्राम भवनियापुर पोस्ट हथौंधा थाना रामसनेहीघाट जनपद, बाराबंकी

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम जिला कृषि अधिकारी द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी ने किसानो से कहा कि आप लोगो की जो भी शिकायते है उसे लिखित में दे जिससे समस्याओ का निस्तारण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानो द्वारा की जा रही मांग को समय से पूर्ण कराये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया। सभी अधिकारीगण किसानों की समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण करायें। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने सम्बन्धित को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को संबधित अधिकारियों को प्रेषित करके उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराये। भारत सरकार/उ0प्र0 सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिया कि किसान दिवस में सभी अधिकारी उपस्थित रहना चाहिए। उप कृषि निदेशक द्वारा बैठक में आए हुए समस्त अधिकारीगण व सम्मानित कृषको को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई राजेश कुमार, तथा किसान यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं किसान व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पत्नी ने थाने पर दिया पति की गायब होने की तहरीर

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली लोटन क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत बड़हरा की एक महिला ने थाने पर तहरीर देकर कहा है कि मेरे पति रवि प्रकाश पाण्डेय पुत्र निरंकार पाण्डेय 14 मई 2025 को रोजी रोटी के लिए अहमदाबाद जा रहे थे। गोरखपुर पहुंचे तो उन्होंने अपने मोबाइल से फोन किये और कहां की मै गोरखपुर पहुच गया हू।फिर निकलेंगे तो फोन करेंगे लेकिन फिर दुबारा उनसे बात नहीं हुई फोन लगा रहे है तो मेरे पति का फोन बंद बता रहा है और अहमदाबाद जिस कम्पनी में काम करते थे वहा पता किया तो वहा भी नही पहुचे है। अगर किसी व्यक्ति को दिखाई दे तो इस नम्बर पर 9695131338 बता सकते है एसी दसा मे आवश्यक कार्रवाई करते रिपोर्ट दर्ज किया जाये। थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज का कहना है कि प्रार्थना पत्र एक महिला द्वारा दिया गया है की हमारे पति का पता नही चल रहा है उसके बाद हमारे द्वारा सर्विस लांश पर नम्बर डाल कर पता किया जा रहा है जैसे ही पता चलेगा परिवार को अवगत करा दिया जाएगा।



# समर कैंप में विभिन्न कलाओं और जीवन कौशल से रूबरू होगी छात्राएं

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत डुमरियागंज में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में 21 मई से समर कैंप का आयोजन शुरू। इस

**राजकीय कन्या इंटर कॉलेज डुमरियागंज में 10 जून तक आयोजित किया जाएगा समर कैंप**

समर कैंप के बच्चे नियमित पढ़ाई से हटकर विभिन्न कलाओं और जीवन कौशल से रूबरू होंगे। कैंप के माध्यम से छात्राएं डिजिटल कौशल के साथ ही शारीरिक व मानसिक दक्षता बढ़ाएंगी। विभाग की ओर से प्रिंसिपल को सुझावात्मक गतिविधि जारी की गई है। इसमें जहां छात्राएं खेल-खेल में विज्ञान व प्रौद्योगिकी के साथ ही संगीत व रंगमंच और नाटक से जुड़ेंगी। वहीं, ऑनलाइन विज्ञान प्रयोग समेत गतिविधियों की जानकारी हासिल करेंगी। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज डुमारियागंज में समर कैंप में पहले दिन बुधवार को छात्राओं को योगासन, अनुलोम - विलोम, मकरासन, कपालभांति, सूर्य नमस्कार कराया और सिखाया गया। उसके बाद छात्राओं को भेलपुरी और चिक्की वितरित किए गये। अन्य कार्यक्रम में रस्सी कूद और म्यूजिकल चेयर खेल का आयोजन किया गया। जिसमें में छात्राओं के साथ -साथ शिक्षिकाओं ने भी प्रतिभाग किया। प्रिंसिपल रजनी पांडेय ने बताया कि कॉलेज में समर कैंप का आयोजन 10 जून तक किया जाएगा। कैंप के लिए बजट जारी किया गया है। परियोजना कार्यालय की ओर से सुझावात्मक गतिविधियां जारी की गई है। इसके आधार पर ही बच्चों के लिए योग व फिटनेस, हमारी सांस्कृतिक विरासत, समाज में मेरा योगदान, डिजिटल कौशल एवं स्मार्ट कक्षा गतिविधि, पर्यावरण व बागवानी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रगति, कक्षा में रचनात्मक गतिविधियां, राष्ट्रीय एकता, जल व उर्जा संरक्षण, संगीत, रंगमंच, नाटक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। बच्चे पहले दिन सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, श्वास अभ्यास, जम्पिंग जैक, हूपर हॉप, फिटनेस रिले गेम्स जैसे टीम आधारित दौड़, बाधा दौड़ और इनडोर और आउट डोर के खेल में प्रतिभाग करेंगी। लोकनृत्य पारंपरिक परिधान, लोक कथाएं हस्तशिल्प कला समेत कई अन्य गतिविधियों में भाग ले सकेंगी। समर कैंप में शिक्षिका विनीता भारती, सुनीता देवी, पूनम वर्मा, हाजरा खातून, अन्नपूर्णा गुलिस्ता फारुकी आदि उपस्थित रही।





## डीएम ने बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर0 द्वारा पंचायत भवन नगवा, विकास खण्ड बांसी पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सी.एच.ओ., एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थी। जिलाधिकारी द्वारा कार्ड पर आर.सी.एच. नम्बर न लिखे जाने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्ड पर आर.सी.एच. नम्बर लिखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आर.सी.एच. नम्बर दर्ज न होने पर प्रसव के उपरान्मत दी जाने प्रोत्साहन राशि नही मिलेगा। इसके साथ ही एचआरपी रजिस्टर, गर्भवती महिला पंजाकरण रजिस्टर आदि को देखा गया। 07 गर्भवती महिलाये पंजीकृत थी। बाहर की महिलाओं की इंट्री नही की गयी थी जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी नाम दर्ज किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा ए.एन.एम. का रजिस्टर एक समान होना चाहिए। 25 बच्चों का टीकाकरण होना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पोषाहार का वितरण बीएचएनडी दिवस में करे। सीएच.ओ.. को नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिला का गोद भराई कराया गया। आंगनबाड़ी एवं आशा दीदी को निर्देश दिया कि गांव में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओ एवं बच्चों को सूचित करें। एएनएम को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा तथा गर्भवती महिला जांच एवं टीकाकरण से छूटना नही चाहिए।

## भारतीय ओवरलोड मालवाहक ट्रक को नेपाल प्रवेश पर रोक

**महराजगंज अवधनामा संवाददाता।** भारत नेपाल सीमा सोनौली बॉर्डर से नेपाल जाने वाले भारतीय ओवरलोड ट्रक पर नेपाल प्रशासन ने रोक लगाने के निर्देश दिए है। डीएम रूपनदेही बासुदेव धिमिरे ने भैरहवा कस्टम कार्यालय, परिवहन प्रबंधन कार्यालय, बुटवल (सवारी), प्रतिनिधि-जिला पुलिस कार्यालय, रूपन्देही, प्रतिनिधि-यातायात पुलिस कार्यालय, रूपन्देही प्रतिनिधि परिवहन व्यवसायी संघ को पत्र जारी कर ओवर लोड वाहनो को कड़ाई से रोकने के निर्देश दिए है। बिकरन थापा प्रशासनिक अधिकारी रूपनदेही ने बुधवार की दोपहर बताया कि पिछले कुछ समय से सोनौली बेलहिया चेकप्वाइंट के माध्यम से नेपाल में प्रवेश करने वाले वाहन और जिले के विभिन्न उद्योगों से अन्य स्थानों पर माल परिवहन करने वाले वाहन सड़कों और वाहनों की वहन क्षमता से अधिक भार लादकर परिवहन कर रहे हैं, जो माल वाहनों के लोडिंग विनियमन संबंधी दिशा-निर्देश, 2074 बी.एस. के विपरीत है। निर्धारित भार से अधिक भार ढोने वाले वाहनों के कारण कुछ सड़क पुल टूट गए हैं तथा सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।



# समर कैम्प के आयोजन से छात्र-छात्राओं के अंदर होगा रचनात्मक क्षमताओं का विकास

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शासन के निर्देश पर बुधवार 21 मई से 10 जून तक ब्लाक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के समस्त परिषदीय विद्यालयों व कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समर शिविर कैंप का शुभारंभ किया गया।

कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा , में युवा समाजसेवी विनोद कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण,पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर समर शिविर कैम्प का शुभारंभ किया। जिसमें बच्चों ने खेल-खेल में तकनीकी और विभिन्न कौशल सीखा। बच्चों के व्यक्तित्व के समग्र विकास हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुक्रम में कक्षा 6 से 8 में अध्ययनरत बच्चों के लिए 21 मई से 10 जून तक समर शिविर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बच्चों को प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियां और कौशल सिखाए जाएंगे। जिसके क्रम में बुधवार को ब्लाक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के समस्त विद्यालयों में बच्चों को योगा से संबंधित गतिविधियां कराई गई। कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा में समर शिविर कैंप का उद्घाटन युवा समाजसेवी विनोद कुमार गुप्ता व ब्लाक व्यायाम शिक्षक मुस्तन शेरुल्लाह ने किया। विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि समर शिविर कैंप का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, शारीरिक क्षमता और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाना है। जिसका शुभारंभ प्रतिदिन सुबह योग एवं योगा से होगा।

इस दौरान विनोद कुमार गुप्ता, प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार, मुस्तन शेरुल्लाह, राकेश कुमार, मोहन आदि व अध्यापकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आज पुण्यतिथि है। राजीव गांधी एक दूरदर्शी व्यक्ति थे। उक्त बातें बुधवार को हल्लौर में कांग्रेस के युवा नेता आसिफ के घर पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि के दौरान कहीं। इस मौके पर कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, के किसानों के लिए किए गये योगदान को याद किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता आसिफ़ रिज़वी ने कहा युवाओं को सशक्त, स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाने की उनकी नीतियों ने भारत को तकनीकी और डिजिटल युग की ओर अग्रसर किया। उनके ऐतिहासिक निर्णयों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त, सुदृढ़ और सम्मानित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा दिखाई। देश उनके अद्वितीय समर्पण के लिए सदैव ऋणी रहेगा। इस मौके पर प्रदीप कुमार, वाल्मीकि, अरमान, राशिद, शाद, शिबू, राजू रज़ा, अब्बास हैदर आदि मौजूद रहे।

## जेई की तबादला के लिए ग्राम प्रधान ने डीपीआरओ को लिखा प्रार्थना पत्र



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बांसी ब्लॉक क्षेत्र के तेजगढ़ गांव में जेई के क्रिया कलापों से ग्राम प्रधान असंतुष्ट हैं। इसको लेकर ग्राम प्रधान उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दे कर जेई की तबादला की मांग कर रही हैं। लेकिन अभी तक उनको न्याय नहीं मिला। क्षेत्र के तेजगढ़ गांव की प्रधान इंद्रावती देवी ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देखकर आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में तैनात जेई शिवम् सिंह द्वारा ग्राम पंचायत में करवाए गए काम के पश्चात लागत से कम स्टीमेट बनाते हैं। जिससे काम मानक के अनुरूप नहीं हो पा रहा है। ग्राम प्रधान इंद्रावती देवी ने बताया कि ग्राम सभा में तैनात जेई शिवम सिंह द्वारा कमीशन के रूप में 5000 की मांग की गई जा रही थीं। ग्राम प्रधान द्वारा रूपये न देने के लिए मना करने पर जेई शिवम सिंह ग्राम सभा में हो रहे विकास में व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं। ग्राम प्रधान तेजगढ़ ने डीपीआरओ से मांग किया हैं कि मेरे ग्राम सभा से जेई शिवम सिंह का तबादला करके अन्य जेई की तैनाती किया जाए। ताकि विकास कार्य की गति में व्यवधान उत्पन्न न हो। इस संबंध में डीपीआरओ ने बताया कि मामले की जानकारी है। निम्न प्रकरण में अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जांच करके उचित कार्यवाही करें।

## उत्तर प्रदेश क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में तेजी से अग्रसर



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** स्वस्थ नागरिक राष्ट्र की समृद्धि के आधार स्तम्भ होते है। किसी भी देश व प्रदेश की प्रगति का मापदण्ड उसमे निवास करने वाले नागरिक के स्वास्थ्य की स्थिति से ही जाना जाता है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने क्षयरोग मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये है। प्रदेश में क्षय रोगियों को बेहतर आधुनिक जाँच उपलब्ध कराने हेतु प्रयोगशाला नेटवर्क का विस्तार किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 926 नैट मशीनें एवं 14 कल्चर डीएसटी प्रयोगशाला के द्वारा प्रदेश के क्षय रोगियों को निःशुल्क जाँच सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश में 25 नोडल ड्रग रेजिस्टेन्ट टीबी केंद्र एवं 56 जनपदीय ड्रग रेजिस्टेन्ट टीबी केंद्र दवा प्रतिरोधी टीबी का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। नोडल डी0आर0टी0बी0 सेन्टरों में एमडीआर/एक्सडीआर क्षय रोगियों हेतु बीडाक्यूलीन एवं डिलामिनिड आधार रेजीमेन उपचार हेतु उपलब्ध है। वर्ष 2024 में एक्टिव केस फाइंडिंग गतिविधि अभियान के दौरान कुल 15,321 टीबी के मामलों को डायग्नोज एवं उनका उपचार किया गया है। साथ ही 2.45 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग करते हुए 90 हजार नये टीबी मरीजो की पहचान करते हुए इलाज शुरू किया गया है। टी0बी0 मुक्त स्थिति की दिशा में प्रगति के प्रमाणन के तहत 7 जिलों हापुड़, कौशांबी, संत रविदास नगर, शामली, बलरामपुर, उन्नाव, सोनभद्र को कांस्य पदक में और 04 जिलों जालौन, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, पीलीभीत को रजत पदक से वर्ष 2022-23 में भारत सरकार द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च, 2023 के अवसर पर सम्मानित किया है।

# समर कैंप से बच्चों का होगा चतुर्दिक विकास: श्यामधनी

## प्राथमिक विद्यालय भिटिया में विधायक ने किया समर कैंप का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता




**उसका बाजार सिद्धार्थनगर।** छात्र छात्राओं को केवल किताबी ज्ञान ही नही देना है बल्कि उनके चतुर्दिक विकास पर ध्यान देना होगा। समर कैंप से छात्रों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में मदद मिलेगी। इससे उन्हें जीवन में आने वाली कठिनाई से निपटने में आसानी होगी।

उक्त बातें कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय भिटिया में आयोजित समर कैंप के उद्घाटन के उपरांत कही। कहा कि ऐसे आयोजन पहले प्राइवेट स्कूलों में हुआ करते थे, जब से भाजपा की सरकार बनी है तभी से शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा के क्षेत्र आमूल चूल परिवर्तन आया है। इसके उपरांत विद्यालय प्रांगण में बरगद प्रजाति का पौधरोपण किया। बीईओ ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया कि विकास क्षेत्र के सभी उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया गया है। इससे शिक्षक-विद्यार्थी आत्मीय सम्बन्ध तथा सामुदायिक सहभागिता बढ़ा सकेंगे और इनमें सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित हो सकेगी। खेलकूद, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनका समग्र विकास होगा। इस दौरान सतीश चौधरी, मंटू विश्वकर्मा, कनक त्रिपाठी, अभय श्रीवास्तव, शिवपाल सिंह, रूपेश सिंह, सुभाष जायसवाल, प्रमोद त्रिपाठी, आशुतोष उपाध्याय, शिवाकांत दुबे, मनोज कुमार, बालजीत कुमार, प्रदीप जायसवाल, रामचंद्र यादव, अतुल वर्मा, उमेश कुमार, अनुपम कुंवर, अनिल पांडेय, राजेश कुमार, आनंद सुमन आदि मौजूद रहे।

## राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलवारी में हुआ समर कैप का शुभारम्भ



**कुदरहा बस्ती अवधनामा संवाददाता।** बहादुरपुर विकास क्षेत्र के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलवारी एहतमाली में इक्कीस दिवसीय समर कैंप का शुभारम्भ बुधवार को सुबह सात बजे विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार गोंड ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया।उन्होंने छात्रों को समर कैंप के बारे जानकारी दिया। जिसमें तमाम छात्र व शिक्षक उपस्थित रहे। समर कैंप के नोडल अधिकारी कृष्ण गोपाल वर्मा ने बताया कि इसमें छात्रों को सुबह सात से दस बजे तक छात्रों को योगाभ्यास करवाया जाता है।इसका उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक सोच विकसित करना टीम वर्क,आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास करना सामाजिक ,सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित करना है। इसके साथ रंगोली ,मिट्टी कला, कैरियर गाइडेंस की गतिविधि, कंप्यूटर पार्ट टूल्स टाइपिंग की जानकारी ,पेपर मैशे एवं चित्रकला किचन गार्डन ,आरोग्य वाटिका बनवाना आदि के बारे में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां बताया जायेगा।

## डीएम ने किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने विकास खण्ड सॉऊघाट क्षेत्र में स्थित गुरू वशिष्ट प्रेरणा लघु उद्योग, दरौली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि प्लान्ट चालू हालात में है तथा प्लान्ट में आटा बेसन हलवा प्रीमिक्स की पैकेजिंग की जा रही है। नोडल सतीश कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि फण्ड विलम्ब से मिलने के कारण प्लान्ट चलने में विलम्ब हुआ है एवं ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण विद्युत 14 घन्टे ही आती है, जिसके कारण प्लान्ट को जनरेटर से चलाया जाता है, जिसमें डीजल बहुत अधिक लगता है, जिसका भुगतान करने में कठिनाई होती है।

## सैफाबाद में पंच कुंडीय यज्ञ का आयोजन



**कुदरहा, बस्ती।** बहादुरपुर विकास क्षेत्र के सैफाबाद गांव में बुधवार को पंच कुंडीय यज्ञ का अनुष्ठान आयोजित हुआ। जिसमें गांव व क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु शामिल हुए। आचार्य बृजेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, संजय गुप्ता, सुरेश अग्रहरि की टोली के द्वारा आगामी नवंबर माह में 151 कुंडीय यज्ञ अनुष्ठान के उपलक्ष्य में गांव गांव घर घर पंचकुंडीय यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। जिससे तहत पंच कुंडीय यज्ञ अनुष्ठान में गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ आहुति डाली और प्रसाद ग्रहण किया। आचार्य बृजेश गुप्ता ने यज्ञ में शामिल लोगों को अनुष्ठान के महत्व को बताया और नशा उन्मूलन व परिवार निर्माण पर विशेष रुप चर्चा किया। कार्यक्रम आयोजक राम कमल सिंह, विनोद सिंह, कौशलेंद्र प्रताप सिंह,राघवेन्द्र सिंह, दीपू, अर्जुन प्रसाद, अरविंद, डब्ल्यू मौर्या,जय प्रकाश यादव, देव प्रभाकर उपाध्याय, गुड्डू सिंह, गोलू सहित तमाम लोग शामिल हुए।

# भाकियू के तहसील अध्यक्ष की अध्यक्षता में मासिक बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** भारतीय किसान यूनियन बांसी तहसील ईकाई की मासिक बैठक तहसील कार्यालय परिसर में बुधवार को तहसील अध्यक्ष घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में किसानों से संबंधित समस्याओं पर विचार कर समाधान के लिए बारह सूत्री ज्ञापन सौंपा गया।

बैठक में तहसील परिसर के अन्तर्गत साईकिल स्टैंड के नाम जो किसानो से अवैध वसूली की जा रही है उक्त साईकिल स्टैंड का ठेका अविलंब निरस्त किया जाय, बांसी तहसील अन्तर्गत खेसरहा ब्लाक मे सकारपार चौराहे के आस पास एक गौशाला का निर्माण करवाया जाय जिससे उस क्षेत्र के किसानो का फसल छुट्टा पशुओं से बचाया जा सके, बॉसी धानी मार्ग पर सरकारी बस चलवाया जाय जिससे यात्रियों को गोरखपुर जाने मे सुविधा मिल सके और मनमानी किराया वसूली पर रोक लग सके, बॉसी तहसील अन्तर्गत सभी कोटेदारों के द्वारा प्रति यूनिट एक किलो राशन कम दिया जाता है जिस पर रोक लगाया जाय और जॉच करके उचित कार्यवाही किया जाये सम्पूर्ण तहसील के किसानो की खतौनी मे हिस्साकसी गलत कर दिया गया है जिससे तहसील के सभी मजदूर व किसान प्रभावित हो रहे है। गांव मे कैम्प लगा कर सभी किसानो की खतौनी सही कराया जाय, जब तक सही नही होता है तब तक रजिस्ट्री आफिस मे रजिस्ट्री पर रोक लगाया जाय , सम्पूर्ण तहसील मे किसान धान की नर्सरी डालने जा रहा है गर्मी को देखते हुए तहसील के सभी ट्यूबल सही कराया जाय तथा नहरों का पानी टेल तक पहुंचाया जाय। जिससे किसान किसान काला नमक व अन्य धान की खेती समय कर कर सके इसके अलावा अन्य कई मामलों पर विचार किया जाय। बैठक में हरिश्चंद्र चौधरी, अनिल कुमार मौर्य, उपेंद्र यादव, राजाराम लोधी, हरिश्चंद्र, देवीदीन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# थाना प्रभारी ने अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस पर की पार्टी

### चाय पार्टी के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस के मौके पर बुधवार को थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज ने कहा कि कई लोग अपने दिन की शुरुआत चाय से करते है। उन्हें अपना दिन चाय के बिना अधुरा लगता है लेकिन सही मात्रा में और सही तरीके से चाय फायदेमंद साबित हो सकता है।चाय दिवस हर वर्ष 21 मई को मनाया जाता है।

इस दौरान हम अपने थाने के कर्मचारियों के लिए एक चाय पार्टी का आयोजन रखे है ताकी इस आयोजन से कर्मचारियों के बीच सौहार्द को बढ़ावा दिया जाए ।सभी ने एक साथ चाय का आनंद लेते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण चर्चा की ताकी लोटन थाना क्षेत्र में किसी भी नागरिक को कोई समस्या न हो नही हम सब के बीच रह रहे कर्मचारी को कोई दिक्कत हो दिक्कत आने पर कैसे समाधान हो कर्मचारियों की व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और उनके समाधान के लिए संभावित उपायों पर विचार-विमर्श किया जिससे कार्य में मजबूती मिल सके।चाय दिवस पहल केवल चाय के सांस्कृतिक महत्व को नही बढ़ावा मिलेगा बल्कि टीम को मजबूती भी मिलेगी साथ ही साथ एकता और अखंडता कायम रहेगी।इस दौरान उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पासवान, उप निरीक्षक भीम सिंह, उप निरीक्षक दिनेश चन्द्र मिश्रा, हेड कांस्टेबल धीरेज पाण्डेय, अजय कुमार, कांस्टेबल मुन्सी अबरार अहमद, लक्ष्मण, संजय गुप्ता, सद्दाम हुसैन, बुद्धेश कुमार, सुनील दत्त यादव, नेहा तिवारी, पूजा वर्मा, संगीता देवी आदि मौजूद रहे।

## बारात नहीं, कूटनीति है

शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के संसदीय दल के नेता संजय राउत कह रहे हैं कि यह बारात भेजने की जरूरत नहीं है। यह सिर्फ 'टूरिज्म प्रोग्राम' चल रहा है।' कांग्रेस दो बिंदुओं पर अटकी है। वह राष्ट्रपति ट्रंप को 'अमरीकी पापा' और 'अमरीकी फूफा' कहते हुए युद्धविराम पर सवाल पूछ रही है। क्या ऐसा तंज कूटनीति में उचित और स्वीकार्य है? लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार पूछ रहे हैं कि हमारे कितने लड़ाकू विमान नष्ट हुए? पाकिस्तान को हमले से पहले जानकारी देकर सचेत करना विदेश मंत्री जयशंकर की चूक नहीं, एक अपराध है। प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि देश को जानने का अधिकार है। विपक्षी खेमे में कांग्रेस के साथी दलों-सपा, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार), झारखंड मुक्ति मोर्चा, नेशनल कॉन्फ्रेंस-को मौजूदा संवेदनशील दौर में भारत सरकार के निर्णयों पर आपत्ति नहीं है और वे सवाल, संदेह जताने के बजाय 'राष्ट्रीय एकजुटता' का प्रदर्शन कर रहे हैं। कुछ 'काली भेड़ें' हैं, जिनके दलों के सांसद 'विशेष प्रतिनिधिमंडलों' के साथ विदेश भेजे जा रहे हैं। क्या यह प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक विवशता है कि उन्हें 33 देशों के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए विपक्षी सांसदों और नेताओं का सहारा लेना पड़ रहा है? यह संदर्भ राजनीतिक दलों और विपक्ष का नहीं है, बल्कि राष्ट्र भारत का है। प्रतिनिधिमंडल 'भारत के राजदूत' हैं, किसी दल-विशेष के सांसद या नेता नहीं हैं। क्या इन प्रतिनिधिमंडलों को 'बारात' माना जा सकता है? इतनी क्षुद्र और घटिया राजनीति करने की विवशता क्या है? देश के विदेश सचिव विक्रम मिसरी तक स्पष्ट कर चुके हैं कि विदेश मंत्री ने ऐसा बयान नहीं दिया। पाकिस्तान को इतना सचेत नहीं किया गया कि हाफिज सईद, मसूद अजहर, सैयद सलाहुद्दीन, लखवी सरीखे खूंखार आतंकवादी भाग कर किसी सुरक्षित पनाहगाह में शरण ले सकें। वे निश्चित तौर पर हमारी सेनाओं के निशाने पर हैं। पाकिस्तान में आजकल अज्ञात हमलावर भी खूब सक्रिय हैं, पाकिस्तान और कांग्रेस को यह भूलना नहीं चाहिए। सवाल है कि कांग्रेस बार-बार ऐसे बयान देकर देश को भ्रमित करने पर क्यों आमादा है? सेना के आधार पर हमारे सैन्य संचालन के तीनों महानिदेशकों ने भी ब्रीफ किया था कि हमारे सभी पायलट सकुशल घर लौट आए हैं। जाहिर है कि लड़ाकू विमान भी सुरक्षित लौट आए होंगे! फिर कांग्रेस और राहुल गांधी इस बयान को क्यों दोहरा रहे हैं कि पाकिस्तान को हमले की पूर्व जानकारी थी, लिहाजा हमने कुछ लड़ाकू विमान खोए होंगे! विडंबना यह है कि इधर कांग्रेस जो बयान दे रही है, उधर पाकिस्तान मीडिया की वे सुर्खियां बने हैं। ऐसी ही फर्जी खबरें सोशल मीडिया पर चलाई जा रही हैं कि पाकिस्तान की वायुसेना ने भारत के 5 राफेल विमान धराशायी कर दिए। वहां के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ संसद में भी यही बयान देते हैं और खबर का आधार सोशल मीडिया बताते हैं। ऐसे मंत्रियों को चुल्लू भर पानी भी नहीं मिलना चाहिए। सवाल यह भी है कि कांग्रेस भारत सरकार के साथ खड़ी है अथवा पाकिस्तानी खबरों की सूत्र बनी है? बहरहाल जब भारत सरकार पाकपरस्त आतंकवाद और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दुनिया के प्रमुख देशों को ब्रीफ करने के लिए 59 सांसदों-नेताओं के सात प्रतिनिधिमंडल भेज रही है, तब क्या दोगली राजनीति होनी चाहिए? हम पाकिस्तान के आतंकवादी चरित्र को नंगा करना चाहते हैं और हमारा ही राजनीतिक उथलापन दुनिया के सामने है। शर्मिन्दगी की बात है। शेष विश्व क्या सोचेगा? कांग्रेस की तरफ से शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद, अमर सिंह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के हिस्सा हैं।

## मज़हबी झगड़ों का देश की तरक्की पर असर



सैयद एम अली तक़वी

भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहां अलग-अलग मजहबों, संस्कृतियों और परंपराओं का संगम है, धार्मिक एकता, मोहब्बत और सहिष्णुता राष्ट्रीय प्रगति की आधारशिला होनी चाहिए। हालांकि, मज़हबी झगड़े और तनाव समय-समय पर समाज को बांटते करते हैं और देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक तरक्की पर नकारात्मक असर डालते हैं। मज़हबी झगड़ों के कई कारण होते हैं। जिहालत और गलतफहमियां जिसमें धार्मिक ग्रंथों और परंपराओं की गलत व्याख्या अक्सर लोगों के बीच तनाव को पैदा करती हैं। गलत ख़बरें और अफवाहें इस चीज़ को और बढ़ावा देती हैं।

सियासी इस्तेमाल के तहत कुछ राजनीतिक समूह अपने हितों को साधने के लिए मजहब का इस्तेमाल करते हैं, जिससे सामाजिक तनाव बढ़ता है।आर्थिक संसाधनों तक असमान पहुंच और सामाजिक असमानता मज़हबी समूहों के बीच तनाव को बढ़ा सकती है। इसके अलावा विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच ऐतिहासिक और सामाजिक भेदभाव भी झगड़ों का कारण बनता है। इन सब चीजों से देश की तरक्की पर बुरा असर पड़ता है। सबसे पहले सामाजिक एकता पर प्रभाव पड़ता है। मज़हबी झगड़े सामाजिक एकता को कमजोर करते हैं। जब लोग धर्म के आधार पर बंट जाते हैं, तो आपसी यक़ीन और सहयोग की भावना कम होती है। इससे सामुदायिक विकास कार्य और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर असर पड़ता है। इसके अलावा आर्थिक नुकसान भी होता है जिसमें उत्पादकता में कमी आती है। दंगे और हिंसा के कारण कार्यस्थलों और व्यवसायों में रुकावट आती है, जिससे आर्थिक उत्पादकता कम होती है। साथ ही साथ इन हरकतों से निवेश पर भी बुरा असर पड़ता है। धार्मिक अस्थिरता के कारण विदेशी और घरेलू निवेशक निवेश करने से हिचकते हैं, क्योंकि वे सुरक्षा और स्थिरता को प्राथमिकता देते हैं। इसके अलावा हिंसा और अशांति को नियंत्रित करने में सरकारी संसाधनों का बड़ा हिस्सा खर्च होता है, जिसका इस्तेमाल और विकास कार्यों में हो सकता था। इस तरह की बेहूदा हरकतों का शिक्षा और विकास पर भी बुरा असर होता है। मज़हबी तनाव के कारण स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थान अक्सर बंद रहते हैं, जिससे शिक्षा पर असर पड़ता है। इसके अलावा, युवाओं में कट्टरता और असहिष्णुता की भावना बढ़ने से समाज का बौद्धिक और नैतिक विकास रुकता है। जब समाज की तरक्की रुक जाती है तो फिर देश कभी तरक्की नहीं कर पता है। इसके अलावा इसका सबसे बुरा असर देश की राजनीति पर भी पड़ता है और देश की राजनीति और अस्थिर हो जाती है। धार्मिक झगड़े सरकार की नीतियों और प्रशासन पर दबाव डालते हैं। इससे सरकार का ध्यान विकास कार्यों से हटकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर केंद्रित हो जाता है, जो आगे आने वाली तरक्की को रोकता है इस तरह की चीजों को रोकने के लिए बहुत सारे तरीके हैं जिसको हमें अपनाना चाहिए। सबसे पहले मज़हबी सहिष्णुता और समझ को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों और समुदायों में शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। अलग-अलग मजहबी समुदायों के बीच संवाद को बढ़ाना चाहिए। सामुदायिक नेताओं और धार्मिक गुरुओं को शांति और एकता के लिए काम करना चाहिए। हिंसा और भेदभाव को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। मज़हब के आधार पर भेदभाव नहीं करना चाहिए। आर्थिक और सामाजिक असमानताओं को कम करने के लिए नीतियां बनानी चाहिए, ताकि सभी मज़हब और समुदायों को समान अवसर मिलें। इसके अलावा इसका एक सबसे जिम्मेदार पहलू है मीडिया।मीडिया को जिम्मेदारी के साथ सकारात्मक और एकजुट करने वाली खबरें प्रसारित करनी चाहिए, न कि सनसनीखेज और विभाजनकारी सामग्री, झूठ और टीआरपी को बटोरने वाली चीजें। मज़हबी झगड़े न केवल सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करते हैं, बल्कि देश की आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक प्रगति को भी बाधित करते हैं। भारत जैसे बहु-धार्मिक और बहु-सांस्कृतिक देश में, सभी समुदायों को एकजुट होकर शांति और सहयोग के साथ आगे बढ़ना होगा। शिक्षा, संवाद और समानता के माध्यम से हम इन झगड़ों को कम कर सकते हैं और एक मज़बूत, समृद्ध, एकजुट और प्रगतिशील राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,


# प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास



ओमप्रकाश 'सुमन'

**जैव विविधता का अर्थ है किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र में मौजूद जीवों की संख्या और विविधता। इसमें विभिन्न पौधे, जानवर, सूक्ष्म जीव उनके जीन और उनके द्वारा निर्मित पारिस्थितिक तंत्र शामिल हैं ।यह एक क्षेत्रमें जीवन की विविधता को दर्शाता है जिसमें अलग-अलग प्रजाति की संख्या, प्रत्येक प्रजाति के भीतर अनुवांशिक विविधता, -और पारिस्थितिक तंत्र की विविधता शामिल है जहां वे रहते हैं। इसके भी कई प्रकार होते है जीवन की विविधता जैव विविधता का अर्थ है विभिन्न जीवों की विविधता जिसमें पौधे, जानवर सूक्ष्म जीव और कवक शामिल हैं। पारिस्थितिक तंत्र-जैव विविधता में विभिन्न पारिस्थितिकी तंत्र की विविधता भी शामिल है जैसे कि जंगल, घास के मैदान और महासागर।**

अनुवांशिक विविधता - प्रत्येक प्रजाति के भीतर आनुवांशिक विविधता जो एक प्रजाति को विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुकूल होने में मदद करती है, भी जैव विविधता का हिस्सा है। विश्व में सभी देशों जैव विविधता नहीं पायी जाती है विश्व के कुल 17 देश हैं जो महाविविधता वाले हैं? इनमे ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, चीन ,कोलंबिया, इक्वाडोर, संयुक्त राज्य अमेरिका, फिलीपींस, भारत, इडोनेशिया ,मलेशिया, मेक्सिको, पापुआ न्यू गिनी , पेरू, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, दक्षिण अफ्रीका एवं वेनेजुएला हैं।





संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 8 फरवरी 2001 को जैव विविधता के मुद्दोंके बारे में समझ और जागरूकता बढ़ाने के लिए 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के रूप में घोषित किया है। ताकि जैव विविधता के महत्व, समझ व संरक्षण के बारे मे जागरूकता बढ़ाई जा सके। जैव विविधता की शुरुआत के संबंध में जैव विविधता शब्द का प्रयोग 1988 में अमेरिकी कीट विज्ञानी एडवर्ड ओ. विल्सन द्वारा किया था गया था। बाद में आईएसपीआरए द्वारा अपनाया गया। ग्रह पर जीवन रूपों की विविधता को संदर्भित करता है जिसमें पौधे, जानवरों, कवक ओर सूक्ष्म जीवों की सभी प्रजातियां साथ ही उनके बीच मौजूद परिस्थितिक अंत-क्रियायें शामिल है। भारत में जैविक विविधता अधिनियम 2002 में जैविक अधिनियम जैविक विविधता के संरक्षण के लिए संसद द्वारा पारित एक अधिनियम में भारत में राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण और राज्य जैविक विविधता बोर्ड जो राष्ट्रीय जब विविधता एन बी ए एक वैधानिक स्वायत्त निकाय है जिसका मुख्यालय चेन्नई में है ।पर्यावरण और वन मंत्रालय भारत सरकार के तहत अधिनियमों एवं राधे धनु प्रावधानों को लागू करने के लिए 2003 में स्थापित किया गया। भारत भर में 3574 जैविक प्रबंधन समितियां, (प्रत्येक स्थानीय निकाय के लिए) के साथ-साथ 28 राज्यों राज्य जैव विविधता बोर्ड बनाए गए हैं। जैव विविधता का संरक्षण कई तरह से लाभ प्रद है । यह जलवायु परिवर्तन से लड़ने, नए औषधीय पौधों की खोज में मदद करता है और स्थाई विकास को बढ़ावा देता है। इस के अतिरिक्त यह पारिस्थितिक तंत्र को स्वस्थ रखता है और भोजन ,जल, और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों को सुनिश्चित करता है और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव में मदद करता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करता है जैव विविधता संरक्षण जल वायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में मदद करता है। कि पेड़ पौधे और जंगल का कार्बन डाईऑक्साइड को अव शोषित करते हैं ।जिससे ग्लोबल वार्मिंग कम होती है। विविध पारिस्थिकी तंत्र बारिश को नियंत्रित करनी के साथ बाढ़ सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं को किया कम किया जा सकता है। नये औषधीय पौधों की खोज- जैव विविधता में नए पौधे और जड़ी बूटियों की खोज से हमें नहीं औषधियां मिल सकती हैं। कई बीमारियों के इलाज में औषधीय पौधों का उपयोग किया जाता है। स्थाई विकास को बढ़ावा जैव विविधता का संरक्षण अस्थाई विकास को बढ़ावा देता है। पारिस्थितिकी तंत्र की सेवाएं जैव-विविधता पारिस्थितिक तंत्र सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला का समर्थन करती हे जो मानव कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है इन सेवाओं में स्वच्छ हवा और पानी फसलों का परागण जलवायु का विनियमन पोषक चक्रण वाढ़ नियंत्रण आदि बहुत कुछ शामिल है । जैव विविधता का संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है।

# अविश्वसनीय पाकिस्तान और डोनाल्ड ट्रंप का अमेरिका

यह बात एकदम सार्वजनिक एवं सर्वविदित है की स्वतंत्रता के बाद से पाकिस्तान धार्मिक कट्टरता एवं आतंकवाद का पोषक देश बनकर उभरा है और तब से ही भारत के विरोध में अमेरिका चीन और गल्फ देशों का समर्थन प्राप्त कर भारत की सीमा में आतंकवादी गतिविधि संचालित करता आया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद युद्ध स्थगन के बाद पाकिस्तान ने जो अपनी तरफ से भारत की शर्तों में संधि वार्ता की है वह अति अविश्वसनीय है। सीजफायर के बाद 3 घंटे में ही उसने उसका उल्लंघन कर भारत अधिकृत कश्मीर तथा पंजाब में ड्रोन से आतंकी हमले किए हैं इसके अलावा भारत एवं पाकिस्तान के बीच अनेक संधि तथा समझौते हुए जिनका खुला उल्लंघन पाकिस्तान ने किया है इसी तरह अमेरिका ने भी भारत को ऐतिहासिक तौर पर धोखा दिया है।



संजीव ठाकुर



भारत चीन युद्ध और भारत-पाकिस्तान युद्ध में अमेरिका ने हमेशा चीन तथा पाकिस्तान का जोर शोर से साथ दिया है। इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के साथ ही उनके द्वारा घोषित आक्रामक नीति तथा बदलाव के चलते न सिर्फ अमेरिका के जनजीवन का हर पहलू प्रभावित हुआ है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हर देश को अपनी नीतियों से आलोचक बनाने के साथ-साथ आश्चर्यचकित भी किया है। इतिहास में ट्रंप ने संयुक्त राज्य अमेरिका मैं अपनी आक्रामक नीति और ध्रुवीकरण से अपने सभी पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों को बहुत पीछे छोड़ दिया है दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ऐसे परिवर्तनों की झड़ी लगा दी है जिससे न सिर्फ अमेरिका का जीवन परिदृश्य बदल गया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सभी देशों को आश्चर्यचकित करने के साथ-साथ बड़ा आलोचक बना दिया है। वाशिंगटन पोस्ट ओं न्यूयॉर्क टाइम्स ने ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के 100 दिनों का विश्लेषण किया है समाचार पत्र कहते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल का उपयोग अस्थिर कच्ची राजनीतिक शक्ति का प्रयोग करने और देश को अपनी छवि बदलने की इरादे से कई नियमों को तोड़ मरोड़ कर बदल दिया है। अमेरिका ने इसके पूर्व कभी ऐसी राजनीतिक शक्ति को नहीं देखा है। ट्रंप के बदलाव का असर अर्थव्यवस्था,राष्ट्रीयता शिक्षा एवं व्यापार पर पड़ा है। ट्रंप के इस व्यवहार से उनके सहयोगी देशों और और कट्टर दुश्मन देश को अचंभित कर दिया है। भारतीय संदर्भ में लिया जाए तो डोनाल्ड ट्रंप ने टेरिफ नीति में भारत के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है और बड़ा नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर में भी गलत बयानी देकर पूरे विश्व को भारत का विरोध करते देखा गया है। इसके पूर्व अमेरिका को भारत मित्र की तरफ पेश आता रहा है लेकिन अमेरिका प्रमाणिक तौर पर ट्रंप के शासनकाल में धोखेबाजी का प्रतीक चिन्ह बन गया है। जबकि दूसरी तरफ चीन पाकिस्तान युद्ध में रूस भारत के साथ एक सच्चे मित्र की तरह डटकर सामने खड़ा रहा है इसी तरह ऑपरेशन सिंदूर के समय भी रूस के द्वारा भेजी गई रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान को पस्त कर दिया, पहलगाम में 27 निर्दोष लोगों की हत्या के बाद आतंकवादी पोषक नापाक पाकिस्तान के विरोध में रूस तथा इसराइल खुलकर भारत के समर्थन में आए किंतु अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़बोलापन दिखाकर गलत बयानबाजी कर विश्व में अपनी भारत विरोधी नीति को स्पष्ट कर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को अमेरिका के प्रयासों से ही लगभग 1अरब डॉलर्स की मदद इंटरनेशनल मोनेटरी फंड से दिलवाई गई। जिसका निश्चित तौर पर पाकिस्तान आतंकवादी गतिविधियों में ही करने वाला है। इस मदद का भारत के आक्रमण से मरे 100 आतंकवादियों को एक-एक करोड़ रुपए देने का निर्णय भी पाकिस्तान सरकार ने निर्णय लिया है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बीच आईएमएफ की तरफ से पाकिस्तान को एक अरब डॉलर की सहायता दिए जाने की विरोध में यह कहते हुए बैठक से बहिर्गमन किया था कि इस राशि का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने में किया जाता है। अब इसी पैकेज की अगली किस लिए जाने के लिए पाकिस्तान को 17600 अरब डॉलर के नए बजट को संसद की मंजूरी, नई शर्तों के जुड़ने से आईएमएफ की वित्तीय सहायता पाने के लिए पाकिस्तान पर कुल शर्तें अब बढ़कर 50 हो गई हैं एव इंटरनेशनल मोनेटरी फंड ने अपनी तरफ से कहा है कि पाकिस्तान को उसके सहायता कार्यक्रम के अनुरूप आर्थिक सुधार लागू करने होंगे। भारत के रक्षा मंत्री ने कहा है की आईएफ को पाकिस्तान को दिए जाने वाले आर्थिक प्रयोजन एवं मदद को तत्काल रोकना होगा क्योंकि पाकिस्तान को किसी भी तरह की आर्थिक मदद सीधे तौर पर स्पष्ट रूप से टेररिस्ट फंडिंग होगी। और इस फंड का इस्तेमाल पाकिस्तान भारत समेत विश्व के अन्य देशों के खिलाफ उपयोग करेगा। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर करके पाकिस्तान के लिए ऐसा सबक सिखाया है जो उसकी आने वाली पीढ़ी भी याद रखेगी। भारत की तरफ से कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं स्थगित किया गया है अब यदि पाकिस्तान युद्ध में विराम तोड़ेगा तो इस युद्ध के हालात माने जाएंगे और भारत किसका बहुत खड़ा जवाब देने वाला है। वैसे चीन अमेरिका और पाकिस्तान कभी भी विश्वास पात्र देश नहीं रहे हैं और इसमें विशेष तौर पर हमारा निकटस्त पड़ोसी पाकिस्तान सदैव भारत को पल-पल धोखा देता आया है लेकिन अब पाकिस्तान के अंदरूनी हालात ऐसे खराब हैं कि अब पाकिस्तान आने वाले वर्षों में अपने अस्तित्व को बचा नहीं पाएगा इसका एक बड़ा कारण पाकिस्तान में आंतरिक विद्रोह भी है बलूचिस्तान बहुत जल्दी आजाद होने वाला उसके साथ ही सिंध प्रांत में भी विद्रोह के स्वर उभरने लगे हैं, पाकिस्तान सेना पूरी तरह कमजोर हो चुकी है और पाकिस्तान का प्रशासनिक नियंत्रण साफ तौर पर उनके फौजी जनरल और नए बने फील्ड मार्शल असीम मुनीर के हाथों में चला गया है। अमेरिका तथा पाकिस्तान का किसी भी स्तर पर विश्वास किया जाना कतई उचित नहीं होगा।

# कोरोना के प्रकोप की भारत सहित विश्व में फिर से आहट



किशन सनमुखदास भावनानीं

**वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश अभी तक कोरोना वायरस (कोविड-19) की महामारी को भूल नहीं पाए है, या यूं कहें कि संभल नहीं पाए हैं,इस बीच कोरोना महामारी के अनेक वेरिएंट आ चुके है,लेकिन अभी मई माह में जो फिर से कोरोना वायरस की आहट हुई है यह कोविड -19 तुल्य है,ऐसी जानकारी मीडिया में आ रही है हालांकि इसका अधिक प्रकोप अभी खासकर हांगकांग सिंगापुर थाईलैंड में स्थिति चिंताजनक होती जा रही है क्योंकि संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में भी 19 मई 2025 तक 257 केस आ चुके हैं, जिससे शासन प्रशासन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरहसे अलर्ट मोड में आ गए हैं,हालांकि सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां कोरोना की इस आहट को हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं,सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक हाई-लेवल रिव्यू मीटिंग बुलाई जिसमें एनसीडीसी, आईसीएमआर, डिसास्टर मैनेजमेंट सेल और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों ने भाग लिया।**



मीटिंग के बाद अधिकारियों ने बताया कि देश में कोविड की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, भारत का इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम और आईसीएमआर के नेतृत्व में चल रहे जीनोम सीक्वेंसिंग कार्यक्रम लगातार कोरोना और अन्य श्वसन संक्रमणों पर नजर बनाए हुए हैं, मंत्रालय ने साफ किया है कि फिलहाल यह चिंता की बात नहीं है, लेकिन सतर्कता ज़रूरी है,देश की स्वास्थ्य व्यवस्थाकिसी भी संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए तैयार है, परंतु इस बीच दिनांक 20-21मई 2025 की मध्यरात्रि में जिनेवा में चल रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन के विश्व स्वास्थ्य सभा 19, से 27 मई 2025 के 78 वें सत्र में सभा के सभी सदस्यों की आपसी 3 वर्षों की बातचीत के उपरांत भविष्य की महामारी में मिलकर तैयारी करने का समझौता हो गया है, जो रेखांकित करने वाली बात है मेरा मानना है कि अब पूरी दुनियाँ की कोई भी महामारी आ जाए तो अगर पूरा विश्व एक साथ एक दूसरे का सहयोग कर उसका मुकाबला करेगा तो वह कोविड-19 जैसी किसी भी महामारी का गंभीरता से मुकाबला करेगा तो उस महामारी को मैदान छोड़कर भागना ही पड़ेगा यह होता है एक और एक 11 की ताकत का सटीक कमाल। चूँकि कोरोना महामारी कोविड -19 के प्रभाव की आहट फिर भारत सहित कुछ देशों में हो चुकी है, व तीव्रता से संक्रमण शुरू हो गया है तथा विश्व स्वास्थ्य सभा के 78 वें सत्र में भविष्य की महामारियों से एक जुट से लड़ने का ऐतिहासिक समझौता अब हो चुका है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वैश्विक स्तरपर मास्क सैनिटाइजर की फिर आदत फ़िर डालना,भीड़भाड़ वाली जगह व किसी भी अपवाह या डर का शिकार न होना सभी के लिए जरूरी है। साथियों बात अगर हम कोविड -19 महामारी के भारत में पैर पसारने की करें तो,हालांकि भारत में अभी मामलों की संख्या कम है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो ट्रेंड दिख रहा है, वह चिंताजनक है। अगर सही समय पर कदम नहीं उठाए गए, तो भारत भी इस नई लहर की चपेट में आ सकता है, विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में टीकाकरण का प्रभाव अब कम होने लगा है, बूस्टर डोज की जरूरत एक बार फिर बढ़ गई है, लेकिन लोग इसमें ढिलाई बरत रहे हैं।विशेषज्ञों का कहना है बच्चों बुजुर्गों, 65 साल से ऊपर के लोगों, और जिनकी इम्युनिटी पहले से कमजोर है, उन्हें यह संक्रमण तेजी से पकड़ सकता है,साथ ही मौसमी बदलाव, सामाजिक मेल जोल और अंतरराष्ट्रीय यात्रा भी इसके प्रसार को बढ़ावा दे रहे हैं अभी हुई बैठक में नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, इमरजेंसी मेडिकल रिलीफ डिवीजन, डिजास्टर मैनेजमेंट सेल, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञ मौजूद थे आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह निष्कर्ष निकाला गया न कि भारत में कोविड-19 स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। सूत्र ने बताया,19 मई 2025 तक भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 257 है। देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत आंकड़ा कम है। इनमें से लगभग सभी मामले ज्यादा गंभीर नहीं हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत भी नहीं है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बढ़ते मामलों को देखते हुए व्यापक तैयारी की जाए।स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक भारत में 12 मई से अब तक 164 मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे अधिक 69 मामले, तो वहीं महाराष्ट्र में 44 और तमिलनाडु में 34 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा कर्नाटक में कोविड-19 के 8 नए मामले, गुजरात में 6 और दिल्ली में 3 मामले सामने आए।हरियाणा, राजस्थान और सिक्किम में एक-एक नया मामला सामने आया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक है।इन घटनाक्रमों के मद्देनजर, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपातकालीन चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों की समीक्षा बैठक बुलाई गई, बैठक में निष्कर्ष निकाला गया कि भारत में वर्तमान कोविड-19 स्थिति नियंत्रण में है. 19 मई, 2025 तक, भारत में सक्रिय कोविड-19 मामलों की संख्या 257 है, जो देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत कम आंकड़ा है, इनमें से लगभग सभी मामले हल्के हैं, जिनमें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं है।हालांकि सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां कोरोना की इस आहट को हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं,मीटिंग के बाद अधिकारियों ने बताया कि देश में कोविड की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है. भारत का इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम और आईसीएम आर के नेतृत्व में चल रहे जीनोम सीक्वेंसिंग कार्यक्रम लगातार कोरोना और अन्य श्वसन संक्रमणों पर नजर बनाए हुए हैं, मंत्रालय ने साफ किया है कि फिलहाल यह चिंता की बात नहीं है, लेकिन सतर्कता ज़रूरी है, देश की स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए तैयार है।अगर फ्लू जैसे लक्षण हों तो टेस्ट कराएं, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए,मास्क और सैनिटाइज़र की आदत फिर से डालें, खासकर भीड़भाड़ वाली जगहों पर,किसी भी अफवाह या डर का शिकार न बनें, लेकिन सतर्क जरूर रहें। साथियों बात अगर हम सिंगापुर हांगकांग थाईलैंड में कोरोना वायरस (कोविड-19) के अति तीव्रता से संक्रमण की करें तो, कोरोना वायरस एक बार फिर डराने लगा है, ऐसा लग रहा है कि कुछ समय की राहत के बाद वायरस फिर से पैर पसारने लगा है, एशिया के कई देशों मेंकोविड के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं, खासकर हांगकांग, सिंगापुर और थाईलैंड में स्थिति चिंताजनक होती जा रही है. इन देशों में संक्रमितों की संख्या में तेज़ इज़ाफा हुआ है।

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह चौहान ने संगोष्ठी को संबोधित किया

# महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल थी अहिल्याबाई होलकर

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह चौहान लोकमता रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित प्रबुद्ध जनों की संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक ने की। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने कहा भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है एक महिला के रूप में न्याय प्रिय शासन देकर रानी अहिल्याबाई होल्कर ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज किया है। उन्हें लोकमाता कहा जाता है विदेशी आक्रमण कार्यों द्वारा जब भारतीय संस्कृति और उनके मंदिरों पर हमले हुए तब रानी अहिल्याबाई होल्कर ने ऐसी सांस्कृतिक धरोहरों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया। भारत के 1000 मंदिरों का जीणोद्धार करके भारतीय संस्कृति को सहजने का कार्य किया। आजादी के बाद जो सरकार भारत में बनी उन सरकारों ने उनके इतिहास और कार्यों को छुपाने का कार्य किया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ एवं केदारनाथ में रानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को स्थापित करके उनके आदर्शों को जीवंत करने का कार्य किया। वह महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल थी उनके शासन में एक गाय के बछड़े की मृत्यु हो जाने पर अपने ही पुत्र को मृत्यु दंड देने का आदेश दिया था ऐसी महान शिव भक्त विरले ही होते हैं। सनातन संस्कृति की रक्षा और सुरक्षा के लिए न्याय का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा न्याय ऐसा होना चाहिए जब कोई हमारे साथ गलत करें तो उसका बदला भी ऑपरेशन सिंदूर जैसा ही हो। भारतीय जनता पार्टी रानी अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों एवं कार्यों को जन-जन तक ले जाने का कार्य करेगी। अमृतपुर विधायक सुशील शक ने कहा भारत की आजादी के बाद देश में सत्ता में आई कांग्रेस और उसके समर्थित सरकारों ने भारतीय संस्कृति एवं महापुरुषों के इतिहास के साथ छेड़छाड़ की। भाजपा संगठन एवं सरकार ने रानी अहिल्याबाई होल्कर जैसे महापुरुषों के बारे में उनके विचार एवं आदर्श को नई पीढ़ी को बताने का कार्य किया है।

## जिले में संचालित दो शैल्टर होम व वृद्धाश्रम का हुआ निरीक्षण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार विगत 20 को न्यायिक अधिकारियों ने जिले में संचालित दो शैल्टर होम राठ रोड में संचालित ''वृद्धाश्रम'' एवं मु0 लहरियापुरवा स्थित ''आश्रय-गृह'' का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बहुत बारीकी से व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी कर्मचारीगण को दिये। न्यायिक अधिकारियों ने उक्त दोनों आश्रय स्थलों में रह रहे आश्रितों के रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी व्यवस्थाओं को जांचा-परखा। सबसे पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा राठ रोड उरई में स्वैच्छिक संस्था शिवा ग्रामोत्थान सेवा संस्था, एफ-473 गुजैनी रतनलाल नगर, कानपुर नगर के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान 119 संवासी उपस्थित मिले। उपस्थित पंजिका के अनुसार एक कर्मचारी को छोड़कर सभी कर्मचारीगण उपस्थित मिले। वृद्धाश्रम की संवासियों से पूछा गया कि उन्हे चाय-नाश्ता और सुबह-शाम का भोजन समय से मिल रहा है या नहीं, इस पर संवासियों द्वारा बताया गया कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार मिल रहा हैं। वृद्धाश्रम की मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर स्टाफ नर्स उपस्थित थीं। संवासियों की चिकित्सा/ प्राथमिक उपचार हेतु डिस्पेन्सरी में आवश्यक दवायें मिली। पूछे जाने पर किसी भी संवासी द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई।

## समाजवादी शिक्षक सभा द्वारा पीडीए पंचायत कडिउल्ली में संपन्न हुई



**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी शिक्षक सभा के तत्वावधान में कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के कड़िउल्ली ग्राम में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने की। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पूर्व मंत्री एवं कायमगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सर्वेश अंबेडकर ने शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संगठन को और अधिक सक्रिय व एकजुट करने की आवश्यकता पर बल दिया। जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने शिक्षक सभा को बूथ स्तर तक सशक्त करने की बात कही। डॉ. हरिओम यादव ने अपने संबोधन में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग को संगठित करने की दिशा में विचार रखे। उन्होंने कहा कि यही वर्ग समाजवादी आंदोलन की रीढ़ है और इन्हें संगठित किए बिना सामाजिक न्याय संभव नहीं। कार्यक्रम में बाबा साहब वाहिनी के जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी, रामवीर कश्यप व ग्राम पंचायत कडिउल्ली के मौजूदा प्रधान प्रमुख समाज सेवी शैलेंद्र सिंह यादव सहित कई प्रमुख शिक्षक एवं समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैंक ऑफ़ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैंक ऑफ़ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) फर्रुखाबाद की मार्च 2025 की त्रैमासिक जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे आरसेटी संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिसमे आरसेटी निदेशक द्वारा बताया गया की आरसेटी संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 28 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 903 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया। बैठक में आरसेटी निदेशक द्वारा वार्षिक कार्य योजना 2025-26 के अनुमोदन के लिए महोदय से अनुरोध किया गया इस पर महोदय ने वार्षिक कार्य योजना 2025-26 में सेलफ़ोन रिपेरिंग, ए.सी. एंड रेफ्रिजरेशन रिपेयरिंग, प्लम्बरिंग, कंप्यूटर बेसिक के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अपनी वार्षिक कार्य योजना 2025-26 में शामिल कर अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित करने व सभी अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के ऋण आवेदन कराने के लिए निर्देशित किया।

## पुलिस व एण्टी व्हीकल थेफ्ट टीम द्वारा एक शातिर चोर किया गिरफ्तार, एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जनपद में समन कुमार पुत्र कमलेश सिह निवासी गाँव दरवपुर पोस्ट पिलुआ थाना पिलुआ जिला एटा द्वारा थाना बन्नादेवी अलीगढ पर सूचना दी कि दिनांक 17/18.05.25 की रात्रि 02.00 बजे सूतमिल चौराहा से अज्ञात चोर द्वारा आवेदक की कार शिफ्ट डिजायर न0 यूपी 82 बीटी 0656 चोरी कर ली गई। वही पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय राजीव द्विवेदी के पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक थाना बन्नादेवी व एण्टी व्हीकल थेफ्ट टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त शाहनवाज उर्फ शहनवाज पुत्र हाजी रफकी निवासी म0 नं0- 369,348 मौहल्ला करीमपुरा गली रामपुर रोड कस्बा व थाना कोतवाली हापुड जिला हापुड हाल निवासी यादव होटल के पास टेन्ट वाली गली गुलावटी बुलन्दशहर को मय चोरी की एक कार स्विफ्ट डिजायर रजि0 न0 यूपी 82 बीटी 0656 रंग सफेद के साथ अलीगढ- बुलन्दशहर बोर्डर पर बाग में से गिरफ्तार किया गया

## अलीगढ़ शासकीय अधिवक्ता के शोषण से परेशान महिला ने चलाई चप्पल

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** न्यायालय जो की न्याय का मंदिर होता हैं वही



शोषण से परेशान महिलाएं न्याय के लिए अधिवक्ता के पास जाती हैं परंतु जब अधिवक्ता ही शोषण करने लगे तो महिलाएं कोर्ट के लिए कहां जाएंगी। ऐसा ही मामला जनपद में देखने को मिला जिसमें की पिछले दिनों एक महिला अपने अधिवक्ता ललित पुंढीर जो की कहने को तो शासकीय अधिवक्ता है परंतु उन्होंने है न्याय की आस में आई महिला के साथ ही शोषण करना शुरू कर दिया। इस बात का खुलासा तब हुआ जब अधिवक्ता ललित पुंढीर ने हर बार की तरह उस महिला को एक होटल में बुलाया लेकिन महिला आने में लेट हो गई तो ललित पुंढीर ने महिला पर गालियों की बरसात करदी। फिर क्या था महिला को यह बर्दाशत नहीं हुआ और महिला ने अधिवक्ता पर चप्पलों की बरसात करदी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ। जानकारी अनुसार महिला दिल्ली के अस्पताल से एमबीबीएस कर रही है। महिला ने बताया कि ललित पुंढीर आए दिन किसी न किसी बहाने उसको बुलाते रहते थे। वही इस बारे में शासकीय अधिवक्ता ललित पुंढीर से जब बात की गई तो उनका कहना था कि महिला से हमारा पर्सनल मैटर था और हमारा समझोता हो गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि आखिर महिला ने इतना ड्रामा क्यों किया जब पर्सनल मैटर था। यह भी अवगत कराना है कि शासकीय अधिवक्ता को प्रदेश सरकार नामित करती हैं। पर जब पास्को एक्ट कोर्ट में तैनात अधिवक्ता ही इस प्रकार की घिनौनी हरकत करेंगे तो महिलाओ को क्या न्याय मिलेगा। अब देखना होगा कि महिलाओं की हितेसी सरकार ऐसे अधिवक्ता पर क्या कार्यवाही करेगी यह समय बताएगा। क्या सरकार ऐसे अधिवक्ता का शासकीय होडा खत्म कर हाई कोर्ट को लिखेगी।

## विद्यालय जा रही छात्रा के साथ युवकों ने की छेड़छाड़

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** विद्यालय जा रही किशोरी छात्रा के साथ 6 युवकों द्वारा छेड़छाड़ ,गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों में से चार लोगों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया है।

विदित हो कि बीते मंगलवार को मालीपुर थाना क्षेत्र की एक 12 वर्ष की छात्रा स्कूल पढ़ने के लिए जा रही थी तभी रास्ते में आधा दर्जन 6 लोगों ने उसके साथ छेड़खानी करने के साथ साथ भद्दी भद्दी गाली तथा जान से मारने की धमकी दिया था तत्पश्चात छात्रा ने विद्यालय पहुंचकर प्रधानाचार्या से आप बीती बतायी तत्पश्चात छात्रा के परिजन को बुलाकर मामले से अवगत कराया गया पीड़ित पिता ने मालीपुर थाना पहुंचकर पांच ज्ञात और एक अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दिया और पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया।

## उरई में विकास को नई गति : जल शक्ति मंत्री ने करोड़ों की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) श्री स्वतंत्र देव सिंह ने उरई विकास प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी भवन में विधिवत लोकार्पण किया।

मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जी ने कहा कि योगी सरकार सबका साथ, सबका विकास की भावना से प्रदेश के हर क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करा रही है और यह लोकार्पण उसी का उदाहरण है। इस अवसर पर मंत्री जी ने कुल रु. 1.48 करोड़ से अधिक की लागत वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। रु. 39.42 लाख की लागत से राठ-अजनारी लिंक रोड से अजय यादव के घर होते हुए बलवीर सिंह सेंगर, इन्द्रा नगर तक सीसी रोड एवं नाली का निर्माण। रु. 24.07 लाख की लागत से धर्मा पैलेस के पास से रामेश्वर गुबरेले और प्रभा श्रीवास्तव के मकान तक लगभग 215 मीटर सीसी रोड व नाली निर्माण। रु. 16.51 लाख की लागत से कालपी रोड पर चौरासी मोड़ से रीना सिंह के मकान तक सीसी रोड और नाली निर्माण। रु. 11.37 लाख की लागत से झांसी-कानपुर रोड एनएच-25 से श्रीकांत तिवारी के मकान होते हुए गिरजा शंकर के मकान तक सीसी रोड निर्माण। रु. 9.68 लाख की लागत से वार्ड नंबर 9 इखलासपुरा बाईपास से संजीव चंसौलिया के मकान तक सीसी रोड का निर्माण।

इसके अतिरिक्त रु. 47.21 लाख की लागत से एनआईसी गेट से ऑफीसर कॉलोनी धर्मा पैलेस होते हुए जालौन-चुर्खी बाईपास तक सड़क के दोनों ओर जिग जैग क्रम में सिंगल आर्म स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का भी लोकार्पण करते हुए स्विच ऑन कर संचालन प्रारंभ किया गया।

## आबकारी विभाग ने किया औचक निरीक्षण

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं



जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद श्री जी0पी0गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 21/05/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 मय स्टाफ एवं कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर शिकायत का निस्तारण किया गया। तत्पश्चात जनपद अंतर्गत आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, pos से बिक्री, online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## स्वर्ण व्यवसायी बन्धुओं की बैठक



**शोहरतगढ़ अवधनामा संवाददाता।** इंडो नेपाल बॉर्डर पर स्थित पुलिस चौकी खुनुवा पर शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने व्यापार मंडल एवं स्वर्ण व्यवसाई तथा संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर वर्तमान में भारत नेपाल खुली सीमा होने के कारण संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त आने जाने वाले लोगों के संबंध में चर्चा की तथा स्वर्ण व्यवसायी बन्धुओं को उनकी सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के उपरांत इंडो नेपाल खुनुवा बार्डर पर पुलिस पीएसी एसएसबी के साथ जॉइंट पेट्रोलिंग किया। इस दौरान शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, पुलिस चौकी प्रभारी खुनुवा,सुधीर कुमार तिवारी गुड्डू गुप्ता, दिनेश गुप्ता, दीपू तिवारी, बहरैची बाबा,सुनील मिश्रा अमन कसौधन मोजूद रहे।

# एमजीयूजी में दो केंद्रों पर हुई दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षा

### फार्मेसी, कृषि और संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में सत्र 2025-26 में दूसरे चरण के अंतर्गत फार्मेसी संकाय, कृषि संकाय व संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर के दो केंद्रों नर्सिंग व पैरामेडिकल संकाय तथा गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में सकुशल संपन्न हुई।

प्रवेश परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षार्थियों के लिए सहायता केंद्र, अभिभावकों के लिए परिसर में जल के साथ गुड़, वाहनों के लिए समुचित पार्किंग, निशुल्क स्वस्थ्य जांच और आपात स्थिति के लिए सम्पूर्ण चिकित्सीय प्रबंध कर रखे थे। प्रवेश परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने परीक्षा केंद्रों समेत समस्त महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर परीक्षा के कुशल क्रियान्वयन हेतु जरूरी दिशानिर्देश दिए। प्रवेश परीक्षा समिति के समन्वयक डॉ. शशिकांत सिंह ने बताया कि बुधवार को हुई प्रवेश परीक्षा में 92 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। डॉ. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रमों एएनएम, डिप्लोमा लैब टेक्नीशियन, इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्री, ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, डायलीसिस टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, बीबीए ऑनर्स लॉजिस्टिक्स और पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा 25 मई को होगी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि मनायी

**गोरखपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि सहजनवा कैंप कार्यालय पर मनाई गई। जिसमें तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी श्रवण पांडे ने राजीव गांधी के किए हुए कृतियों के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी उन्होंने कहा की राजीव गांधी पंचायती राज को सशक्त किया। युवाओं को 21 से 18 वर्ष की आयु में ही मतदान करने का व्यवस्था किए। कंप्यूटर का उसी दौर में जब देश में पूरे विश्व में कंप्यूटर का उद्भव हो रहा था तब उन्होंने एक दूरदर्शी सोच के तहत भारत को भी कंप्यूटर के उद्भव में लाया और आज पूरा देश इसका लाभ ले रहा है। ईमानदार और बहुत ही सज्जन व्यक्तित्व वाले महान पुरुष थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल प्रजापति ने किया। तथा कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला महासचिव घटित्कक्ष शुक्ला ने किया। इस दौरान सत्य प्रकाश मिश्रा छेदीलाल चौबे राजदेव तिवारी बलिराम कनौजिया संजय सिंह सुनील पांडे महेश तिवारी नरसिंह नारायण तिवारी तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## प्रीटी पेटल्स स्कूल इंदिरा नगर, लखनऊ द्वारा आयोजित हुआ हनुमान जी का विशाल भंडारा



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** प्रीटी पेटल्स स्कूल, इंदिरा नगर, लखनऊ में हनुमान जी के भंडारे का आयोजन किया गया स्कूल के डायरेक्टर अमित आर्या ने कहा कि इस भंडारे का मुख्य उद्देश्य हनुमान जी की भक्ति और प्रेम को बढ़ावा देना है और सभी भक्तजनों को प्रसाद ग्रहण करने का अवसर प्रदान करना है। भंडारे की शुरुआत विधिवत पूजा-पाठ और हनुमान जी को भोग अर्पित करने के साथ हुई। हजारों श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई। प्रसाद में पूरी, सब्जी और बूंदी का वितरण किया गया। यह भंडारा दोपहर को एक बजे से शाम को सात बजे तक आयोजित किया गया, आयोजन स्थल पर सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया। प्रसाद का वितरण सुव्यवस्थित तरीके से किया गया।

## पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में समर कैंप का आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा ब्लाक के पीएम श्री कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय खिरीडांड़ में समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी यज्ञ नारायण वर्मा ने कैम्प का गीता काटकर उद्घाटन किया।इस अवसर पर शासनादेश के अनुसार सर्वप्रथम योगा का अभ्यास बच्चों को कराया गया तथा अन्य गतिविधियां करायीं गयी।इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ सहजनवा के अध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल, ग्राम प्रधान विजय कुमार, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार राय, सुरेन्द्र सिंह, प्रतिमा राय, राम सजन, डा अनन्त तथा समर कैंप प्रभारी अनुषा देवी एवं अनुराधा सहित अनेक बच्चे मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में शुरू हुए समर कैंप, अधिकांश स्कूलों में बहुत कम रही बच्चों की उपस्थिति

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को जिले के सभी उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैंप के आयोजन शुरू हुए। अधिकांश विद्यालयों में बच्चों की संख्या काफी कम रही। अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल भेजने में रुचि नहीं दिखाई। समर कैंप में बच्चों की उपस्थिति 30से 50फीसदी के बीच रही। कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में समर कैंप का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने किया। वाणी वंदना और राष्ट्र गान के बाद समर कैंप शुरू हुआ। पहले दिन योगासन और खेल की गतिविधियों का आयोजन हुआ।खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों से उनकी अभिरुचि के बारे में जानकारी ली और कहा कि समर कैंप में किताबें दूर रहेंगी। बच्चे जो भी सीखना चाहेंगे,प्रशिक्षक सिखायेंगे। उन्होंने बच्चों को नृत्य, संगीत, खेल सीखने के लिए प्रेरित किया और प्रशिक्षकों को पर्यावरण और सांस्कृतिक विरासत के साथ विज्ञान, तकनीकी और खेल , खिलाड़ियों के बारे में जानकारी देने के निर्देश दिए। इं प्र अ संजीव कुमार ने समर कैंप की कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी।प्रशिक्षक कौशलेंद्र सिंह और लालती देवी ने योगासन कराए और आसनों से होने वाले शारीरिक लाभ के बारे में जानकारी दी।

## बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा द्वारा अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) के अनुसार बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला 2025 का शुभारंभ 21 मई 2025 को किया गया। यह एक माह की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 21 मई से 16 जून 2025 तक आयोजित रहेगी, जिसमें आस-पास के क्षेत्रों के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की 40 बालिकाएं प्रतिभाग कर रही हैं। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को बहुआयामी विकास के अवसर प्रदान करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अंग्रेज़ी भाषा, कंप्यूटर शिक्षा, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण जागरूकता, योग, मार्शल आर्ट, नृत्य, तथा व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला के प्रथम दिन सभी प्रतिभागी बालिकाओं का पंजीकरण किया गया एवं उन्हें अध्ययन सामग्री, स्टेशनरी और आवश्यक वस्तुओं से युक्त एक प्रशिक्षण किट प्रदान की गई।

# जनपद में बर्ड फ्लू की रोकथाम हेतु प्रशासन सतर्क, सभी विभागों को दिशा-निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बर्ड फ्लू के संभावित खतरे को देखते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों को अपनी भूमिका के अनुसार तत्पर रहना होगा। सर्विलांस जोन में मुर्गियों की कलिंग व दफन की तैयारी जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्विलांस जोन में पक्षियों की कलिंग एवं दफन हेतु स्थलों की पहचान कर ली जाए। साथ ही मुर्गी पालकों को होने वाली आर्थिक क्षति का आकलन कर शीघ्र भुगतान की व्यवस्था की जाए। उपकरणों और मशीनों की व्यवस्था अधिशासी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि कलिंग किए गए पक्षियों के निपटान हेतु जेसीबी, फॉगिंग मशीन और स्प्रे मशीन आदि की व्यवस्था पूरी रखें, ताकि आकस्मिक स्थिति में कार्य में बाधा न हो। जंगलों और जलस्रोतों पर विशेष निगरानी प्रभागीय वन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जंगलों, तालाबों व पोखरों में निगरानी बढ़ाएं। यदि कहीं बड़ी संख्या में मृत पक्षी मिलते हैं, तो इसकी सूचना तुरंत मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दें। मानव स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान मुख्य चिकित्साधिकारी को बर्ड फ्लू के प्रकोप की स्थिति में ईपी सेंटर कर्मचारियों व आम जनमानस के स्वास्थ्य परीक्षण की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अंतर्गत एंटीवायरल दवाएं, सैनिटाइजर, पीपीई किट, मास्क व आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था शामिल है। प्रशासनिक, पुलिस और पंचायत विभाग की भी महत्वपूर्ण भूमिका उपजिलाधिकारियों को आरआरटी (रेपिड रिस्पॉन्स टीम) के गठन, जनजागरूकता, सुरक्षा एवं प्रभावित मुर्गियों के दफन स्थल की सुरक्षा हेतु आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं, ग्राम प्रधानों व पंचायत अधिकारियों को भी जिम्मेदारियों से अवगत कराया जाए।

## औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने सिर्फ एक पर किया कार्यवाही

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा द्वारा गीडा सेक्टर 22 और 23 में स्थित तमाम होटलों को अवैध निर्माण मानते हुए नोटिस चस्पा कर उन्हें अवैध निर्माण हटाने के लिए कुछ दिन तक ही मोहलत दिया था। गीडा प्रशासन द्वारा करीब 29 होटलों को अवैध निर्माण कराने के लिए बकायदा नोटिस चस्पा कराया था। लेकिन देखा जाय तो गीडा प्रशासन ने एक होटल को टारगेट बना कर सील की कारवाई किया। और शेष बने होटलों को विभाग अवैध मानते हुए उन पर मेहरबान दिखाई दे रहा है। जबकि गीडा प्रशासन जब अन्य होटलों को अवैध निर्माण मानते हुए नोटिस जारी किया है। तो इन पर कारवाई कब होगी। या केवल एक होटल पर कारवाई कर इतिश्री कर दिया जायेगा। इस संदर्भ में एसीईओ गीडा आरडी पांडेय ने कहा कि जिन होटलों को अवैध निर्माण के लिए नोटिस चस्पा किया गया है। उन पर अवश्य कारवाई की जायेगी। वर्तमान समय में 17 होटलों के खिलाफ कारवाई करने के लिए प्रक्रिया चल रही है।

## देवसरा भदोही फीडर की विद्युत व्यवस्था लगातार बाधित

**जलालपुर अंबेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** विद्युत वितरण उपखंड मालीपुर अंतर्गत देवसरा भदोही फीडर की विद्युत व्यवस्था दिनांक 20 में से लगातार बाधित है बताया जाता है कि संविदा कर्मचारियों के हड़ताल के कारण 20 में 2025 से विद्युत व्यवस्था पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गई है एक तरफ जहां भीषण गर्मी से आम जनता परेशान है वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के ऊपर जो नहीं देख रहा है संविदा कर्मचारियों द्वारा यदि कोई अन्य कर्मचारी कार्य करने आता है तो इनकी गगुंडई के चलते कोई अन्य कर्मचारी कार्य नहीं करने का रहा है अधिशासी अभियंता अवर अभियंता मुख्य अभियंता से वार्तालाप के बाद भी आज तक विद्युत व्यवस्था बहस नहीं हो पाई।

अवधनामा



## पूर्व प्रधानमंत्री के शहादत दिवस पर भावपूर्ण स्मरण

**मथुरा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज गौड़ की अध्यक्षता में सेठवाड़ा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर अमर शहीद जन-जन के प्रिय,देश के सबसे युवा पूर्व प्रधानमंत्री , भारत रत्न से सम्मानित एवं भारत में कम्प्यूटर व सूचना क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी का 34 वां शहादत दिवस पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया गया इस अवसर पर महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने राजीव गांधी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इक्कीस वीं सदी के पथ प्रदर्शक, आकर्षक व्यक्तित्व के धनी, पंचायती राज को गाँव की हर चौपाल से वास्तविक जोड़ कर आमजन को लाभान्वित करने वाले, महिलाओं को पंचायतों में आरक्षण व युवाओं को 18 वर्ष में मताधिकार प्रदान करने वाले, विकास के पुरोधा राजीव गांधी को कभी भुलाया नहीं जा सकता आज पूरा देश राजीव गांधी जी को याद कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन अप्रतिम सक्सेना ने किया श्रद्धांजलि देने वालों में सर्वश्री रूपा लवानिया, उमाशंकर शर्मा, संदीप हिंडोल, दीपक दीक्षित ,पंकज चौधरी, प्रेम भंवर शर्मा, बलबीर सिंह, मुस्लिम कुरैशी खुदा बख्श ,मुशीर अंसारी, जुगल वार्ष्णेय, सागर माहौर आदि कांग्रेस जन श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित रहे।

# पारा बढ़ते ही मथुरा की विद्युत व्यवस्था पस्त

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सूर्यदेव की तपन तेज होते ही बिजली भी अब अपने रंग दिखाने लगी है। बार-बार ट्रिपिंग और ओवरलोडिंग से हो रहे फाल्ट ने मुश्किल खड़ी कर दी है। बार-बार ट्रिपिंग से रात जागते कट रही है, तो दिन में भी बिना बिजली चैन नहीं है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत बढ़ गई है। ऐसे में ओवरलोडिंग से फीडर हांफने लगे है। मंगलवार को संविदा कर्मियों की हड़ताल के कारण दिक्कतें और बढ़ गई हैं। 72 घंटे की हड़ताल से जहां फाल्ट हुए उन्हें ठीक नहीं किया जा सका।

पिछले एक सप्ताह से तापमान बढ़ा है। ऐसे में बिजली की भी अघोषित कटौती भी शुरू हो गई है। सबसे ज्यादा दिक्कत ट्रिपिंग के कारण हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली तो 18 घंटे तक देने का दावा किया जा रहा है, लेकिन दिन में कई बार ट्रिपिंग और फाल्ट के कारण बिजली गुल हो रही है।



### ट्रांसफॉर्मरों पर हो रहा पानी का छिड़काव, कूलर लगाने की चल रही तैयारी

मथुरा- गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली घरों में ट्रांसफारमर को ठंडा करने की कोशिश की जा रही है। बलदेव बिजली घर में पावर ट्रांसफारमर पर शाम को पानी की बौछार की गई, ताकि मशीनें ठंडी रहीं और बार-बार ट्रिपिंग न करें। उधर, मांट बिजली घर में भी पावर ट्रांसफारमर को ठंडा करने के लिए कूलर तैयार कर लिए गए हैं। मंगलवार को बिजली मिस्त्री ने कूलर की मरम्मत की। तापमान बढ़ते ही उपकरण के सामने कूलर चलाए जाएंगे। सूर्य की बढ़ती तपिश से लोगों का हाल बुरा नजर आ रहा है ऐसे में केवल जनता को कूलर ऐसी में ही राहत मिल पा रही है जिसे विद्युत कटौती कर लोगों को मरे पर मार मारी जा रही है।

मंगलवार से संविदा कर्मी 72 घंटे की हड़ताल पर चले गए, इससे हालात और बिगड़ गए। कोसीकलां में दो फीडर में फाल्ट हो गया, हड़ताल के कारण फाल्ट सही नहीं हो सका, इससे 35 सौ घरों की बिजली बंद हो गई। मंगलवार सुबह आठ बजे फाल्ट के कारण कोसीकलां रेस्टोरेंट एवं टाउन फीडर की बिजली बंद हो गई। उपभोक्ताओं ने बिजली आपूर्ति के लिए नंदगांव स्थित सब स्टेशन पर संपर्क किया, लेकिन समस्या दूर नहीं हो सकी।

जेई अनूप गौड़ ने बताया कि संविदाकर्मी हड़ताल पर होने के कारण फाल्ट सही नहीं हो सके हैं। देर शाम तक दोनों फीडर की आपूर्ति नहीं शुरू हो सकी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री संजय गर्ग ने बताया कि विभाग की लापरवाही का कारण आपूर्ति नहीं मिल पा रही है।

उधर, शहर के औद्योगिक क्षेत्र में सौंख रोड से आने वाली बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई। 33केवी की अंडरग्राउंड केबिल जेसीबी से कट गई। इससे दोपहर डेढ़ बजे से पूरे इंडस्ट्रियल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जेनरेटर से आपूर्ति करानी पड़ी। इसी तरह कृष्णा नगर, गोवर्धन चौराहा फीडर में भी बिजली कई बार ट्रिपिंग के कारण गुल हुई।

## भूमि विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, युवती की मौत

**उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के लालाखेड़ा गांव में सोमवार को भूमि विवाद ने खूनी रूप ले लिया। अवैध कब्जे को लेकर हुए झगड़े में 20 वर्षीय पुष्पा की गंभीर पिटाई के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मृतका के परिजनों के अनुसार, गांव के विजय बहादुर, गोविंद, कमलेश, भीम, रामनिवास और दो अज्ञात लोग रामकुमार की कृषि भूमि पर जबरन कब्जा करने पहुंचे थे। विरोध करने पर हमलावरों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ियों से हमला बोल दिया। इस हमले में पुष्पा गंभीर रूप से घायल हो गई, वहीं रामकुमार के घर में भी आग लगा दी गई। पुष्पा को पहले सुमेरपुर पीएचसी ले जाया गया, फिर जिला अस्पताल और वहां से निजी अस्पताल रेफर किया गया लेकिन कई घंटों के इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। बिहार थाना पुलिस ने पांच नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या, आगजनी और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल गांव में एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# समर कैम्प से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा : राम स्नेही




- राजकीय इंटर कालेज लैलखुर्द में समर कैम्प प्रारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार ग्रीष्मावकाश में प्रदेश के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन 21 मई से 10 जून तक होना था उसी के अंतर्गत आज राजकीय इन्टर कालेज लैलखुर्द महमूदाबाद सीतापुर में विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु राष्ट्रीय शिक्षा निति (NEP) 2020 के परिप्रेक्ष्य में खेल खेल में सीखने हेतु समर कैम्प का आयोजन किया गया जिससे विद्यार्थी नियमित पढ़ाई से भिन्न रोचक गतिविधियों का आनन्द ले सकें।

स्कूल के प्रधानाचार्य राम स्नेही पराशर ने समर कैम्प का उद्देश्य बताते हुए अपने संबोधन में कहा कि छात्रों में रचनात्मक सोच विकसित करना, टीम वर्क आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास करना है। विद्यार्थियों में सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित करना तथा ग्रीष्मावकाश में खेलकूद, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। समर कैम्प के प्रथम दिन बच्चों ने सबसे पहले 1/2 घंटा योग एवं व्यायाम किया तत्पश्चात स्वपरिचय कराया गया 'मैं हूँ देशज', 'मैं भी हूँ लेखक', रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर एवं रस्सी कूद का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने आनन्दपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम की समाप्ति पर सबको पूरी खीर खिला कर भेजा गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# पांच हजार से अधिक पदों को समाप्त कर रही सरकार



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सिंचाई विभाग संयुक्त सघर्ष समिति के तत्वाधान में प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सिंचाई कार्य मण्डल के समक्ष विभिन्नों पदों जिसमें सींचपाल, उपराजस्व निरीक्षक, ट्यूबबेल संचालक, चालक, टन्डेल, रनर आदि के लगभग 55 सौ महत्वपूर्ण पदों को समाप्त किये जाने के विरोध में काला फीता बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया। यह समस्त पद विभाग की धुरी के रूप में कार्य करते है एवं सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों की आय दोगनी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। संघ की मांग है कि इन पदों को पुन-बहाल किया जाये जिससे गरीब संवर्ग के बच्चों को भी रोजगार के उचित अवसर प्रदान किये जा सकें और वो भी देश की निरन्तर प्रगति में योगदान कर सकें। इस दौरान सिविल डिप्लोमा इंजीनियर संघ अध्यक्ष इं. सुरेन्द्र अहिरवार, मिनिस्ट्रीयल एसोशिऐसन मण्डल अध्यक्ष संजय मिश्रा, चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष आनन्द स्वरूप रजक, सहायक अभियन्ता इं. मनोज त्रिपाठी, इं. विपिन, इं. पूजा, इं. रमाकान्त, इं. रौली, इं. नेहा, इं. अशोक गुप्ता, इं. अंकित गुप्ता, इं. हरिओम राठौर, इं. सुनील पंवार, इं. राहुल आर्या, इं. शालिगराम, अमित शुक्ला, राजेन्द्र कुमार सोनी, प्रारूपकार, भागीरथ, बद्रीप्रसाद, चन्द्रप्रभा, संजय मिश्रा, जगभान, दीपक कुमार, शैलेन्द्र सिंह, जिलेदार अमित शिवहरे, मनोज कुमार, रघुवीर सिंह, संजय रैकवार, मनोज नामदेव, आनेंन्द्र, दुर्ग सिंह, धर्म कुमार, देवीलाल, महेश कुमार, इंदर कुशवाहा, लीला देवी, गुलाब रानी, छाया रैकवार, राजेन्द्र सिंह, राजीव, कल्यान सिंह, जयपाल सिंह, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जनपदवासियों को जल्द मिलेगी बल्क ड्रग फार्मा पार्क की सौगात

**प्रथम चरण के कार्य को त्वरित गति से पूर्ण कराने हेतु यूपीसीडा, विद्युत, पीडब्ल्यूडी व वन विभाग के अधिकारियों को दिये निर्देश**

- गंभीर बीमारियों की दवाएं व मेडिकल डिवाइज होंगे तैयार
- मुख्यमंत्री की सलाहकार समिति के प्रस्तावित भ्रमण के चलते डीएम ने मौके पर जाकर देखी व्यवस्थाएं
- बाधाओं को दूर कराकर निर्माण कार्यों को दी गति



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** मुख्यमंत्री की सलाहकार समिति के 24 मई 2025 को सम्भावित जनपद भ्रमण के चलते महरौनी के ग्राम सैदपुर में बन रहे बल्क ड्रग फार्मा पार्क का डीएम अक्षय त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण कर प्रथम चरण के कार्य को त्वरित गति से पूर्ण कराने हेतु यूपीसीडा, विद्युत, पीडब्ल्यूडी व वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। निरीक्षण करते हुए डीएम ने अधिकारियों को बताया कि भारत सरकार के बल्क ड्रग पार्क नीति के अन्तर्गत निर्धारित पैरामीटर्स के आधार पर जनपद ललितपुर के ग्राम सैदपुर विकास खण्ड मड़ावरा में फार्मा पार्क की स्थापना की जा रही है, जो भारत सरकार एस्पायरेशन विकास खण्ड के अन्तर्गत चिन्हित है और इसे लेकर सरकार बेहद संवेदनशील है, इस हेतु आगामी 24 मई को मुख्यमंत्री की सलाहकार समिति का दौरा भी सम्भावित है। इस सलाहकार समिति में मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, आर्थिक सलाहकार डा.केवी राजू व खाद्य एवं सुरक्षा सलाहकार डा.जीएन सिंह शामिल रहेंगे। इससे पहले भी विशेष सलाहकार अवनीश अवस्थी इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि बल्क ड्रग फार्मा पार्क में प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिसमें सड़क के चौड़ीकरण हेतु बिजली के खंभों को शिफ्टिंग, विद्युत उपकेन्द्र व अलग से विद्युत लाइन डाले जाने तथा वन विभाग द्वारा पेड़ कटान का कार्य कराया जा रहा है, उन्होंने इन कार्यों को जायजा लेकर सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित गति से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता विद्युत ग्रामीण राहुल सिंह ने बताया कि फार्मा पार्क के लिए 33/11 केवी उपकेन्द्र की स्थापना का कार्य चल रहा है, जिसमें कण्ट्रोल रुम भवन बन गया है और फाउण्डेशन बाउंड्रीवाल निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण हेतु खम्भों की शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा अलग से 33 केवी की लाइन जो 15 किमी में डाली जानी थी, 10 किमी डाली जा चुकी है। सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग रोहित त्रिपाठी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा फोरलेन सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, जिस हेतु मिट्टी डाली जा रही है और वन विभाग द्वारा पेड़ों के कटान का कार्य भी प्रगति पर है। इस सम्बंध में यूपीसीडा प्रबंधक जॉनी बिल्टोरिया ने बताया कि यूपीसीडा द्वारा फार्मा पार्क की बाउंड्रीवाल एवं कैम्पस में सड़कें डाले जाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 2 एण्ट्रीगेट एवं 1.97 किमी लम्बाई में बनायी जाने वाली बाउण्ड्रीवाल का कार्य शुरु हो गया है, सड़क की फर्स्ट लेयर लगभग 1.5 किमी तक डाली जा चुकी है, पैनलवाल हेतु फाउण्डेशन व कॉलम बन चुके हैं, फायर फाइटिंग बिल्डिंग का कार्य आज से शुरु हो गया है, बाहरी साइनेज बोर्ड का कार्य भी लगभग हो चुका है। इसके अलावा आगामी कार्यों के लेआउट बनाये जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस लाइन में भंडारे का किया आयोजन

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल के अवसर पर आज रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव के प्राचीन मन्दिर में सुंदरकांड का संगीतमय पाठ, भजन कीर्तिन और दिव्य भंडारे का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद भक्तों को भोग प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद्र, प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप मिश्रा अपूर्व, कमलासन पाण्डेय, राजेश यादव, उदय प्रताप सिंह, रवि शंकर शुक्ल, शशिकांत शुक्ल, चंद्रशेखर पाल, सहित जनपद के कई अधिकारी और कर्मचारियों के साथ-साथ शहर के सम्मानित एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। भंडारे में बच्चे आइसक्रीम और टॉफी पाकर खुशी से झूम उठे।

### युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को अचलगंज थाना व कस्बा निवासी अंसार 40 पुत्र कुन्नू ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर में अकेला था। परिजनों ने बताया कि अंसार ने अपने कमरे में जाकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक कोई आवाज न आने पर परिवार ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जब उन्होंने खिड़की से अंदर झांका, तो अंसार को फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया। सूचना मिलते ही अचलगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। शव को पोस्टमार्टम के लिए उन्नाव मोर्चरी भेज दिया गया है। मृतक के चचेरे भाई के अनुसार, अंसार बीते कुछ दिनों से गहरे मानसिक तनाव से गुजर रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति भी काफी खराब थी, जिससे वह काफी परेशान रहता था। हालांकि, मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

### श्री माथुर चतुर्वेद परिषद ने गंगा दशहरा को लेकर डीएम को ज्ञापन

**मथुरा, अवधनामा संवाददाता।** श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह से मिला और 5 जून को होने वाले गंगा दशहरा की व्यवस्थाओं के संबंध में उनको ज्ञापन सौपा। जिलाधिकारी ने 5 जून से पहले सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने की बात कही और। जिलाधिकारी ने बताया कि 22 जून को गंगा दशहरा की व्यवस्थाओं के संबंध में एक बैठक की जा रही है इसमें परिषद का प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष संजय चतुर्वेदी एल्पाइन संजय चतुर्वेदी मंत्री नीरज चतुर्वेदी मंत्री संजीव चतुर्वेदी एड.गोपाल चतुर्वेदी एड. आदि उपस्थित रहे।

### भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**ललितपुर, अवधनामा संवाददाता।** लेखपाल पर जबरन चक बनाकर जमीन पर अवैध कब्जा कराये जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर पीड़ित पक्ष ने एक शिकायती पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुये जिला प्रशासन को भेजा है। पीड़ित पक्ष की ओर से ग्राम मऊमाफी निवासी महेश पुत्र चऊंवा व चऊवा पुत्र भगोने ने एकराय होकर मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि उसकी आराजी संख्या 209/1 जिसका रकवा 0.96 हे. है। बताया कि एक महाविद्यालय के संचालक द्वारा गांव के हरनारायण से गांव में जमीन खरीदी है, जिसका रकवा 1.18 डिस्मिल है। आरोप है कि लेखपाल ने सांठगांठ कर उसकी भूमिधरी आराजी पर चक बना दिया है। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो लेखपाल ने उसे गालियां देते हुये अभद्रता की और कहा कि उसकी जमीन का कोई निर्णय नहीं हुआ है, अब यह जमीन पर वह चक बना रहा है। पीड़ित ने मौखिक रूप से बताया कि उक्त लेखपाल अपने साथ बाउंसर और बन्दूकधारी लोगों को लेकर आया हुआ था और उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करवा रहे हैं। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से मामले की जांच करायी जाकर उक्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# डीएम की अध्यक्षता में स्थानीय नगर निकाय एवं डूडा विभाग के कार्यों की समीक्षा की गयी

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में स्थानीय नगर निकाय एवं डूडा विभाग के कार्यों की समीक्षा की गयी। सर्वप्रथम अपर जिलाधिकारी ने आवास योजना शहरी के विषय में जानकारी प्राप्त की जिसको लेकर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। वंदन योजना, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में जल निकास तथा तीर्थों एवं प्राचीन कूपों पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल को निर्देशित करते हुए कहा कि तीर्थ क्षेत्र के विकास के अन्तर्गत प्रवेश द्वारों के सुन्दर निर्माण की योजना को पूर्ण कराया जाए। चंदौसी नगर पालिका तथा बहजोई नगर पालिका तथा जनपद की नगर पंचायतों के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीवरेज, एसटीपी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी आदि पर भी चर्चा की गयी।

ऑपरेशन कायाकल्प को लेकर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निकायों की जो बड़े नाले हैं जिनकी सफाई की गई है उनकी सूची तत्काल उपलब्ध करा दें जिससे उनका सत्यापन कराया जा सके। अपर जिलाधिकारी ने अतिक्रमण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि अतिक्रमण का नक्सा प्रगति में बढ़ोतरी लाई जाए। आडिट आपत्तियों के विषय में अपर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को निस्तारण करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जहां-जहां बड़े-बड़े नाले हैं उनकी रिपोर्ट प्रारूप के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत भूमि आवंटन को लेकर भी चर्चा की गई जिसको लेकर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भूमि आवंटन की जानी है वह भूमि का निरीक्षण करते हुए भूमि का आवंटन किया जाए। होम्योपैथिक अस्पताल की भूमि के आवंटन को लेकर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी, उप जिलाधिकारी चंदौसी निधि पटेल, डिप्टी कलक्टर रमेश बाबू, डिप्टी कलक्टर विकास चंद्र, डिप्टी कलक्टर शुभि गुप्ता,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी सहित समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी एवं समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इण्टर कालेज में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** रामश्री इंटर कॉलेज मिर्जापुर कला विद्यालय में मंगलवार हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं एवं हिंदुस्तान ओलंपियाड भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में दीपक कुमार सदस्य नीति आयोग भारत सरकार संजीव त्रिवेदी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड उन्नाव एवं प्रतिनिधि अरुण पाठक स्नातक एम.एल.सी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती प्रतिमा के माल्यार्पण के साथ हुआ। स्वागत गीत कोमल देवी एवं वंशिका सिंह ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीपक कुमार ने कहा कि शिक्षा का मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है अशिक्षित व्यक्ति समाज में स्वयं को हीन महसूस करता है इसलिए हर व्यक्ति को शिक्षित होना आवश्यक है विद्यालय में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा प्रथम से रिचा, पार्थ ठाकुर, एवं निधि, कक्षा द्वितीय से आरव, रुद्र प्रताप सिंह एवं हरिओम कक्षा तृतीय से आदर्श पाल, रमन सैनी एवं शगुन सिंह



कक्षा चतुर्थ से नुजहत फातिमा, विकास एवं अजिग्या सिंह कक्षा पंचम से अंश द्विवेदी, शरद सैनी एवं आसानी कक्षा षष्ठ से हर्ष कनौजिया, अभिमान सिंह एवं मीनाक्षी गौड़ कक्षा सप्तम से समीक्षा, दीक्षा सिंह एवं अनुराधा कक्षा अष्टम से अलका, शगुन विमल एवं आदित्य कक्षा 9 से अंशिका सिंह कशिश एवं अनामिका कक्षा 10 से आंचल चौरसिया, हर्ष सिंह एवं आदित्य सिंह कक्षा 11 से वैष्णवी गौड़, अनमोल एवं राज विमल कक्षा 12 से सोनम सिंह, अनुवांशिका सिंह एवं छवि विमल को विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्मृति चिन्ह एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिंदुस्तान ओलंपियाड एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में पधारे अतिथियों को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विद्यालय प्रबंधक व्यास कुमार गौड़ के द्वारा सम्मानित किया गया।

# दावतुल हक उमर समिति ने सपा मुखिया का फूंका पुतला

- डिप्टी सीएम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी से भड़का समुदाय




अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** जिले में समाजवादी पार्टी के खिलाफ मुस्लिम समाज के लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। मंगलवार को दावतुल हक उमर समिति के बैनर तले मस्जिद कब्रिस्तान के पास सैकड़ों लोगों ने एकत्र होकर समाजवादी पार्टी का पुतला फूंका और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि समाजवादी पार्टी के आईटी सेल द्वारा सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई, जिससे समुदाय आहत है। उन्होंने इसे पूरी मुस्लिम समाज का अपमान बताया और सपा नेतृत्व से सार्वजनिक माफी की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अखिलेश यादव मुर्दाबाद और सपा होश में आओ जैसे नारे लगाए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन किसी भी सार्वजनिक व्यक्ति के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग अस्वीकार्य ळें प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस पहले से ही मौके पर मौजूद रही और स्थिति पर नजर बनाए रही। किसी तरह की अव्यवस्था या हिंसा की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्वक विरोध करने की अनुमति दी और प्रदर्शन समाप्त होने के बाद भी इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। दावतुल हक उमर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यह विरोध किसी राजनीतिक दल के समर्थन में नहीं, बल्कि सार्वजनिक शिष्टाचार और नैतिकता के पक्ष में है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस तरह की भाषा का प्रयोग दोहराया गया, तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस घटना ने उन्नाव में सियासी माहौल को गर्मा दिया है और समाजवादी पार्टी को मुस्लिम समाज के एक वर्ग की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है।

## रनगांव के ऐतहासिक मेला महोत्सव की हुई शुरुआत

अवधनामा संवाददाता

**मड़ावरा (ललितपुर)।** कस्बा मड़ावरा के रनगांव के ऐतहासिक मेला महोत्सव की शुरुआत हुई। जवारों के साथ मेले का शुभारंभ हुआ। यहां दूर-दूराखी से हजारों की संख्या में मन्नते पूरी होने पर जबारे चढ़ाने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु पहले मोती मंदिर में श्रद्धा पूर्वक जवारे अर्पित करते हैं। इसके बाद मेले का आंनद ले रहे है। मड़ावरा कस्बे के मोती मंदिर परिसर में चल रहे मेले में लोगों की संख्या में वृद्धि हो रही है। लोगों के साथ महिलाएं भी घर ग्रहस्थी के सामान की खरीददारी कर रही है। महिलाएं घर का सामान सहित बच्चों के लिए खिलौने खरीदे रही है। लोग मेले में कई प्रकार के झूले, सर्कस, ब्रेक डांस आदि का आनंद ले रहे है।

# बिना बिल के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की बिक्री पर जीएसटी विभाग की छापामार कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिले के व्यावसायिक हृदयस्थल घंटाघर क्षेत्र में स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान पर आज वाणिज्य कर (जी.एस.टी) विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण कर छापामार कार्रवाई की। यह कार्रवाई उस समय की गई जब विभाग को एक ग्राहक द्वारा बिना वैध बिल के सामान बेचे जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों को दुकान में बड़ी मात्रा में बिना चालान एवं टैक्स इनवॉइस के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद मिले, जिनकी अनुमानित कीमत लाखों रुपये आंकी गई है। जी.एस.टी विभाग ने तत्काल प्रभाव से उक्त सामग्री को जब्त कर अग्रिम जांच हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। कार्रवाई की भनक लगते ही



आस-पास के अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया और कई व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर मौके से पलायन कर लिया। इसके चलते घंटाघर क्षेत्र में कुछ समय के लिए व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित रहीं।

**व्यापार मंडल ने जताया विरोध-** स्थानीय व्यापार मंडल ने इस कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताया है। व्यापारियों का आरोप है कि जी.एस.टी विभाग द्वारा छोटे व्यापारियों को ही लगातार निशाना बनाया जा रहा है, जबकि बड़े व्यापारिक समूहों पर ऐसी सख्ती कम ही देखने को मिलती है। मंडल के प्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे अभियान से बाजार में डर का माहौल बन रहा है, जो व्यवसायिक स्वतंत्रता के प्रतिकूल है।

# कैंब्रिज ने भारत में अब तक की अपनी सबसे बड़ी मार्च सीरीज़ के परिणाम घोषित किए

**नई दिल्ली।** कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट (कैंब्रिज) में इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप ने आज भारत में अपनी मार्च 2025 परीक्षा सीरीज़ के नतीजे घोषित कर दिए। इन परीक्षाओं में देश के 420 स्कूलों से 17,000 से अधिक विद्यार्थी बैठे थे। ज्यादातर विद्यार्थी मार्च सीरीज़ की परीक्षाओं में बैठने का विकल्प चुन रहे हैं, जो भारत के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप होती हैं तथा भारत एवं विश्व में प्रगति के मार्ग में सहयोग करती हैं। इससे पहले कैंब्रिज ने मार्च में चेकपॉईंट सीरीज़ शुरू करने की घोषणा की थी, जो 2026 से शुरू होगी। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मूल्यांकन तथा शैक्षणिक तालिका में सामंजस्य बिठाना है।

इन परीक्षाओं के लिए 85,000 से अधिक एंट्री प्राप्त हुईं। यह भारत में आयोजित अब तक की सबसे बड़ी मार्च सीरीज़ थी, जिसमें पिछले साल के मुकाबले 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कैंब्रिज आईजीसीएसई में पिछले साल के मुकाबले 12 प्रतिशत का उछाल आया, जिसके लिए 62,000 से अधिक प्रविष्टियाँ मिली थीं। वहीं कैंब्रिज एएस एवं ए लेवल के लिए 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20,000 से अधिक एंट्री प्राप्त हुईं। यह वृद्धि मार्च सीरीज़ द्वारा भारत में विद्यार्थियों को दिए जाने वाले अधिक लचीलेपन और विकल्पों को प्रदर्शित करती है, ताकि वो राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश की समय सीमा को पूरा कर सकें और अंतर्राष्ट्रीय अवसर तलाशने के लिए अधिक समय प्राप्त कर सकें। इस वृद्धि से अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा की बढ़ती वैश्विक मांग भी प्रदर्शित होती है।

बेहतरीन परिणामों के लिए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विनय शर्मा, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप, कैंब्रिज ने कहा, ''हम भारत में सभी विद्यार्थियों को मार्च परीक्षा के परिणामों के लिए बधाई देते हैं। ये परिणाम उनके अथक परिश्रम का प्रमाण हैं। ये उनके शिक्षकों, माता-पिता और स्कूलों की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। लगातार बढ़ती एंट्री प्रदर्शित करती हैं कि कैंब्रिज किस प्रकार विद्यार्थियों को प्रीमियम, पूरे विश्व में मान्यताप्राप्त पाठ्यक्रम और वो कौशल प्रदान करता है, जो उन्हें तेजी से बदलती दुनिया में सफलता की ओर ले जाएं। यह भारत एवं विश्व के विश्वविद्यालयों के द्वार उनके लिए खोलता है।''

कैंब्रिज पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक रुचि और करियर के अनुरूप विभिन्न विषयों को चुनने का लचीलापन मिलता है। कैंब्रिज आईजीसीएसई और एंटरनेशनल एएस एवं ए लेवल के सबसे लोकप्रिय विषय मैथमैटिक्स, फिज़िक्स और कैमिस्ट्री हैं, जिससे भारतीय विद्यार्थियों का स्टेम विषयों की ओर झुकाव प्रदर्शित होता है। कैंब्रिज आईजीसीएसई बायलॉजी की लोकप्रियता बढ़ रही है। इसके लिए एंट्री पिछले साल के मुकाबले 16 प्रतिशत ज्यादा थीं। इससे स्टेम विषयों में इसकी ओर बढ़ती रुचि प्रदर्शित होती है। भारतीय विद्यार्थियों के बीच जीवविज्ञान का महत्व बढ़ रहा है।

परीक्षा की एंट्री में भविष्य के कौशलों की ओर ज्यादा ध्यान रहा। कैंब्रिज आईजीसीएसई ग्लोबल पर्सपेक्टिव में एंट्री 24 प्रतिशत बढ़ीं। विद्यार्थियों को दुनिया की सबसे गंभीर समस्याओं में संलग्न करके कैंब्रिज ग्लोबल पर्सपेक्टिव द्वारा क्रिटिकल थिंकिंग, रिसर्च एवं सहयोगपूर्ण प्रॉब्लम सॉल्विंग कौशलों का विकास किया जाता है, जो तेजी से विकसित होते हुए वैश्विक परिदृश्य में बहुत महत्वपूर्ण हैं। कैंब्रिज इंटरनेशनल एएस एवं ए लेवल में अर्थव्यवस्था और बिज़नेस की भी मजबूत स्थिति रही। ये क्रमशः चौथे और पाँचवें स्थान पर आए, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था की गति को समझने की गहरी रुचि प्रदर्शित होती है।

## सोना 1910 रुपये बढ़कर 98450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी 1660 रुपये मजबूत हुई

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में मजबूत मांग के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोना 1,910 रुपये की तेजी के साथ 98,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। वहीं चांदी की कीमत 1,660 रुपये की उछाल के साथ 99,160 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। आइए जानते हैं सर्राफा बाजार का विस्तृत हाल। वैश्विक बाजार में मजबूत मांग के बीच बुधवार को देश की राजधानी दिल्ली में सोना 1,910 रुपये की तेजी के साथ 98,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु 96,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार को 1,870 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 96,130 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा कि कमजोर डॉलर ने सोने की कीमतों को सहारा दिया। मूडीज ने अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग घटाया है, इसके बाद निवेशक सुरक्षित परिसंपत्ति की तलाश कर रहे हैं। वहीं, बुधवार को चांदी की कीमत 1,660 रुपये की उछाल के साथ 99,160 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। पिछली बार इसका भाव 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ÷बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी राजकोषीय चिंताओं के बीच बुधवार को सोना 3,300 डॉलर के स्तर पर पहुंच गया।÷ गांधी ने कहा कि इस बीच, टैरिफ नीतियों के बारे में चल रही अनिश्चितता और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीति इसकी मुख्य वजह है। इसने निवेशकों में घबराहट बढ़ रही है।

विदेशी बाजार में सोना हाजिर 21.79 डॉलर या 0.66 प्रतिशत बढ़कर 3,311.76 डॉलर प्रति औंस हो गया। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी-कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला ने कहा कि ईरानी



परमाणु सुविधाओं पर संभावित इस्राइली हमले की रिपोर्ट के बाद बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने सोने की कीमतों को बढ़ावा दिया। चैनवाला ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों के भाषणों पर व्यापारियों की कड़ी नजर रहेगी।

## वोग आईवियर ने शाहिद कपूर का किया स्वागत, तापसी पन्नू के साथ बने भारत के ब्रांड एंबेसडर



प्रसिद्ध आईवियर ब्रांड वोग आईवियर ने बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर का स्वागत करते हुए उन्हें अपने नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में पेश किया है। शाहिद कपूर अब तापसी पन्नू के साथ इस प्रतिष्ठित ब्रांड का चेहरा बनेंगे। दोनों ने एक आकर्षक कैंपेन फिल्म में हिस्सा लिया है, जो वोग आईवियर के उन मूल्यों को सामने लाती है, जिनमें व्यक्तित्व, आत्म-अभिव्यक्ति और व्यक्तिगत शैली को प्राथमिकता दी गई है।इस अभियान का मुख्य संदेश है कि जहां समाज अक्सर एकरूपता की ओर धकेलता है, वहीं वोग आईवियर %नो रूल्स क्लब% के नजरिए से इस सोच को चुनौती देता है और उन लोगों का जश्न मनाता है जो अपने तरीकों से जीवन जीते हैं। इस फिल्म के माध्यम से संदेश दिया गया है कि खुद के प्रति सच्चे रहना ही सबसे महत्वपूर्ण नियम है।फिल्म यह भी रेखांकित करती है कि समाज की अपेक्षाओं और मानदंडों के बीच, व्यक्ति को अपनी राह स्वतंत्र रूप से तय करनी चाहिए। उप वोग आईवियर के नए कलेक्शन के स्टाइल्स सभी प्रमुख स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध हैं।

## तनिष्क की प्रस्तुति एलान आधुनिक महिलाओं के लिए सबसे बेहतरीन नैचरल डायमंड स्टेटमेंट

**नई दिल्ली।** भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा परिवार के एक सदस्य, तनिष्क की नयी पेशकश एलान प्राकृतिक हीरों का नया कलेक्शन आपके सबसे खास पलों को बेहद शानदार ग्लैमर से भर देने के लिए तैयार है। अपने दिल की बात खुल कर कहने में विश्वास रखने वाली, महत्त्वाकांक्षी और ट्रेंड सेट करने में ज़रा भी न हिचकिचाने वाली महिला के लिए बनाया गया एलान सिर्फ ज्वेलरी नहीं यह घोषणा है उनके आने की। तनिष्क के इस सबसे नए कलेक्शन के डिज़ाइन बहुत ही अनोखे हैं, आकर्षक कीमतों में अनूठी पेशकश आपकी ज़रूरतों को पूरा करती है। एलान का दिल है, एक शक्तिशाली प्रेरणा तनिष्क महिला। वह बोल्ड, महत्वाकांक्षी है और दुनिया को अपनी चमक दिखा देने के लिए तैयार है। चाहे कोई जश्न हो, या सफलता का पड़ाव, या हो बहुत ही खास शाम, सभी का ध्यान अपनी ओर खींचने, अपना मूल्य सभी के सामने रखने और अपनी चमक दिखाने के लिए प्राकृतिक हीरे उसके सबसे बेहतरीन साथी बनेंगे।

एलान कलेक्शन को इस भावना को प्रदर्शित करने के लिए ही बनाया गया है। फैशन-फॉरवर्ड, बहुत ही अनूठे ढंग से शानदार और सभी का ध्यान खींचने के लिए इस कलेक्शन को बनाया गया है। एलान कलेक्शन ऐसी दुनिया के दरवाज़े खोलता है जहां बेहतरीन, नाजुक कारीगरी और तनिष्क महिला की भावनाओं का संगम हुआ है।

इस कलेक्शन में 33 आकर्षक डिज़ाइन हैं, जिनमें स्टेटमेंट नेकलेस, स्कल्प्चरल चूड़ियां और लेयर्ड पेंडेंट सेट शामिल हैं। हर शानदार पीस में जटिल दो-परत वाली सोने की जाली स्ट्रक्चर जैसी डिज़ाइन-फ़ॉरवर्ड तकनीकें हैं जो स्कल्प्टेड और थ्रीडी आकृतियां बनाती हैं। इसीलिए यह आभूषण शरीर को प्राकृतिक सहजता से गले लगाते हैं।

## एमजी मोटर इंडिया ने एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट किया पेश

**नई दिल्ली।** भारतीय ईवी सेक्टर में अपनी गति को निरंतर बनाए रखते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट को पेश किया है, इससे कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो का और विस्तार हुआ है। एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट 17,24,800 रुपए की एक्स-शोरूम कीमत और 12.24 लाख रुपए .4.5 रुपए/किमी की बेस कीमत पर उपलब्ध होगी। आज यानी मंगलवार से ही, ग्राहक अपने निकटतम एमजी डीलरशिप पर 11,000 रुपए का भुगतान कर इस कार को बुक कर सकते हैं इस वेरिएंट की डिलीवरी जून के पहले सप्ताह से शुरू होगी. लग्जरी और व्यावहारिकता को एक साथ मिलाते हुए, एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट एमजी विंडसर की विशिष्ट आरामदायक सुविधाओं के साथ-साथ लंबी दूरी की चिंता मुक्त यात्रा के लिए एक बड़े बैटरी पैक के साथ आती है। विलासिता और



व्यावहारिकता को एक साथ लाते हुए, एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट एमजी विंडसर की विशिष्ट आरामदायक सुविधाओं के साथ-साथ लंबी दूरी की चिंता मुक्त यात्रा के लिए एक बड़ी बैटरी पैक प्रदान करता है।

इस लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, राकेश सेन, बिक्री प्रमुख, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा एमजी विंडसर प्रो को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया सराहनीय है, क्योंकि इसके लॉन्च के 24 घंटों के भीतर 8,000 से ज्यादा बुकिंग हो गई है। टॉप वेरिएंट के बाजार में स्थापित होने के साथ, हम एमजी विंडसर की पहुंच का विस्तार कर रहे हैं और एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट पेश कर रहे हैं, जो प्रीमियम आराम और सुविधा के साथ एक बड़े बैटरी पैक के साथ आती है। इस कदम का उद्देश्य एमजी विंडसर प्रो को और अधिक ग्राहकों के करीब लाना है।

एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो में फ्यूचरिस्टिक एयरो ग्लाइड डिजाइन का इस्तेमाल किया गया है और यह एमजी के ग्लोबल स्मार्ट इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म पर निर्मित है, जो अपनी विश्वसनीयता के लिए प्रसिद्ध है। नया इंटीरियर्स आलीशान है, और रिक्लाइनेबल (135 डिग्री तक) एयरो लाउंज सीट हर यात्रा को एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करती है। इसकी इमर्सिव तकनीक, जो आई-स्मार्ट द्वारा संचालित है, जिसमें 80 से ज्यादा कनेक्टेड फीचर्स, 100 से ज्यादा एआई आधारित वॉयस कमांड और मनोरंजन फीचर्स शामिल हैं, सेंट्रल कंसोल में एक विशाल 15.6 इंच ग्रैंड व्यू टच डिस्प्ले द्वारा संचालित है, जिसमें नौ स्पीकर्स लगे हैं।

## जिन्हें सबने मना कर दिया, उन्हें ज़िंदगी मिली यहां

### अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद में तीन महिलाओं की जान बची

जब ज़िंदगी की सारी उम्मीदें टूट जाएं, तब कहीं एक दरवाज़ा खुलता है। ऐसा ही हुआ अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद में, जहां तीन गंभीर दिल की मरीज महिलाओं को वह इलाज मिला, जो देश के कई बड़े अस्पतालों ने देने से मना कर दिया था।

इनमें थीं 60 वर्षीय संतोष यादव, 61 वर्षीय रूफिया परवीन खान, और 28 वर्षीय इंदु कुमारी, जो झारखंड के एक दूरदराज़ आदिवासी गांव से आई थीं। तीनों की स्थिति इतनी नाज़ुक थी कि उन्हें 'इनऑपरेबल' यानी इलाज के लायक नहीं बताया गया था। लेकिन अमृता हॉस्पिटल की टीम ने इनका केस दोबारा समझा, रिस्क उठाया, और आज ये तीनों महिलाएं स्वस्थ होकर नई ज़िंदगी जी रही हैं। इंदु कुमारी, जो एक आदिवासी क्षेत्र से आती हैं, आर्थिक रूप से इतनी कमजोर थीं कि पांच साल पहले उनकी सर्जरी तक नहीं हो पाई। उनकी हालत बिगड़ती गई, और जब वो अमृता हॉस्पिटल पहुंचीं, उनका दिल चार गुना बड़ा हो चुका था। उन्हें सांस लेने में दिक्कत, तेज़ धड़कन और दिल की गंभीर समस्या थी। डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत भर्ती कर आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज शुरू किया। उनका ऑपरेशन बहुत जटिल था, लेकिन डॉक्टरों ने हार नहीं मानी। चूंकि इंदु ऐसी जगह से आती हैं जहां खून पतला करने वाली दवाओं की नियमित जांच संभव नहीं, इसलिए उनके लिए एक विशेष टिशू वॉल्व लगाया गया। आज वे रिकवरी पर हैं और अपने पैरों पर चल पा रही हैं।

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तर प्रदेश की मार्च 2025 त्रैमासांत बैठक

**लखनऊ।** राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की मार्च 2025 को समाप्त तिमाही की समीक्षा बैठक का



आयोजन दिनांक 21.05.2025 को श्री मनोज कुमार सिंह, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार की अध्यक्षता तथा श्री लाल सिंह, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा एवं अध्यक्ष, एसएलबीसी, उत्तर प्रदेश की सह-अध्यक्षता में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के गोमतीनगर स्थित ÷बड़ौदा हाउस÷ के सर सयाजीराव गायकवाड हॉल में किया गया। उक्त बैठक में श्री दीपक कुमार (कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, वित्त), श्री पंकज कुमार (क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ), श्रीमती मिनिस्ती एस (महानिदेशक, संस्थागत वित्त निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार), श्री अमित सिंह बंसल (विशेष सचिव विभाग, नियोजन, उत्तर प्रदेश सरकार), श्री ओ पी शर्मा (विशेष सचिव, कृषि विभाग ,उत्तर प्रदेश सरकार), श्री अनिल कुमार सिंह (अतिरिक्त आयुक्त एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रार (बैंकिंग), सहकारी समितियां), श्री पंकज कुमार (मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, लखनऊ), श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह (महाप्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा और संयोजक, एसएलबीसी, उ0 प्र0) तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारियों व राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगणों ने प्रतिभाग किया।

बैठक के दौरान अपने स्वागत सम्बोधन में महाप्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा और संयोजक, एसएलबीसी, उ0 प्र0 ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया तथा मार्च त्रैमास के दौरान प्रदेश में हुई विभिन्न बैंकिंग गतिविधियों एवं सरकार प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत हुई प्रगति से सभा को अवगत कराया।

मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने संबोधन में माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा प्रदेश में कार्यरत सभी बैंकों से की गई अपेक्षाओं से अवगत कराया। उन्होंने प्रदेश में जमा-ऋण अनुपात को बढ़ाने, बीसी सखियों की सफलता को रेखांकित करते हुए बैंकों को ऋण प्रवाह को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सीएम युवा' के अंतर्गत बैंकों को सौंपे गए लक्ष्यों की प्राप्ति तथा प्रदेश के युवाओं को नए उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया, ताकि प्रदेश में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न हो सकें।

## द जायंट व्हील फेस्टिवल वापस आ गया है आपके शहर में

**मुंबई।** अब आम जिंदगी पर ब्रेक लगाने का समय आ गया है क्योंकि शहर का सबसे वाइब्रंट उत्सव फिर लौट आया है।

द जायंट व्हील फेस्टिवल का 5वां संस्करण 30 मई से 1 जून तक आर सिटी मॉल, घाटकोपर में आयोजित होने जा रहा है, और ये लेकर आ रहा है मस्ती, कल्पना और आपके पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स की एक जादुई दुनिया।

शिन चेन, ओगी, हनी बनी, नारुतो

हां – ये सभी एक ही छत के नीचे आ रहे हैं। हर उम्र के फैंस से मिलने के लिए तैयार हैं। चाहे आप हमेशा से कार्टून के दीवाने रहे हों या अब अपने बच्चों का इनसे परिचय करा रहे हों – यही वो जगह है जहाँ जादू हकीकत बनता है।

यहां आप एआर (ऑगमेंटेड रियलिटी) से भरपूर रोमांचक एडवेंचर्स, मजेदार और रचनात्मक वर्कशॉप्स, हैरान कर देने वाले मैजिक शोज़ और और हर कोने में छिपे ढेरों सरप्राइज़ की उम्मीद कर सकते हैं। यह एक ऐसा इमर्सिव अनुभव है जिसे खासतौर पर खुशी, जिज्ञासा और हँसी से भरपूर बनाने के लिए तैयार किया गया है।

अपने बच्चों को साथ लाओ। अपने अंदर के बच्चे को भी साथ लाओ। उन दोस्तों को लाओ जो आज भी कार्टून से उतना ही प्यार करते हैं।

चाहे आपकी उम्र कुछ भी हो– यहाँ हर किसी के लिए कुछ न कुछ ऐसा है, जो आपके चेहरे पर मुस्कान लाएगा, आपको खेलने पर मजबूर करेगा और याद दिलाएगा कि असली मज़ा क्या होता है।

इस गर्मी का सबसे एनिमेटेड वीकेंड मिस मत करो!

द जायंट व्हील फेस्टिवल

30 मई से 1 जून 7 आर सिटी मॉल, घाटकोपर

टिकट सिर्फ BookMyShow पर उपलब्ध।

चलो इस गर्मी को बनाते हैं शानदार – एक समय में एक कार्टून के साथ!

## BOSS बर्गर के सीमित समय के 50% छूट के साथ अंतर्राष्ट्रीय बर्गर दिवस मनाएँ

**लखनऊ।** बर्गर डिलीवरी ब्रांड, BOSS बर्गर बाय सोशल, एक अनूठा मेनू और चुनिंदा बर्गर पर 50% तक की छूट के साथ एक अविस्मरणीय ऑफ़र के साथ अंतर्राष्ट्रीय बर्गर दिवस मना रहा है, जो 28 मई को विशेष रूप से स्विगी और ज़ोमैटो पर उपलब्ध है। भारत के 10 शहरों में उपलब्ध, BOSS बर्गर का मेनू उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री से तैयार किए गए बोल्ड, शानदार स्वाद लाता है, जो आपके दरवाजे पर सीधे प्रीमियम बर्गर का अनुभव देता है। चाहे आप अपने लिए ऑर्डर कर रहे हों या दोस्तों की मेज़बानी कर रहे हों, BOSS बर्गर को रसदार पैटीज़ और पंची सॉस के अपने सिग्नेचर मिक्स के साथ आपके बर्गर के पलों को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। BOSS बर्गर का मेनू स्वाद और भोग का एक शानदार उत्सव है, जिसमें हर लालसा को संतुष्ट करने के लिए तैयार किए गए लाजवाब बर्गर की एक



लाइनअप है। इस दौड़ में सबसे आगे हैं स्वादिष्ट स्मैश बर्गर, जिसमें सबसे आगे और बीच में है स्वादिष्ट चिकन स्मैश बर्गर, जो डबल-पैटी वैरिएंट में उपलब्ध है, जो उन लोगों के लिए है जो एक अतिरिक्त बाइट की लालसा रखते हैं। मसालों के शौकीनों के लिए, तीखा पेरी-पेरी ग्रिल्ड चिकन बर्गर गर्मी का तड़का लगाता है, जो मलाईदार गुआकामोल और कुरकुरी सब्जियों के साथ पूरी तरह से संतुलित है। कोरियन फ्राइड चिकन बर्गर अपने बोल्ड, सॉसी ग्लेज़ और भरपूर स्वाद प्रोफ़ाइल के साथ एक रोमांचक एशियाई ट्विस्ट लाता है, जो हर बाइट में एक अलग स्वाद का वादा करता है। कुछ वाकई अनोखे के लिए, शम्स सिग्नेचर स्टेक बर्गर में स्वादिष्ट स्टेक बिट्स, एक सनी-साइड-अप अंडा और हॉट मेयो का संयोजन एक स्वादिष्ट, स्वादिष्ट मास्टरपीस के लिए किया गया है।

शाकाहारी विकल्प भी उतने ही शानदार हैं। चटपटा समोसैलिशियस स्मैश बर्गर मसालेदार आलू पैटी को क्लासिक चटनी के साथ मिलाकर देसी स्वाद देता है, जबकि पनीर चीज़ बॉम्ब बर्गर पैंको-क्रम्ब्ड पनीर, मोज़ेरेला और कुरकुरी सब्जियों का एक ऐसा स्वादिष्ट मिश्रण है जिसका विरोध करना मुश्किल है। प्रीमियम सामग्री का उपयोग करके तैयार और बोल्ड फ्लेवर से भरपूर, BOSS बर्गर की लाइन-अप हर किसी के लिए कुछ न कुछ पेश करती है–चीज़ी से लेकर मसालेदार और स्वादिष्ट मीटी तक–सीधे आपके दरवाज़े पर डिलीवर की जाती है। चुनिंदा बर्गर पर 50% तक की छूट के साथ बर्गर डे मनाएँ–केवल एक दिन, 28 मई को Swiggy और Zomato पर उपलब्ध।

## मोटर इंश्योरेंस में रोडसाइड असिस्टेंस कवरेज ऐड-ऑन की लोकप्रियता बढ़ी

**वाराणसी।** किसी भी वाहन चालक के लिए वाहन को चलाते समय सुरक्षा और आराम उनकी पहली प्राथमिकता होती है। रोडसाइड असिस्टेंस कवरेज ऐड-ऑन, किसी भी टू-व्हीलर या कार की इंश्योरेंस पॉलिसी के साथ लेना महत्वपूर्ण है। रोडसाइड असिस्टेंस कवरेज ऐड-ऑन पूरे देश में वाहन मालिकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह इमरजेंसी के दौरान तुरंत सहायता प्रदान करता है, जिसमें समय पर मरम्मत, टोइंग, इमरजेंसी की स्थिति में फ्यूल की डिलीवरी कराना या फ्लैट टायर होने पर मिलने वाली मदद शामिल हो सकती है।मानस कपूर, हेड-टू-व्हीलर इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम ने बताया सुपर और क्रूजर बाइक के मालिकों सहित सीसी मोटरसाइकिल मालिकों ने भी कॉम्प्रिहेंसिव RSA पैकेज चुनने की ओर अधिक प्राथमिकता दिखाई है। जैसे-जैसे उपभोक्ता अधिक शिक्षित होते जा रहे हैं, वे न केवल किफायती RSA विकल्पों की तलाश कर रहे हैं, बल्कि अपनी ज़रूरतों के हिसाब से डिज़ाइन की गई अतिरिक्त सर्विस की भी तलाश कर रहे हैं। अब, RSA को थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस पॉलिसी पॉलिसियों के साथ भी लिया जा सकता है। हालांकि, यह लाभ वर्तमान में बहुत कम बीमाकर्ताओं तक ही सीमित है। इसके अलावा नशे में गाड़ी चलाने, वाहन के अनधिकृत उपयोग या घटना का खुलासा न करने के कारण होने वाली खराबी के लिए इसके अंतर्गत कवरेज नहीं मिलता है।

इंडस्ट्री लेवल पर RSA भुगतान किए गए प्रीमियम और प्राप्त मूल्य के बीच के अंतर को भरने की दिशा में काम कर रहा है, खासकर टू-व्हीलर्स के लिए जिसमे घटना के क्लेम कम हैं। उपभोक्ताओं के बीच ऋ की बढ़ती लोकप्रियता के साथ यह जल्द ही यह प्रत्येक इंश्योरेंस प्रोवाइडर की पेशकश का एक अभिन्न अंग बन जाएगा, जो रोड साइड असिस्टेंस और सुरक्षा में भारतीय मोटर चालक के अनुभव को फिर से परिभाषित करेगा।

## चेतन भगत ने किया 'वर्ल्ड ऑफ बेसाल्ट रिइनफोर्समेंट का विमोचनः टिकाऊ इंजीनियरिंग की ओर एक नया कदम

**मुंबई।** साहित्य, इंजीनियरिंग और पर्यावरण चेतना के संगम का एक ऐतिहासिक क्षण मुंबई में देखने को मिला, जब प्रसिद्ध लेखक और आईआईटी के पूर्व छात्र चेतन भगत ने महेश कुमार जोगानी द्वारा लिखित बहुप्रतीक्षित पुस्तक वर्ल्ड ऑफ बेसाल्ट रिइनफोर्समेंट का भव्य विमोचन किया। इस कार्यक्रम ने टिकाऊ सामग्री के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया और नवाचार व पर्यावरणीय जिम्मेदारी पर एक नई बहस की शुरुआत की।

चेतन भगत ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के तेजी से शहरीकरण के दौर में टिकाऊ सामग्री को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, सस्टेनेबल (स्थायी) सामग्री कोई विलासिता नहीं, बल्कि समय की आवश्यकता है। भगत ने जोगानी की संरचनात्मक मजबूती और व्यावहारिक नवाचार के प्रति समर्पण की सराहना की और कहा कि यह पुस्तक इंजीनियरों और नीति-




निर्माताओं के लिए टिकाऊ और मजबूत समाधान खोजने में सहायक सिद्ध होगी। 'वर्ल्ड ऑफ बेसाल्ट रिइनफोर्समेंट का केंद्र बिंदु है बेसाल्ट फाइबर, जो ज्वालामुखी चट्टान से प्राप्त एक अत्याधुनिक सामग्री है। अपनी अद्वितीय मजबूती, जंग-प्रतिरोध और कम पर्यावरणीय प्रभाव के कारण बेसाल्ट फाइबर पारंपरिक स्टील और ग्लास फाइबर का एक बेहतरीन विकल्प बनकर उभर रहा है। पुस्तक में बेसाल्ट का विज्ञान, उसकी संरचना, गुणधर्म और एयरोस्पेस से लेकर ऑटोमोबाइल तक के वास्तविक अनुप्रयोगों को सरल भाषा में समझाया गया है।

जोगानी का कार्य प्रकृति और तकनीक के बीच समन्वय पर केंद्रित है । पुस्तक में स्पष्ट व्याख्याएं और व्यावहारिक उदाहरण दिए गए हैं, जो छात्रों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों के लिए इसे बहुमूल्य बनाते हैं। अनेक केस स्टडी और अनुप्रयोग उदाहरण यह दर्शाते हैं कि बेसाल्ट फाइबर निर्माण और विनिर्माण में किस तरह क्रांति ला सकता है।

महेश कुमार जोगानी को कंपोजिट्स, औद्योगिक रिइनफोर्समेंट और मटेरियल साइंस में 20 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वे एक शोध इंजीनियर और टेक्नो-उद्यमी हैं, जिनके नाम कई पेटेंट हैं और जिन्होंने हमेशा टिकाऊपन, दक्षता और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी है। उनका व्यावहारिक दृष्टिकोण और वास्तविक समाधानों पर ध्यान उन्हें टिकाऊ निर्माण विधियों में अग्रणी बनाता है। जोगानी कहते हैं, मेरा उद्देश्य है कि इंजीनियर अलग सोचें। नवाचार को प्रकृति की कीमत पर नहीं आना चाहिए। बेसाल्ट के साथ हम प्रदर्शन और टिकाऊपन दोनों पा सकते हैं। दुनिया भर में आधारभूत संरचना की मांग बढ़ने और जलवायु संकट गहराने के बीच वर्ल्ड ऑफ बेसाल्ट रिइनफोर्समेंट एक महत्वपूर्ण समय पर आई है।

## अनमोल इंडस्ट्रीज ने लखनऊ डिस्ट्रीब्यूटर मीट में किया नए उत्पादों का अनावरण



**लखनऊ।** भारत की प्रमुख पैकेज्ड फूड कंपनियों में से एक, अनमोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने रमाडा बाय विंडहैम, लखनऊ में डिस्ट्रीब्यूटर मीट 2025 का भव्य आयोजन किया। उड़ान संकल्प सबकी प्रगति का थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में अनमोल की मजबूत साझेदारियों, साझा उपलब्धियों और आगामी वित्तीय वर्ष के लिए दूरगामी विकास लक्ष्यों का उत्सव मनाया गया। इस सुव्यवस्थित कार्यक्रम में लखनऊ क्षेत्र के प्रमुख डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ-साथ कंपनी के वरिष्ठ नेतृत्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अंकित चौधरी, हेड सेल्स श्री राम सिन्हा, ज़ोनल सेल्स मैनेजर श्री सुब्रत डे और रीजनल सेल्स मैनेजर्स ने शिरकत की। अपने ब्रांड के वादे ÷हर पल अनमोल÷ को निभाते हुए, कंपनी ने अपने सभी साझेदारों और उपभोक्ताओं से गहरे जुड़ाव के महत्व पर बल दिया। इस मीट में अनमोल की यात्रा को प्रेरित करने वाले विश्वास और प्रतिबद्धता का समारोह मनाया गया और उन शीर्ष प्रदर्शन करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स को हृदय से सम्मानित किया गया जिन्होंने क्षेत्र में ब्रांड की उपस्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा अनमोल के नए उत्पादों की घोषणा। इसमें अनमोल बॉर्बन, डार्को (प्रीमियम डार्क चॉकलेट क्रीम बिस्किट्स) और आने वाले समय में लांच होने वाले अन्य इनोवेटिव उत्पाद शामिल हैं।

## पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ बने साझा वैश्विक मंचः राघव चड्ढा



**नई दिल्ली।** राघव चड्ढा ने मजबूती से भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि पहलगाम हमले में देश ने 26 मासूम निर्दोष नागरिकों को खोया है। इसे किसी भी कीमत पर भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी कैंपों के खिलाफ जो कठोर कार्रवाई की है। पहलगाम हमले के बाद पूरी दुनिया में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर चर्चा हो रही है। भारत ने हर मंच से अपनी बात मजबूती के साथ रखी है और कहा है कि इस तरह के हमलों का करारा जवाब दिया जाएगा। आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने कहा है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को साझा मंच विकसित करना चाहिए जिससे इस तरह के आतंकवाद को पूरी दुनिया में कहीं समर्थन न मिले। उन्होंने यह बात ग्लोबल एशियन लीडरशिप कॉन्फ्रेंस में कहा। राघव चड्ढा ने मजबूती से भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि पहलगाम हमले में देश ने 26 मासूम निर्दोष नागरिकों को खोया है। इसे किसी भी कीमत पर भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी कैंपों के खिलाफ जो कठोर कार्रवाई की है, उसने एक नया आयाम स्थापित किया है और इस बात की घोषणा कर दी है कि अब किसी भी आतंकी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जैसे शांति के पुजारी हमारे देश के हैं तो सुभाष चंद्र बोस जैसे लोग भी यहीं पैदा हुए हैं। हम अपने ऊपर होने वाले किसी भी हमले का करारा जवाब देना जानते हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की एक नई और बदली छवि की वैश्विक स्तर पर घोषणा की है, और इसका आशय यही है कि अब भारत को चोट पहुंचाने वाले को किसी भी आतंकी को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।

## आतंकवादियों ने खुद दुनिया को दिया ऑपरेशन सिंदूर का सबूत

**कार्रवाई**

**उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की सटीक सैन्य कार्रवाई ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा को करारा जवाब दिया।**



**पणजी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक कार्रवाई बताया और कहा कि अब भारत हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने देश को आगे बढ़ाने के लिए शांति, सुरक्षा और विकास पर जोर दिया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को गोवा के वास्को शहर में मुरमुगांव पोर्ट अथॉरिटी (एमपीए) की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकियों ने खुद ही ऑपरेशन सिंदूर का सबूत पूरी दुनिया को दे दिया है। उन्होंने बताया कि जिन आतंकियों को इस ऑपरेशन में निशाना बनाया गया, उनके ताबूतों को पाकिस्तानी सेना, वहां के राजनेता और आतंकी संगठन खुद ले जा रहे थे।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की सटीक सैन्य कार्रवाई ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा को करारा जवाब दिया। यह एक वैश्विक संदेश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की धरती से यह संदेश दिया कि अब आतंकवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह सैन्य कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार की गई थी, लेकिन भारत ने अपनी परंपराओं और मूल्यों का ध्यान रखते हुए केवल आतंकियों को ही निशाना बनाया। यह बहुत सुकून देने वाली बात है कि इस हमले में कोई आम नागरिक नहीं मारा गया। यह कार्रवाई भारत की नैतिकता के अनुरूप थी। उन्होंने यह भी कहा कि अब कोई भी इस ऑपरेशन के सबूत नहीं मांग रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर भारत की वह सैन्य कार्रवाई है जो 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई थी। उस हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसके जवाब में भारत ने इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान के अंदर मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने भारत की आर्थिक और सामरिक मजबूती की भी बात की। उन्होंने कहा, भारत आज एक वैश्विक आर्थिक शक्ति और समुद्री ताकत बनकर उभर रहा है। शांति, विकास और स्थिरता के बिना यह संभव नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रति व्यक्ति आय में आठ गुना बढ़ोतरी की ज़रूरत है। और इसके लिए शांति अनिवार्य है। उपराष्ट्रपति ने कहा, जब तक हमारे पास सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और देश के प्रति प्रतिबद्धता नहीं होगी, तब तक शांति नहीं आ सकती।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने अपने दौरे के दौरान मुरमुगांव पोर्ट पर तीन प्रमुख परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। जिसमें तीन मेगावॉट का सौर ऊर्जा संयंत्र, दो हार्बर मोबाइल क्रेन की व्यावसायिक शुरुआत और कोयला लदान के लिए एक ढका हुआ ड्रोन सिस्टम। इस मौके पर गोवा के रायपाल पी. एस. श्रीधरन पिल्लई, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, और केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक भी उपस्थित थे।

## अशोका विवि के प्रोफेसर अली खान को सुप्रीम कोर्ट की फटकार



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने वाले अशोका विवि के सहायक प्रोफेसर अली खान को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपने सस्ती लोकप्रियता पाने की कोशिश की है। सुप्रीम कोर्ट ने अली खान को अंतरिम जमानत देते हुए जांच पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

## केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची स्टालिन सरकार, शिक्षा योजना का फंड रोके जाने पर दायर की याचिका



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने केंद्र सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। अपनी याचिका में राज्य सरकार ने कहा है कि, केंद्र ने समग्र शिक्षा योजना के तहत 2000 करोड़ से ज्यादा फंड रोके हैं। तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। यह याचिका समग्र शिक्षा योजना के तहत 2000 करोड़ से ज्यादा फंड रोके जाने को लेकर है। राज्य सरकार का आरोप है कि उसने नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू नहीं किया, इसलिए केंद्र ने फंड जारी नहीं किया।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि केंद्र सरकार को ?2000 करोड़ से ज्यादा की बकाया राशि तत्काल जारी करने का आदेश दिया जाए। इस रकम पर छह फीसदी सालाना ब्याज के साथ भुगतान किया जाए। केंद्र की तरफ से एनईपी लागू करने के बहाने फंड रोकने की कार्रवाई को असंवैधानिक, अवैध, मनमानी और गैर-जिम्मेदाराना घोषित किया जाए।

तिमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से साफ तौर पर कहा है कि एनईपी 2020 और प्रधानमंत्री श्री स्कूल योजना तमिलनाडु पर बाध्यकारी (बाइंडिंग) नहीं हो सकती। केंद्र को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2010 (राइट टू एजुकेशन एक्ट) के तहत अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए हर शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत से पहले 60त्न खर्च की राशि समय पर देनी चाहिए। राज्य सरकार ने यह भी आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति के जरिए हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है। तमिलनाडु सरकार लंबे समय से तीन-भाषा फॉर्मूला का विरोध करती रही है और दो टूक कहती रही है कि राज्य में हिंदी नहीं थोपी जा सकती। कुछ समय पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका खारिज की थी, जिसमें तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में तीन-भाषा फॉर्मूला लागू करने की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि, कोई अदालत सीधे किसी राज्य को नई शिक्षा नीति जैसे किसी नीति को लागू करने का आदेश नहीं दे सकती।कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर किसी राज्य की कार्रवाई से मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा हो, तभी हस्तक्षेप किया जा सकता है।

## आज भी खाली कराई जा रही 2.5 लाख वर्ग मीटर जमीन, 3000 पुलिसकर्मी भी तैनात

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद के चंदोला इलाके में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान का दूसरा चरण आज दूसरे दिन भी जारी है। इस अभियान में प्रशासन की तरफ से बड़े पैमाने पर अवैध निर्माणों को हटाया जा रहा है। बता दें कि यह अभियान कुल 2.5 लाख वर्ग मीटर से अधिक जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चलाया जा रहा है। इसके मद्देनजर कई बुलडोजर और 3000 से अधिक पुलिस कर्मियों को मौके पर तैनात किया गया है। मामले में जानकारी देते हुए अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के संयुक्त पुलिस आयुक्त (जेसीपी) जयपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि चंदोला इलाके में अभियान का दूसरा चरण कल से शुरू हुआ है।

## कोलकाता के आसमान में दिखे रहस्यमयी ड्रोन, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

**कोलकाता।** कोलकाता के आसमान में रहस्यमयी ड्रोन दिखने की बात सामने आर रही है। बताया जा रहा है कि ये ड्रोन सोमवार की रात को दिखाई दिए। ये ड्रोन कहां से आए और इन्हें कौन चला रहा था, इसकी जांच कोलकाता पुलिस कर रही है। हालांकि अभी तक इस बारे में पुलिस ने कुछ भी नहीं बताया है। भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद ड्रोन के दिखने से हडकंप मच गया है। हालंकि दोनों देशों के बीच सीजफायर चल रहा है। इन ड्रोनों को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहा हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमवार रात कोलकाता के कई इलाकों में इन ड्रोन को मंडराते हुए देखा गया। विक्टोरिया मेमोरियल से लेकर ब्रिगेड ग्राउंड तक ड्रोन उड़ते हुए देखे गए। जैसे ही यह जानकारी सामने आई, कोलकाता पुलिस सतर्क हो गई और ड्रोन के बारे में जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। दूसरी ओर भारतीय सेना ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि इसकी जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, ड्रोन में से अधिकांश विजय दुर्ग (पूर्व फोर्ट विलियम) के आसपास उड़ते देखे गए। चूंकि फोर्ट विलियम एक सैन्य क्षेत्र है, इसलिए इसे रेड ज़ोन के रूप में चिह्नित किया गया है। वहां ड्रोन जैसे उपकरणों के उड़ान पर सख्त प्रतिबंध है। यही कारण है कि सोमवार रात देखे गए ड्रोन को लेकर रहस्य और भी गहरा गया है। सूत्रों के मुताबिक फोर्ट विलियम और विक्टोरिया मैदान इलाकों में रात 9.45 बजे से 10.30 बजे के बीच करीब आठ से दस ड्रोन मंडराते रहे। बताया जा रहा है कि ये ड्रोन महेशतला और बेहला की तरफ से आए थे। आजकल ड्रोन का उपयोग कई कार्यों के लिए किया जाता है- जैसे समारोहों की वीडियोग्राफी, या पुलिस-प्रशासन की निगरानी। लेकिन सोमवार रात के ड्रोन किस प्रकार के थे, यही सबसे बड़ा सवाल है। कोलकाता पुलिस सूत्रों का कहना है कि इन ड्रोन को महेशतला की ओर से उड़कर आते हुए देखा गया। इस मुद्दे को लेकर कई क्षेत्रों को सतर्क कर दिया गया है और सेना को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। यह भी कहा जा रहा है कि यह एक

**मैदान**

**सूत्रों के मुताबिक फोर्ट विलियम और विक्टोरिया मैदान इलाकों में रात 9.45 बजे से 10.30 बजे के बीच करीब आठ से दस ड्रोन मंडराते रहे।**



अफवाह भी हो सकती है, लेकिन फिलहाल हर पहलू की गहराई से जांच की जा रही है, ऐसा भारतीय सेना की ओर से बताया गया है। गौरतलब है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव के समय देश के सभी राज्यों को ड्रोन खतरों को लेकर सतर्क किया गया था। कोलकाता के आसमान में ड्रोन देखे जाने की खबर के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। इस बीच, भारतीय रक्षा मंत्रालय के मुताबिक कोलकाता के ऊपर ड्रोन देखे जाने की रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं और उनकी जांच की जा रही है। इस घटना की सत्यता की पुष्टि के लिए प्रयास जारी हैं। जैसे ही तथ्यों की पुष्टि होगी, आगे की जानकारी साझा की जाएगी। इस बीच, मीडिया से अनुरोध किया जाता है कि वह अटकलें न लगाएं।

## एशियाई देशों के लिए सर्वदलीय सांसद दल रवाना

**दुनिया**

**भाजपा सांसद डॉ हेमंग जोशी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और उसके जो परिणाम थे, उसे पूरी दुनिया ने देखा है।**



**नई दिल्ली।** संजय कुमार झा के नेतृत्व में बुधवार को सर्वदलीय सांसद दल जापान, कोरिया, मलयेशिया, इंडोनेशिया और सिंगापुर के लिए नई दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना हुए। इन देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले सांसद संजय झा ने कहा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल इन देशों में जाकर दुनिया को यह बताना चाहता है कि पाकिस्तान आतंकवाद के सहारे जिंदा है। जदयू सांसद संजय कुमार झा की अगुवाई में एक सर्वदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलयेशिया और सिंगापुर की यात्रा के लिए बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ देश की प्रतिबद्धता को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर करना है।

इन देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले संजय कुमार झा ने कहा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल इन देशों में जाकर दुनिया को यह बताना चाहता है कि पाकिस्तान आतंकवाद के सहारे जिंदा है और भारत इसके खिलाफ मजबूती से लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत की विदेश नीति और वैश्विक कूटनीति का अहम हिस्सा है।

बता दें कि इस प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं, जिनमें भाजपा सांसद प्रदन बरूआ, बृज लाल, डॉ. हेमांग जोशी और अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी, सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास और पूर्व राजदूत मोहन कुमार हैं। यात्रा पर रवाना होने से पहले संजय झा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात संसदीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजे हैं। हमारा दल जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का आतंकवाद कोई अलग समूह नहीं, बल्कि उसकी राय नीति है और हमारा काम है कि हम ये सचाई पूरी दुनिया को बताएं।

जदयू सांसद ने कहा कि अब पाकिस्तान के न्यूक्लियर ब्लफ से डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि हम ये स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि अब बहुत हो गया, भारत अब आतंकवाद सहन नहीं करेगा। इसके साथ ही सिंधु जल संधि पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 1960 में जब संधि हुई थी, तो मान लिया गया था कि भारत-पाकिस्तान में सौहार्दपूर्ण संबंध रहेंगे, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। वहीं भाजपा सांसद बृज लाल ने कहा कि हम पाकिस्तान को एक्सपोज करेंगे, हम पाकिस्तान को आतंकिस्तान कहते हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद हमने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। हमने उनके आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया, हमें पूरी दुनिया में पाकिस्तान को एक्सपोज करना है और उसी के लिए हमारा प्रतिनिधिमंडल जा रहा है। भाजपा सांसद डॉ हेमंग जोशी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और उसके जो परिणाम थे, उसे पूरी दुनिया ने देखा है। उन्होंने कहा कि जो तत्व हमले करवा रहे हैं, उनके खिलाफ हमने क्या कार्रवाई की, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकवाद के खिलाफ की इस लड़ाई में दुनिया का समर्थन मिला है। और इस लड़ाई को और मजबूत बनाने, पूरी दुनिया को इसके साथ जोड़ने के लिए हमारा प्रतिनिधिमंडल विदेश जा रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों और अन्य साझेदार देशों का दौरा करेंगे। इन दलों का नेतृत्व कांग्रेस सांसद शशि थरूर, बीजेपी के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, जेडीयू के संजय झा, डीएमके की कनिमोझी और एनसीपी-एसपी की सुप्रिया सुले कर रहे हैं।

## यूक्रेनी सेना को खदेड़ने के दावे के बाद कुर्स्क क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे पुतिन

**दौरा**

**यूक्रेन की सेना को खदेड़ने के दावे के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कुर्स्क क्षेत्र का दौरा किया।**

**मॉस्को।** अगस्त 2024 में यूक्रेनी सेना ने कुर्स्क में घुसपैठ की थी। हाल ही में रूस ने दावा किया था कि उसने पिछले महीने यूक्रेनी सेना को कुर्स्क क्षेत्र से बाहर निकाल दिया है। पुतिन ने कुर्स्क में परमाणु ऊर्जा संयंत्र-2 का दौरा किया। यहां उन्होंने सैनिकों से मुलाकात की।

यूक्रेन की सेना को खदेड़ने के दावे के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कुर्स्क क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने यहां पहुंचकर सैनिकों से मुलाकात की। हाल ही में रूस ने दावा किया था कि उसने पिछले महीने यूक्रेनी सेना को कुर्स्क क्षेत्र से बाहर निकाल दिया है।

रूस की सरकारी मीडिया ने एक वीडियो में दिखाया कि पुतिन ने कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र-2 का दौरा किया। यह अभी भी निर्माणाधीन है। पुतिन ने बंद दरवाजों के पीछे चयनित स्वयंसेवकों से मुलाकात की। इसमें कई स्वयंसेवक रूसी ध्वज वाले कपड़े पहने थे। पुतिन ने स्वयंसेवकों से कहा कि कठिन परिस्थिति के दौरान आप इस इलाके और देश के लिए जो कुछ कर रहे हैं, वह जीवन भर आपके साथ रहेगा, क्योंकि यह आपके जीवन का सबसे सार्थक कार्य है। पुतिन ने कुर्स्क के कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिन्शतेन से कहा कि हम उन विस्थापित परिवारों को मासिक



भुगतान जारी रखेंगे जो अभी भी अपने घरों को वापस नहीं लौट सके हैं। वह इस क्षेत्र में एक संग्रहालय बनाने के प्रस्ताव का समर्थन करेंगे। इससे पहले पुतिन ने मार्च में कुर्स्क क्षेत्र का दौरा किया था। तब यूक्रेनी सैनिकों का क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर कब्जा था।

इस दौरान रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर ड्रोन भेजने का आरोप लगाया। रूस ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में देशभर में 159 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। इनमें ओरयोल क्षेत्र में 53 और ब्रायंस्क क्षेत्र में 51 ड्रोन मार गिराए गए। वहीं यूक्रेन ने कहा कि उसके उत्तरी सुमी क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमलों में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। कीव क्षेत्र में एक परिवार के चार सदस्य उस समय घायल हो गए जब ड्रोन का मलबा उनके घर पर आ गिरा। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि रूस ने यूक्रेन पर रात भर में 76 शाहेड और नकली ड्रोन दागे।

अगस्त 2024 में यूक्रेनी सेना ने कुर्स्क में घुसपैठ की थी। यह घुसपैठ द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार थी जब किसी आक्रमणकारी ने रूसी क्षेत्र पर कब्जा किया था और क्रेमलिन के लिए अपमानजनक था। 2023 के अंत से कुर्स्क को छोड़कर युद्ध के मैदान में रूस ने कई जगह बढ़त हासिल की है।

## सीपीईसी परियोजना को चीन ने अफगानिस्तान तक बढ़ाया, त्रिपक्षीय बैठक में पाकिस्तान भी हुआ शामिल



**बीजिंग।** सीपीईसी से संबंधित घोषणा पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री/विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच बीजिंग में एक अनौपचारिक त्रिपक्षीय बैठक के बाद की गई।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने बुधवार को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमत हुए हैं। इस्लामाबाद में विदेश कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सीपीईसी से संबंधित घोषणा पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री/विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच बीजिंग में एक अनौपचारिक त्रिपक्षीय बैठक के बाद की गई।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री तीन दिवसीय बीजिंग यात्रा पर हैं, जो भारत द्वारा पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी स्थलों को निशाना बनाकर शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली उच्चस्तरीय वार्ता है। बैठक के बाद इशाक डार ने कहा, पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और विकास के लिए एक साथ खड़े हैं। उन्होंने तीनों नेताओं की एक साथ तस्वीर भी साझा की।

पाकिस्तान की ओर से जारी बयान में कहा गया है, उन्होंने कूटनीतिक जुड़ाव बढ़ाने, संचार को मजबूत करने और साझा समृद्धि के प्रमुख कारकों के रूप में व्यापार, बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक कदम उठाने पर चर्चा की।

भारत ने 60 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाले सीपीईसी के निर्माण का विरोध किया है, क्योंकि यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजर रहा है। बयान में कहा गया कि इस बात पर सहमति हुई कि विदेश मंत्रियों की छठी त्रिपक्षीय बैठक काबुल में शीघ्र ही पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि पर आयोजित की जाएगी।

## प्रदर्शनकारियों की मौत के बाद भीड़ ने गृह मंत्री के घर में लगाई आग; सिंध में नहीं रुक रही हिंसा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में चल रहे विरोध प्रदर्शनों ने अब बड़ा रूप ले लिया है। दो प्रदर्शनकारियों की मौत ने जनाक्रोश को और बढ़ा दिया, जिसके चलते हिंसा फैली और प्रांत के गृह मंत्री के घर को भी निशाना बनाया है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हालात बद से बदतर होते जा रहा है। वहीं प्रदर्शनकारियों के विरोध-प्रदर्शन के बाद शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा घटनाक्रम में नौशेह्रो फेरोज जिले में मंगलवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में दो लोगों की मौत हो गई। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लांजार का घर जला दिया। यह घटना सिंध प्रांत के मोरो तालुका में नेशनल हाईवे पर हुई, जहां एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ता छह नहरों और कॉर्पोरेट खेती के खिलाफ धरना देने वाले थे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई और देखते ही देखते झड़प हिंसक हो गई। एक स्थानीय समाचार पत्र के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प में कम से कम दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई, जिनकी पहचान इरफान लाघारी और जाहिद लाघारी के रूप में हुई है। जबकि दोनों तरफ से कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इस दौरान एक पुलिसकर्मी के सिर से खून बहता देखा गया, जिसे अस्पताल में भी इलाज नहीं मिला और उसे बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने तीन ट्रकों में आग लगा दी, जिनमें एक तेल टैंकर भी था। कुछ ट्रकों से यूरिया की बोरियां लूट ली गईं, जिनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।हिंसा बढ़ने के बाद गुस्साई भीड़ ने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लांजार के घर पर हमला कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने घर के कमरों और फर्नीचर को जला दिया गया। एसी की बाहरी यूनिट को छत से नीचे फेंक दिया गया।

## बलूचिस्तान में स्कूल बस में आत्मघाती विस्फोट, चार बच्चों सहित पांच की मौत; 40 घायल

**कराची।** बलूचिस्तान में स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही बस में विस्फोट हो गया। इसमें चार बच्चों सहित पांच की मौत हो गई। वहीं, चालीस लोग घायल हुए हैं। शुरुआती जांच में इसे आत्मघाती हमला माना जा रहा है।

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान में एक स्कूल बस में आत्मघाती धमाका हुआ, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें चार बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा, 40 घायल हुए हैं। यह विस्फोट खुजदार जिले में हुआ है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी।

स्कूल बस बच्चों को लेकर जा रही थी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट कथित तौर पर आईईडी के जरिए किया गया। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने इसे कायरतापूर्ण और वीभत्स हमला बताया और कहा कि इसमें तीन बच्चे और दो वयस्क नागरिक मारे गए और कई बच्चे घायल हो गए हैं।

खुजदार के उपायुक्त यासिर ने बताया कि जीरो प्वाइंट इलाके के पास हुए विस्फोट में 40 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हमले के बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने जांच के लिए सबूत एकत्र किए। यासिर ने कहा कि शुरुआती जांच में यह संकेत मिल रहा है कि यह एक आत्मघाती हमला था।

उन्होंने बताया कि शवों और घायलों को संयुक्त सैन्य अस्पताल ले जाया गया है। गंभीर रूप से घायलों को यहां से क्वेटा और कराची के अस्पतालों में भेजा जाएगा। शुरुआती रिपोर्ट से पता चला है कि विस्फोट में चार बच्चे मारे गए हैं। जिओ न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक,



पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की और मासूमों और उनके शिक्षकों की हत्या पर दुख जताया। उन्होंने अधिकारियों को अपराधियों की पहचान करने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने का निर्देश भी दिया। वहीं, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी हमले की निंदा की और इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन बताया।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के सम्बन्ध में कार्यशाला आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के सम्बन्ध में कलेक्ट्रट सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत 597 आवेदन स्वीकृत हुए है और 475 युवाओं को लोन वितरित कराकर जनपद प्रथम स्थान पर है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में और अधिक गति प्रदान करने के उद्देश्य से लाभार्थियों और बैंकर्स के बीच समन्वय के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें लाभार्थियों और बैंकर्स के बीच संवाद कराया गया और ऋण वितरण में आने वाली समस्याओं हेतु सम्बन्धित बैंक के अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जो भी बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी कार्य नही कर रहे है उन्हे चिन्हित करते हुए कार्यवाही की जाएगी और जिन्होने भी अच्छा कार्य किया है उन्हे उनके प्रदर्शन के आधार पर ए, बी और सी कैटेगरी में चयन करते हुए सम्मानित किया गया है और भविष्य में भी सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा रविन्द्र कुमार यादव, सदानन्द शर्मा, प्राची गुप्ता, अनिरूद्व पाडेय, और प्रकाश चन्द्र को ऋण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उन्होंने बडौदा यूपी बैंक के शाखा प्रबन्धक शंकरगज बबिता गौड, करंजाकला के राजीव यादव और चाचकपुर के ललिता, यू0बी0आई0 के शाखा रामपुर के प्रबन्धक अभिजित आर्य, रामनगर भडसरा के रजनीश कुमार और कजगांव के अनुराधा चौहान, शाखा प्रबन्धक स्टेट बैंक आफ इण्डिया टीडी कालेज के गिरीश कुमार यादव को अंगवस्त्रम और मिष्ठान देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंको की शाखाओं में स्वस्थ वातावरण का माहौल बनाया जाए। बैंको में सीएम युवा योजना में जिन प्रपत्रों की आवश्यकता है, उसकी चेक लिस्ट जारी की जाए और इसके अलावा अन्य प्रपत्र की मांग न की जाए। आवेदकों के आवेदन पत्र में जो भी दस्तावेज नही है उन्हे पूर्ण कराते हुए शीघ्र ऋण देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनपद के युवा इस अभियान के माध्यम से लाभान्वित होंगे तथा रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़ेंगे और जनपद के विकास मे सहयोग प्रदान करेंगे। इस इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, एलडीएम, प्रबन्धक गौरव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# छात्र नेता पर दर्ज एफआईआर रद्द कराने को लेकर प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नागरिक समाज के लोगों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता मनीष कुमार के समर्थन में प्रदर्शन किया। मनीष कुमार आइसा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। बुधवार को जिला कचहरी परिसर में हुए प्रदर्शन में लोगों ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि मनीष कुमार ने सोशल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कुछ सवाल उठाए थे। इसके बाद आजमगढ़ के कंधरापुर थाने में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। उन पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 (2) और आईटी एक्ट 2008 की धारा 67 के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने चार प्रमुख मांगें रखीं हैं। पहली, मनीष कुमार के खिलाफ दर्ज एफआईआर संख्या 0136/ 2025 को तुरंत रद्द किया जाए। दूसरी, थाना प्रभारी द्वारा पद के दुरुपयोग की निष्पक्ष जांच हो। तीसरी, पहलगाम घटना की न्यायिक जांच कर दोषियों को सजा दी जाए। चौथी, ऑपरेशन सिंदूर पर उठे सवालों का सरकार सार्वजनिक जवाब दे। नागरिक समाज के सदस्यों का कहना है कि मनीष कुमार ने संवैधानिक दायरे में रहकर सवाल पूछे हैं। उनका मानना है कि सरकार असहमति को दबाने की कोशिश कर रही है। प्रदर्शन के दौरान सवाल पूछना अपराध नहीं और लोकतंत्र बचाओ, आवाज उठाओ जैसे नारे लगाए गए।

## आउटसोर्सिंग नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उतरांव थाना क्षेत्र के रानियाडीह गांव में आउटसोर्सिंग नौकरी के नाम पर पैसों के विवाद में एक युवक ने पिस्टल तान दी। पीड़ित अखिलेश कुमार ने बताया कि आरोपी आरपीत सिंह ने रेलवे में आउटसोर्सिंग नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे पैसे लिए थे। आरपीत सिंह अखिलेश के घर पहुंचा और अपने पैसे वापस मांगने लगा। पैसे नहीं मिलने पर उसने अवैध तमंचा निकालकर अखिलेश के सीने पर तान दिया। परिवार के लोगों ने बीच-बचाव करते हुए आरोपी से पिस्टल छीन ली। घिर जाने पर आरपीत ने सुलह-समझौते की बात की और अपनी गलती मानते हुए लिखित समझौता किया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि वे मामले की गहनता से जांच करेंगे और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भीषण गर्मी से लोग परेशान

- लू, तपिश से सड़कें सूनी, बाजारों में सन्नाटा
- गर्म होकर ट्रिप होने से बचाने के लिए ट्रांसफार्मरों को कूलर से कर रहे ठंडा




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में मौसम में गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी से जन जीवन प्रभावित हो रहा है। तेज धूप और तपिश और लू ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। दोपहर में आसमान से आग बरसने लगती है। ऐसे में घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बाजारों में सन्नाटा है, सड़कें सूनी हैं, गलियों में भी चहल पहल नहीं नजर आ रही है। गर्मी का सितम इतना बढ़ गया है कि बिजली विभाग के ट्रांसफॉर्मर जवाब देने लगे हैं। कहीं ट्रांसफॉर्मर ट्रिप कर जा रहे तो कहीं धुआं निकलने लग रहा है। बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए कूलरों का इंमजाम किया है। म्योहाल उपकेंद्र में ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए 4 कूलर लगे हैं। कर्मचारी की ड्यूटी लगी है कि वह कूलरों में पानी भरता रहे ताकि ट्रांसफार्मर ठंडे हो सकें।

इसी प्रकार बेली, करेलाबाग, बिजली घर आदि में भी कूलरों का इंतजाम किया गया है। सर्वर रूमों में एसी या फिर कूलर लगाए गए हैं ताकि ट्रिपिंग न हो। प्रयागराज का तापमान 43 से 45 तक पहुंच जा रहा है। दिन में लू के थपेड़े हैं तो शाम के बाद गर्म हवाएं परेशान कर रही हैं।

लू की चपेट में आकर लाग अस्पताल पहुंच रहे हैं। बीमार होने वालों में ज्यादातर बच्चे हैं। भीषण गर्मी से फिलहाल राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। मौसम विभाग ने भी हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। बुधवार को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में लू की चपेट में आए कई लोग पहुंचे। प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीज पहुंच रहे हैं।

# ईगल आई अकादमी के निशानेबाजों ने जीते 36 पदक



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** 25वीं यूपी प्री. स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में ईगल आई शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 स्वर्ण, नौ रजत एवं 11 कांस्य पदक सहित 36 पदक जीते। अकादमी के राइफल कोच फरीद उद्दीन एवं पिस्टल कोच विजय चंदेल ने बताया कि सदर बाजार स्थित कैंट जूनियर हाईस्कूल में 15 से 18 मई तक आयोजित इस चैंपियनशिप में प्रदेश के 56 जिलों से लगभग 1260 निशानेबाजों ने प्रतिभाग किया। जिसमें ईगल आई अकादमी के पदक विजेता निशानेबाजों ने 30वीं राज्य चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई कर लिया। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि यूपी स्टेट राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सांसद श्याम सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि एसीएल सीडीए पेंशन के आशीष यादव, छावनी परिषद के मुख्य अधिशाषी अधिकारी मो. समीर इस्लाम, यूपीएसआरए के महासचिव जीएस सिंह, उपाध्यक्ष रामेन्द्र शर्मा, छावनी परिषद के सदस्य विनोद कुमार वाल्मिकी, मोहम्मद दानिश ने विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित किया।

# माह अप्रैल, मई एवं जून 2024 मे मौनपालक क्या करे

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि इन महीनों मे गर्मी अधिक बढ़ने के कारण मधुमक्खियों की गतिविधियों में शिथिलता आने लगती है, क्योंकि मौनों को पर्याप्त मात्रा में मकरन्द नहीं मिल पाता है। भोजन की कमी के कारण ब्रूड रियरिंग अर्थात् लगातार अण्डे देने की गति धीमी हो जाती है। माह मई एवं जून में वायुमण्डल का तापक्रम बढ़ने के कारण मौनों का अधिक समय पानी लाने एवं मौनगृह का तापमान नियन्त्रित करने में लग जाता है। इस ऋतु (सीजन) में मौनवंशों को शक्तिशाली बनाये रखने तथा गर्मी से बचाय मौनालय प्रबन्धन हेतु निम्नलिखित सलाह दी जाती है। मौनवंशों को लू से बचाने के लिए मौनगृहों को चारों ओर घास-फूस की टियों की बाड़ लगाने की व्यवस्था की जाये तथा मौनगृहों का प्रवेश द्वार उत्तर दिशा में रखा जाये। माइग्रेशन करते समय यह ध्यान रहे कि मौनवंशों को हमेशा ऊँचे एवं छायादार स्थान पर रखा जाय ताकि तेज धूप एवं गर्मी तथा अचानक वर्षा के पानी के भराव से मौनवंशों को बचाया जा सके। मौनगृह के ऊपर भीगा बोरा रखकर उसे सुबह एवं सायं गीला करते रहें जिससे मौनगृह के अन्दर का तापक्रम नियंत्रित रखा जा सकें। मौनवंशों को पानी देने के लिए मौनालय में जगह-जगह पर मिट्टी के बर्तन में स्वच्छ पानी भर कर रखें ताकि मौने आसानी से आवश्यकतानुसार पानी ले सकें, तथा समय-समय पर चीटी अवरोधक प्यालियों का पानी बदलते रहें। मौनवंशों में प्रजनन की गति को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु मौनालय को लता वाली सब्जियों यथा- ककड़ी, खरबूजा, तरबूज, जामुन, कठ-जामुन, सूर्यमुखी, मक्का एवं बाजरा वाले क्षेत्रों में माइग्रेशन करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इन महीनों में ब्रूड रियरिंग हेतु मौनों को उत्तेजित करने के लिए पराग की कमी में परागपूर्ति भोजन देने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। आगामी मधुस्राव का लाभ लेने हेतु पुराने एवं खाली छत्तों को मौनगृह से निकाल कर पालीथीन बैग में सुरक्षित रख लें, ताकि अगले मधुनाव सीजन में इनका उपयोग हो सके। भोजन के अभाव में 500 ग्राम चीनी प्रति मौनवंश प्रति सप्ताह की दर से 40 भाग चीनी एवं 60 भाग पानी में घोल बनाकर गर्म करके ठंडा होने पर सायंकाल मौनों को दिया जाये। चीनी की इस मात्रा को सप्ताह में दो बार बराबर-बराबर मात्रा में देने से अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं। मोमी पतिंगे एवं माइट से बचाव हेतु आवश्यकतानुसार सल्फर का प्रयोग साप्ताहिक अन्तराल पर किया जाना चाहिये। मौनवंशों का निरीक्षण आवश्यकतानुसार ही करें तथा निरीक्षण सदैव सुबह या सायंकाल ही किया जायें। मौनगृहों को सफेद रंग से पेन्ट कर मौनालयवार लाल रंग से मौनालय का नाम मौनवंश संख्या स्पष्ट रूप से अंकित की जाय, जिससे मौनवंशों के निरीक्षण में कठिनाई न हो।

## ऑटो रिक्शा चालक समिति उ प्र.ने की ई रिक्शा चालकों के लिए स्टैंड की मांग

**आजमगढ़।** ऑटो रिक्शा चालक समिति उत्तर प्रदेश के लोगों ने जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को नामित एक ज्ञापन सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष कृपा शंकर पाठक ने कहा कि आजमगढ़ जनपद में भारी मात्रा में पारिवारिक रोजी रोटी और गरीबी मिटाने के दृष्टि से लोगों ने बैंकों आदि से कर्ज लेकर आटो रिक्शा, ई-रिक्शा खरीदकर चला रहे है। आटो रिक्शा व ई-रिक्शा के लिए पूरे जनपद में किसी नगर पालिका एवं नगर पंचायत एवं ग्रामीण तथा शहर क्षेत्रों में तमाम मौखिक आश्वासन के बावजूद आज तक कहीं कोई स्टैण्ड नहीं दिया गया। खानापूर्ति करने के लिए कहीं कहीं बोर्ड लगाए गये लेकिन वहाँ कोई जगह नहीं है। जिससे मार्ग भी अवरूद्ध हो जाता है और शहर एवं देहातों में फुटकर दुकानदार आधी सड़क तक अपना ठेला आदि लगा लेते है। परन्तु आटो रिक्शा सड़क के बीचो बीच चलते हुए पुलिस के चालान के शिकार हो जाते है। भारी तबाही के कारण न तो बैंको का किश्त जमा कर पा रहे है और न तो अपने परिवार का का खर्च चला पा रहे है। प्रशासन द्वारा 48 केन्द्र आर0टी0ओ0 द्वारा परिमार्जित तो है लेकिन कहीं स्टैण्ड नहीं बनाए गये है, जिसके कारण पुलिस जब चाहे हर स्तर से चलान कर देती है। चाहे आटो चालक किसी दुकान पर किनारे गाड़ी खड़ी कर पानी पीने, खाना खाने जाते है तो भी चालान कर दिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच का शांति भंग में चालान



**जौनपुर (खेतासराय)।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खेतासराय थाना पुलिस ने बुधवार को पांच लोगों को गिरफ्तार करके विधिक कार्रवाई करते हुए च शांति भंग में चालान न्यायालय भेज दिया है। पुलिस ने इन सभी की गिरफ्तारी विभिन्न ठिकानों से किया है। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में स्थानीय थाना क्षेत्र के सोंगर गांव निवासी सौरभ अस्थाना पुत्र स्व सुशील कुमार, राम श्रृंगार राजभर पुत्र रामलाल राजभर शामिल हैं। इसी थाना क्षेत्र के बडऊर गांव निवासी शिवप्रसाद सोनकर पुत्र स्व हरिलाल सोनकर और कुणाल सोनकर पुत्र शिव प्रसाद , निहाल सोनकर पुत्र शिव प्रसाद सोनकर के रूप में हुई है। खेतासराय थाने के उप निरीक्षक विद्यासागर सिंह, कांस्टेबल बृजेश मिश्रा अन्य ने आरोपितों की गिरफ्तारी की है।

### दो बाइकों की टक्कर में दो की मौत घायल युवक चल रहा ईलाज

**आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** सरायमीर थाना क्षेत्र के खानपुर में मंगलवार की देर रात दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए फूलपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान दो की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल एक युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरायमीर थाना क्षेत्र के पवई लाडपुर निवासी मनीष प्रजापति उर्फ संटी 25 वर्षमुंबई में रहता था। वह अपनी शादी के लिए गांव आया था। मंगलवार की रात फरिहा से एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था। जैसे ही वह खानपुर के पास पहुंचा सामने से एक बाइक पर सुवार अतुल यादव 26 निवासी अबू सैदपुर, हुब्बीगंज थाना दीदारगंज और अमित यादव उर्फ छोटू 18 निवासी खरसहन दूसरी बाइक से विपरीत दिशा से आ रहे थे। तभी दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस टक्कर में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने तीनों को उपचार के लिए फूलपुर स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां उपचार के दौरान मनीष प्रजापति और अतुल यादव की मौत हो गई। वहीं अमित यादव को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नेहरू ग्राम भारती के शोधार्थी राहुल शाक्य को पीएचडी की उपाधि

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय), प्रयागराज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, कला संकाय के शोधार्थी राहुल शाक्य को ÷वेब सीरीज़ में हिंसा और अश्लीलता के चित्रण÷ विषय पर किए गए शोध हेतु डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका यह शोध प्रयागराज में संपन्न हुआ, जिसमें डिजिटल माध्यमों पर बढ़ती हिंसा और नग्नता के सामाजिक, सांस्कृतिक व मानसिक प्रभावों का गंभीर विश्लेषण किया गया है।

राहुल शाक्य का यह शोध समाज को एक नई दिशा देने में सक्षम माना जा रहा है। उनके शोध से यह समझने में मदद मिलेगी कि वेब सीरीज़ जैसे डिजिटल माध्यमों पर प्रस्तुत हिंसात्मक और अश्लील दृश्य किस प्रकार दर्शकों, विशेषकर किशोरों और युवाओं, के व्यवहार को प्रभावित करते हैं। यह अध्ययन न केवल मीडिया उपभोक्ताओं को अधिक सचेत और जागरूक बनाएगा, बल्कि सामग्री निर्माताओं, नीति-निर्माताओं, अभिभावकों तथा शिक्षकों के लिए भी एक मार्गदर्शक सिद्ध होगा। दीर्घकालिक रूप से यह शोध सामाजिक सौहार्द, नैतिकता और संतुलित मनोरंजन की दिशा में योगदान देगा। इस उपलब्धि पर उन्हें शोध केंद्र के निदेशक डॉ. पंकज यादव, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष, शोध पर्यवेक्षक डॉ. अभिषेक मिश्रा, तथा संकाय सदस्य अंभुज पांडे ने हार्दिक बधाई दी।

उनके माता-पिता डॉ. जी.एस. शाक्य और श्रीमती लालती शाक्य ने इस अवसर पर गर्व व्यक्त किया। साथ ही उनके निकटवर्ती परिजनों एवं मित्रों–विनोद विक्रम, डॉ. कल्पना वर्मा, डॉ. श्रद्धा वैष्णव और अनन्या वैष्णव–ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## पीयू के छात्र का एनपीसीआईएल में इंटर्नशिप के लिए चयन

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र आलोक सिंह का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप हेतु हुआ है। यह इंटर्नशिप एनपीसीआईएल के मुंबई स्थित मुख्यालय में चार सप्ताह की अवधि के लिए आयोजित की जाएगी। आलोक सिंह का यह चयन उनकी तकनीकी दक्षता, उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन और निरंतर मेहनत का परिणाम है। इस प्रशिक्षण के दौरान वे अत्याधुनिक अनुसंधान प्रयोगशालाओं में प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करेंगे तथा न्यूक्लियर पावर परियोजनाओं पर प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने का अवसर मिलेगा। यह अनुभव न केवल उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा, बल्कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगा। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने आलोक को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अन्य छात्र भी इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ेंगे।

# शहादत दिवस पर याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वश्र राजीव गांधी के शहादत दिवस पर आज उनके पैतृक आवास आनन्द भवन पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बोलते हुए महानगर प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि 21 मई राजीव गांधी बलिदान दिवस को आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया जाता है इसके अतिरिक्त इनके शहादत दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। राजीव गांधी द्वारा मजबूत भारत का निर्माण किया गया। जैसे शिक्षा मे सुधार कर नई शिक्षा नीति के तहत नवोदय विद्यालय एवं इंदिरा गांधी मुक्त विश्विद्यालय का निर्माण कराया, संचार क्रान्ति और कंप्यूटर से देश के लोगों को परिचित कराया, युवाओं पर मजबूत भारत की जिम्मेदारी दिया इसके लिए मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया, पंचायती राज लागू करके सत्ता का विकेन्द्रीयकरण किया और गांवों तक लोगो के बीच सत्ता पहुंचाई। उनके अंदर देश को बहुत आगे तक ले जाने का विजन था, लेकिन दुर्भाग्य से देश विरोधी ताकतों ने उनकी जान ले लिया। लेकिन वो मरे नहीं बल्कि देश की एकता और अखंडता के लिए शहीद हो गए उनके शहादत पर हम विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं कोटि कोटि नमन करते हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बडनपुर, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

### शुद्धिपत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 18/04/2025 के अल्पकालीन निविदा/टेन्डर में ग्राम पंचायत बडनपुर का त्रुटिवश पडनपुर छप गया है जिसको ग्राम पंचायत बडनपुर ही समझा जाए। यह टेण्डर अवधनामा के पेज नम्बर-11 के दिनांक 19 अप्रैल 2025 को छपा था। सभी कार्य और निविदा की शर्तें पूर्ववत रहेंगी उसमें किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं है।

**रीमा**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. बडनपुर वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**मदन गोपाल**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. बडनपुर वि.ख. खुटहन, जौनपुर**


## फरहत अली क्लब के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मुस्लिम बोर्डिंग छात्रावास स्थित मैदान पर संचालित होने वाली फरहत अली क्रिकेट अकादमी के प्रशिक्षु खिलाड़ियों का स्थानीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने पर उत्साह बढ़ाया गया। फरहत अली अकादमी की टीम बीते एक साल में कई प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंची है और कई में उसने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया है। एक सप्ताह पूर्व फरहत अली अकादमी ने ईश्वर शरण मैदान पर अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में उपविजेता बनी थी। मुस्लिम बोर्डिंग छात्रावास के वार्डन इरफान अहमद खान को अकादमी के खिलाड़ियों ने ट्रॉफी सौंपी। वार्डन ने इनका उत्साह बढ़ाते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन अकादमी के प्रशिक्षक पूर्व रणजी क्रिकेटर सलीम अहमद ने किया। इस मौके पर अंजुम परवेज, सचिन वर्मा, अभिषेक पाठक, वजाहत महमूद आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने लूट की तीन घटनाओं का किया खुलासा

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद की पुलिस ने लूट की 03 घटनाओं का खुलासा कर अन्तर्जनपदीय गिरोह के 01 लुटेरे दीपांकल तिवारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूट की धनराशि का 40,050- रूपये व अवैध असलहा व कारतूस बरामद किया गया। 15 अप्रैल 2025 को धर्मेन्द्र कुमार आर्य पुत्र स्व0 रुपचन्द राम, ग्राम सैदपुर, थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ ने तहरीर दी कि दिन में 12 बजे से 12.15 के बीच अपनी पत्नी के साथ पलिया बाजार स्थित बडौदा यू0पी0 ग्रामीण बैंक से एक लाख रुपया रुपये निकालकर अपनी स्कूटी से घर जा रहा था, कि खन्जहाँपुर से सैदपुर रोड पर थोड़ी दूर बढ़ा था, कि पीछे की तरफ से एक मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति किसी चीज से पत्नी के सिर पर मार दिये जिससे बाइक लड़खडा कर गिर गयी और पत्नी के पहने हुए गले की सोने की चेन,पर्स दोनों अज्ञात व्यक्ति छीन लिये, जिसमे बैंक से निकाला हुआ एक लाख रुपया, एक मोबाइल लेकर चले गये। मुकदमा और विवेचना के क्रम में दो अभियुक्तों सत्यम राजभर पुत्र भारत राजभर, निवासी ग्राम उर्नुखा, थाना अखण्डनगर, जनपद सुल्तानपुर, उम्र करीब 20 वर्ष और दिपांकल तिवारी पुत्र सुनील तिवारी, निवासी चौबहा, थाना सरपतहाँ, जनपद जौनपुर का नाम प्रकाश में आया। जिसमें से सत्यम राजभर की गिरफ्तारी की जा चुकी है, तथा अभियुक्त दीपांकल तिवारी पुत्र सुनील तिवारी, निवासी चौबहा, थाना सरपतहाँ, जनपद जौनपुर फरार चल रहा था। बुधवार को सूचना मिली कि खानजहाँपुर में लूट की घटना में वांछित अभियुक्त दिपांकल तिवारी पुत्र सुनील तिवारी, बिलारमऊ ढाबा के पास खड़ा है। दिपांकल तिवारी 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस व एक मिश कारतूस 315 बोर तथा 40,050 रूपये नगद बरामद किया गया। बताया कि दिनांक 15 अप्रैल को दोपहर के समय मैं सत्यम के साथ अंबारी की तरफ जा रहा था तो देखा कि एक स्कूटी सवार व्यक्ति एक महिला को पीछे बैठाकर शाहगंज की तरफ जा रहा था, लूट के इरादे से हम लोग अपनी गाड़ी मुडाकर पीछा किये, तभी एक व्यक्ति जो स्कूटी पर महिला को बैठाये हुए था खानजहाँपुर से गाँव की तरफ मुड़ गया, हम लोग पीछे लगे रहे, सूनसान स्थान देखकर मैनें चलती हुई गाडी से महिला के गले का चौन खींच लिया, जिससे महिला स्कूटी से नीचे गिर गयी। मैंने महिला का चौन व उसका लेडीज पर्स छीन लिया तथा महिला के विरोध करने पर उसके सिर पर कट्टे के मुठिया से मार दिया, तथा शाहगंज की तरफ भाग गये। पर्स में हम लोगों को एक लाख रुपया नगद तथा बैंक के कागज व एक मोबाइल फोन मिला था। मोबाइल व पर्स को हम लोगों ने रास्ते में ही फेंक दिया। इसके बाद मैं, सत्यम राजभर के साथ अपने घर चौबहा गया। मैंने एक लाख रुपये में से चालीस हजार रुपया सत्यम राजभर को दिया तथा 60,000 रूपये अपने हिस्से में ले लिया था तथा चौन को मैने सुल्तानपुर में फेरी वाले को 20,000 रूपये में बेच दिया हूँ।


## कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 06/EE-6/LJS/2025-26 दिनांक : 21.05.2025

### अल्प कालीन निविदा-सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दि0 28-05-2025 अपरान्ह 3.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं-काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 28-05-2025 को समय 3.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियंता जोन-6 के पद से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओ पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी एक निविदा या समस्त निविदाओ को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्व विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस मे देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर की राशि रू | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अम्बगंज वार्ड मोमिन नगर में मुश्ताक के घर के पास सबमर्सिबल बोरिंग/टंकी का कार्य। | 4500 | 250 | 07 दिवस |
| 2 | कन्हैया माधवपुर द्वितीय वार्ड के श्री नागेश्वर मंदिर के बाहर सबमर्सिबल बोरिंग/टंकी का कार्य। | 4500 | 250 | 07 दिवस |
| 3 | सआदतगंज वार्ड के खिन्नी चौराहे के राधाकृष्ण मंदिर के बाहर सबमर्सिबल बोरिंग/टंकी का कार्य। | 4500 | 250 | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता जोन-6**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम-हरदोई।

पत्रांक : 1635/आंकिक-क्षेत्र0नि0/निविदा/2025-26 दिनांक : 20/05/2025

## निविदा आमंत्रण

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से पंचम राज्य वित्त आयोग/15वीं केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत बिलग्राम को वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष प्रस्तावित निम्न परियोजनाओ के निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा डाल सकता है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.05.2025 से 04.06.2025 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपरान्ह 01.00 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त एवं बिड फाइल किये जा सकते हैं, जोकि दिनांक 04.06.2025 को निविदाकर्ताओं एवं समिति के नामित सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02.00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र शुल्क की रसीद, धरोहर राशि की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम के पक्ष में बंधक होगी। चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 नम्बर प्रमाण पत्र, बिड प्रपत्र, 100रू0 के स्टाम्प पर निर्धारित प्रारूप पर नोटोरियल शपथ पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र सहित सहमति व अन्य आवश्यक दस्तावेज कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम हरदोई में दिनांक 03.06.2025 तक जमा किये जा सकते है। कार्यो से सम्बन्धित विवरण निम्न प्रकार है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | दूरी (मी. में) | लागत (लाख रू. में) | धरोहर राशि | टेण्डर मूल्य | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम पंचायत तेरवा चाँदपुर में कमलेश राठौर के घर से सढ़ियापुर सम्पर्क मार्ग तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 194 | 9.98 | 99800.00 | 900.00 | 6 माह |
| 2 | तकिया सम्पर्क मार्ग से शिव मन्दिर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 168 | 8.00 | 80000.00 | 900.00 | 6 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत सढ़ियापुर में रामपुतान लोहार के घर से शिवसरन के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 137 | 7.155 | 71550.00 | 900.00 | 6 माह |
| 4 | जरौली शेरपुर में लोकूमल के खेत से चाँदपुर सीमा तक खडंजा मरम्मत कार्य | 615 | 9.99 | 99900.00 | 900.00 | 6 माह |
| 5 | कलेनापुर सीमा से अंटवा सीमा तक खड़ंजा मरम्मत कार्य | 615 | 9.99 | 99900.00 | 900.00 | 6 माह |
| 6 | भिखरियापुर में मनोज के मकान से सूरज के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 103 | 4.25 | 42500.00 | 900.00 | 6 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत भोगैतापुर में डामर रोड से धीरज राठौर के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 58 | 3.48 | 34800.00 | 900.00 | 6 माह |
| 8 | दुहतियामऊ में डामर रोड से प्रेम सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 110 | 7.85 | 78500.00 | 900.00 | 6 माह |
| 9 | ग्राम पंचायत हसनापुर मुरौली में विजय सक्सना के घर से बिहारी त्रिवेदी के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 154 | 7.00 | 70000.00 | 900.00 | 6 माह |
| 10 | कबीरनपुरवा में डामर रोड से अविनाश के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 180 | 8.95 | 89500.00 | 900.00 | 6 माह |
| 11 | मढ़िया में रजनीश के घर से रामचन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 141 | 8.395 | 83950.00 | 900.00 | 6 माह |
| 12 | कुंदरौली में सतीश कुमार के घर से संजीव कुमार के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 84 | 5.12 | 51200.00 | 900.00 | 6 माह |
| 13 | मढ़िया में रामकिशोर के मकान से मुन्नीलाल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 100 | 5.35 | 53500.00 | 900.00 | 6 माह |
| 14 | मौसमपुर में इन्द्रेश के घर से विपिन के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 162 | 7.44 | 74400.00 | 900.00 | 6 माह |
| 15 | मौसमपुर में राधे के घर से सन्तराम के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 180 | 9.144 | 91440.00 | 900.00 | 6 माह |
| 16 | ग्राम पंचायत जरौली शेरपुर में मैकू के खेत से अकील के खेत तक खड़ंजा मरम्मत कार्य | 615 | 9.99 | 99900.00 | 900.00 | 6 माह |
| 17 | गुजरई सीमा से बिरौरी सीमा तक खड़ंजा कार्य | 440 | 9.96 | 99600.00 | 900.00 | 6 माह |
| 18 | साण्डी-बघौली रोड पर हनुमान गढ़ी पर प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य | 1 | 8.33 | 83300.00 | 900.00 | 6 माह |
| 19 | विकास खण्ड परिसर में इण्टरलाकिंग गाड़ी स्टैण्ड गेट व बाउण्ड्री मरम्मत कार्य | 1 | 9.31 | 931000.00 | 900.00 | 6 माह |
| 20 | भिखरियापुर में डामर रोड से जगदेव के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 167 | 9.985 | 99850.00 | 900.00 | 6 माह |
| 21 | जरौली शेरपुर में फिरोज के खेत से नवल के खेत तक खड़ंजा मरम्मत कार्य | 615 | 9.99 | 99900.00 | 900.00 | 6 माह |
| 22 | भिखरियापुर में बद्री के घर से अवधेश के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 143 | 7.320 | 73200.00 | 900.00 | 6 माह |
| 23 | बेहटीखुर्द में अवस्थी के घर से शहीद सत्यम पाठक के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 111 | 6.05 | 60500.00 | 900.00 | 6 माह |
| 24 | ग्राम पंचायत बरगावाँ में डामर रोड से स्वामी बिन्दा प्रसाद इण्टर कालेज तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 144 | 7.00 | 70000.00 | 900.00 | 6 माह |
| 25 | ग्राम पंचायत अतर्छा बुजुर्ग में वीरपाल के घर से रंजीत के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 160 | 8.00 | 80000.00 | 900.00 | 6 माह |
| 26 | भिखरियापुर में रामआसरे के घर से राजेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 137 | 8.815 | 68150.00 | 900.00 | 6 माह |
| 27 | मौसमपुर में रमेश के घर से राधाकृष्ण वाया रामऔतार के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 131 | 6.216 | 62160.00 | 900.00 | 6 माह |
| 28 | ग्राम पंचायत धांधामऊ में बूढ़े बाबा स्थान से साधू के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 175 | 9.986 | 99860.00 | 900.00 | 6 माह |
| 29 | ग्राम पंचायत गुजरई में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 30 | ग्राम पंचायत लालपुर कन्हरी में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 31 | ग्राम पंचायत बरगावाँ में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 32 | ग्राम पंचायत हैबतपुर में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 33 | ग्राम पंचायत परचल रसूलपुर में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 34 | ग्राम पंचायत चाँदपुर में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 35 | ग्राम पंचायत तरौली में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 36 | ग्राम पंचायत सहोरा रामापुर में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 37 | ग्राम पंचायत हसनापुर में सार्वजनिक स्थान पर पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |

### नोटः- नियम व शर्ते

1. प्रत्येक कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा एवं गर्मी के मौसम को सम्मिलित करते हुए की गई है।
2. एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
3. शासनादेश संख्या 730/33-3-2022-11/2022 पंचायती राज अनुभाग 3 दिनांक 26.4.2022 व राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग के तहत शासनादेश संख्या 137/48-7-2022-63 नरेगा/2009 दिनांक 21 मार्च 2022 के तहत मनरेगा योजनान्तर्गत मटेरियल आपूर्ति हेतु वेन्डर के रूप मे पंजीकरण योजना के क्रियान्वयन से जुडे पदाधिकारी/कर्मी के पारिवारिक सदस्यों/रिस्तेदारों का सम्बन्ध फर्म से नहीं होना चाहिए तथा उक्त के सम्बन्ध में रू0 100 के स्टाम पेपर पर नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना, निविदा प्रपत्र के साथ अनिवार्य होगा। (परिवार सम्बन्धी का तात्पर्य जिला पंचायत सेवा नियमावली 1970 के पैरा 54 के अनुसार)
4. बीजक बिल से नियमानुसार आयकर/जी0एस0टी0/रायल्टी एवं अन्य अनुमन्य कटौती की जायेगी।
5. निविदा में अंकित दर के अतिरिक्त कोई भी व्यय अथवा चार्जेज देय नहीं है।
6. निविदा के साथ कालम-5 में अंकित जमानत धनराशि सम्बन्धित कार्यों के अनुसार आवश्यक संलग्न होनी चाहिए। कुल धरोहर धनराशि में से 02 प्रतिशत की राष्ट्रीय बैंक से निर्मित फिक्स डिपाजिट रसीद, एन0एस0सी0 पोस्ट आफिस पासबुक जो कि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम हरदोई के पदनाम से बंधक हो तथा 08 प्रतिशत धरोहर की बिल से कटौती की जाएगी, निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में निरस्त कर दी जाएगी। जिसके सम्बन्ध में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
7. समस्त वादों का न्याय क्षेत्र न्यायलय हरदोई के अधीन होगा।
8. निविदा व कार्यों के सम्बन्ध में अन्य जानकारी दिनांक 21.05.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम के कार्यालय में तैनात अवर अभियन्ता (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।

**प्रमुख**
**विकास खण्ड-बिलग्राम**
**हरदोई**

**खण्ड विकास अधिकारी,**
**बिलग्राम हरदोई।**

# अमेठी में सेवा और संकल्प दिवस के रूप में मनी राजीव गांधी की पुण्यतिथि

## पंचायती राज व्यवस्था और संचार क्रांति के जनक हैं राजीव गांधी : के. एल शर्मा





भंडारे में प्रसाद वितरण करते हुए के एल शर्मा और प्रदीप सिंघल


राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए सांसद किशोरी लाल शर्मा

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि सेवा और संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। पुण्यतिथि पर जिले में एक दर्जन से अधिक छोटे बड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय गौरीगंज में हुआ। यहां श्रद्धांजलि सभा के साथ रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन सांसद किशोरी लाल शर्मा ने किया। बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। जिला कांग्रेस कार्यालय पर पुण्य तिथि पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने स्वयं प्रसाद वितरण की शुरुआत की। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर संसदीय क्षेत्र के सभी विकास खंडों में शरबत वितरण, मरीजों को फल वितरण और

**रक्तदान शिविर, शरबत वितरण और भंडारे का आयोजन**

भंडारे के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित रक्तदान शिविर में युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शुभम् सिंह के नेतृत्व में युवाओं ने रक्तदान किया। भंडारे में सुबह से शाम तक लोगों को पूड़ी सब्जी खिलाई गई। जगदीशपुर में पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अमेठी, भादर, भेंटुआ, संग्रामपुर, शाहगढ़, जामों और मुसाफिरखाना में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिला

> स्वर्गीय राजीव गांधी जी पंचायती राज व्यवस्था,18 वर्ष मताधिकार और संचार क्रांति के जनक थे। उन्होंने विज्ञान को गांव में उतारकर टेक्नोलॉजी को ग्रामीण जन जीवन का अंग बनाया। राहुल गांधी जी और प्रियंका जी उनके सपनों को साकार करने के लिए पूरी ताकत के देश के साथ खड़े हैं। पुण्य तिथि पर उनकी यादें ताजी होने से आंखों में आंसू आ जाते हैं। हम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
>
> **किशोरी लाल शर्मा**
> **सांसद, अमेठी**

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, पूर्व एम एल सी दीपक सिंह, फरहान वारसी, पूर्व मंत्री आशीष शुक्ला, डॉ अरविन्द चतुर्वेदी, अनिल सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह, राजीव सिंह,सर्वेश सिंह,डा नरेंद्र मिश्र,डॉ देवमणि तिवारी, माता प्रसाद वैश्य, अर्जुन पासी, मुन्ना सिंह त्रिसुंडी, देवेन्द्र सिंह गप्पू,मो रफीक उर्फ अल्लू मियां, धर्मराज बहेलिया,राम लखन शुक्ल, डॉ संजय सिंह, अरुण मिश्रा,मो कुद्दूस खां, ममता पांडेय,रमाकांती, राजकुमार यादव, दुर्गेश प्रताप सिंह,जय बहादुर, बृजेश यादव,पवन दूबे, महेन्द्र बरनवाल, पंकज मिश्रा, संजय यादव, हीरामणि कनौजिया, जगदीश सिंह, कौशल किशोर मिश्र, अरविंद सिंह राजा ठाकुर, कलावती मौर्य, अब्दुल वाहिद, रमाकांत कोरी, सौरभ मिश्र आदि मौजूद रहे।

### 26 मई को होगी दिशा की बैठक, तैयारियां तेज

**अमेठी।** जिले की दिशा की अगली बैठक 26मई को प्रस्तावित है। बैठक की तैयारियां शुरू हो गई है। डी एम संजय कुमार चौहान की ओर से बैठक का एजेंडा जारी किया जा चुका है। एजेंडे में 97बिंदु हैं। पिछले वर्ष दिशा की बैठक 20नवम्बर को हुई थी। 26 मई को इस वर्ष की बैठक है। बैठक को लेकर सभी विभागों में तैयारियां शुरू हो गई हैं।कार्यों की प्रगति रिपोर्ट को अपडेट किया जा रहा है। बुधवार को डी एम संजय चौहान और सी डी ओ सूरज पटेल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ अलग अलग बैठकें कर विभाग वार प्रगति विवरण अपडेट करते हुए प्रगति बुकलेट तैयार करने के निर्देश दिए। दिशा की बैठक के एजेंडे में पहला बिंदु महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से सम्बंधित है। जिले में इस योजना की प्रगति सबसे अधिक खराब है। विलम्बित भुगतान की समस्या बराबर बनी रहने और मजदूरी की दर मार्केट रेट से कम होने के कारण मजदूर मनरेगा से दूर होते जा रहे हैं। 90 फीसदी जाब कार्ड खाली पड़े हुए हैं।

### कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए श्रंद्धाजलि दी। जिला सचिव अखिलेश शुक्ला ने कहा कि आधुनिक भारत की नींव रखने में राजीव गांधी का योगदान अतुलनीय है, उनकी सोच, दूरदर्शिता और देशभक्ति सदैव हमें प्रेरित करती रहेगी। इसके बाद कांग्रेसियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में जाकर फल वितरण किया। इस अवसर पर ब्लॉक उपाध्यक्ष भरत मिश्रा, प्रिन्सू वैश्य , नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल रामचंद्र सिंह, हौसला प्रसाद तिवारी, राजेश भारतीय हनुमान जायसवाल,भगवान दीन फौजी, निशांक अहमद, राज करन सिंह मौजूद रहे।

### नाइट ब्लड सर्वे में लिए गए रक्त के सैम्पल

**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भटनी ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर मंगलवार की रात 10 बजे नाइट ब्लड सर्वे शिविर का आयोजन किया गया। पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के सदस्यों सीएचओ, ग्राम प्रधान, आशा संगिनी, आशा, आंगनबाड़ी, फाइलेरिया मरीजों के सहयोग से जागरूक कर शिविर में जांच के लिए लोगों को एकत्र किया गया। शिविर में माइक्रो फाइलेरिया की दर मापने के लिए लगभग 300 लोगों के रक्त के नमूने लिए गए। जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे शत प्रतिशत सफलता के लिए पीएसपी सदस्यों के सहयोग से प्रचार-प्रसार कराया गया है। जिससे लोग जागरूक होकर नाइट ब्लड सर्वे में अपना जांच कराया है। नाइट ब्लड सर्वे गतिविधियों का आयोजन का मुख्य उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर फाइलेरिया एवं माइक्रो फाइलेरिया की दर को जानना है। नाइट ब्लड सर्वे से यह पता चलेगा कि ब्लॉक में कितने लोगों में फाइलेरिया के परजीवी पाया जा रहा हैं। लोगों के अभी जानकारी दी गई कि फाइलेरिया का परजीवी रात में ही सक्रिय रहता है इसीलिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके पता करने के लिए नाइट ब्लड सर्वे कराया जाता है। उन्होंने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे को जल्द से जल्द पूरा करके जहां पर केस निकालेंगे। वहां एमडीए का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

# भाजपा ने हमेशा ही महापुरुषों का सम्मान बढ़ाया है : डॉ. धर्मेंद्र सिंह

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत जिला पंचायत सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर मालवा साम्राज्य की एकलौती ऐसी शाशिका थीं जिन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, मालवा की महारानी के रूप में, धर्म का संदेश फैलाने में और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पहली ऐसी सरकार है जो अपने महापुरुषों को उचित सम्मान दिलाने का कार्य कर रही है । हिंदू सनातन इतिहास में ऐसे बहुत से महापुरुष हैं जिन्होंने अपने धर्म, संस्कृति और विचारधारा को विपरीत परिस्थितियों में भी संभाले रखा । अहिल्या बाई होल्कर की कहानी हमें सिखाती है कि एक महिला भी अपने साहस, बुद्धिमत्ता और नेतृत्व क्षमता से महान कार्य कर सकती है। उनकी विरासत आज भी हमें प्रेरित करती है और हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करती है। सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास में महाराज सुहेलदेव रहे हों या रानी अहिल्याबाई होल्कर, शीर्ष नेतृत्व इस बात के लिए बधाई का पात्र है कि आज के परिवेश में इन महान विभूतियों को उचित स्थान प्रदान करते हुए पुनः स्थापित करने का काम किया है । एक न्यायप्रिय, धर्मप्रिय और अपनी वैभवशाली संस्कृति को पोषित करते हुए उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर के पुर्नस्थापना में सबसे बड़ा योगदान दिया। भगवान शिव के प्रति इनकी अगाध श्रद्धा के कारण इनको शिवकामिनी भी कहा जाता है। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में कई महत्वपूर्ण कार्य किए, जैसे कि मंदिरों का निर्माण, सड़कों का विकास और व्यापार को बढ़ावा देना। उनकी न्यायप्रियता और धर्मपरायणता ने उन्हें लोगों के दिलों में बसा दिया। सलेमपुर के पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर, एक ऐसी महान महिला थीं जिन्होंने अपने शासनकाल में न्याय, धर्म और कला को बढ़ावा दिया। उनकी बुद्धिमत्ता, साहस और नेतृत्व क्षमता ने उन्हें एक आदर्श शासक बनाया। गोष्ठी का संचालन अभियान के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीशचंद तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह, डा अजय मणि त्रिपाठी, अभियान की सह संयोजक आराधना पांडे, मारकंडे गिरी, नीरज शाही, अजय कुमार दुबे, राजेश कुमार मिश्रा, डा हेमंत मिश्रा, प्रमोद शाही, श्रीनिवास मणि, दिवाकर मिश्रा, अजय शाही, बिजेंद्र कुशवाहा, गंगा सिंह कुशवाहा, प्रभाकर तिवारी, सतेंद्र मणि त्रिपाठी, निर्मला गौतम, भारती शर्मा, अर्चना पांडे, आनंद प्रकाश शाही, रमेश वर्मा, दुर्गेशनाथ त्रिपाठी, सुधीर मद्धेशिया, आदित्य सिंह, नित्यानंद पांडे, कृष्णनाथ राय, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# बेकाबू स्कॉर्पियो ने दो ठेला व्यवसायियों को रौंदा, एक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नगर के गोला बाजार में मंगलवार की देर रात बेकाबू स्कॉर्पियो ने दो ठेला व्यवसायियों को रौंद डाला। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। आस पास के लोगों द्वारा कसया सीएचसी भेजा गया जहां से डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देखते हुए गोरखपुर रेफर कर दिया वहां से पीजीआई ले जाया गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज


मृतक मोनू की फाइल फोटो

विधिक कारवाई में जुटी। वार्ड नं 24 सुभाष नगर निवासी मंटू मद्धेशिया और मोनू मद्धेशिया दोनों फल की दुकान लगाते थे। गोला बाजार स्थित अपनी

**घायल युवक का लखनऊ पीजीआई में चल रहा इलाज**

दुकान बंद कर जैसे ही घर के लिए जा रहे थे तभी गांधी चौक से देवरिया की तरफ आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर दोनों युवकों को ठोकर मारते हुए सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। जिससे गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, साथ ही बिजली का पैनल भी टूट गया। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर सहित स्कॉर्पियो सवार फरार हो गया। ठोकर लगने से मोनू मद्धेशिया की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मंटू की हालत काफी गंभीर थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगो की मदद से घायल को कसया सीएचसी भिजवाया जहां से डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देखते हुए गोरखपुर रेफर कर दिया। वहा से भी घायल मंटू को लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। हाइवे चौकी प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया गया है। गाड़ी को कब्जे में ले लिया गया है। विधिक कारवाई किया जा रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में 30 वर्षीय विवाहिता की मौत

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव चिलुआ छोटा टोला निवासी एक 30 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

बताया जा रहा है कि राम किशोर निवासी मौनहा बरवा गढ़ाई थाना चौरा चौरी जनपद गोरखपुर ने अपने बेटी संगीता (30) की शादी 4 वर्ष पूर्व अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम चिलुआ छोटा टोला निवासी शशि कपूर के साथ किया था। जिसकी मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हों गई। इसकी सूचना शशि कपूर के बहनोई ने संगीता के मायके में उसके भाभी सोनी को 3 बजे रात को दिया। सूचना पाकर संगीता के परिजन बुधवार को चिलुआ गांव पहुंचे और लड़की के पिता राम किशोर ने इसकी सूचना अहिरौली बाजार


मृतका संगीता का फाइल फोटो

पुलिस को दी। बताया कि मेरी बेटी का गला घोट कर हत्या कर दी गई है, लेकिन ससुराल वालों का कहना है कि संगीता ने आत्महत्या की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उप जिलाधिकारी हाटा को सूचित करते हुए विधिक कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा गया है, मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है तिरंगा यात्रा




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** शहर के भुजौली कॉलोनी में भारतीय सेना के अद्वितीय पराक्रम को समर्पित तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को नमन करने और वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य, बलिदान एवं राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को नमन कर कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हमारी तीनों सेनाओं ने मिलकर आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद को नेस्तनाबूद करते हुए अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है यह हम सभी देशवासियों के लिए अत्यंत गौरवान्वित करने वाला है । समूचे विश्व ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले इस नए भारत की ताकत को स्वीकार किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तिरंगा यात्रा के संयोजक जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, उपाध्यक्ष रविंद्र राव, महामंत्री सुधीर मद्धेशिया, मंत्री बजरंगी मणि, दीपू यादव शक्ति केंद्र संयोजक जय राम तिवारी, भारत मद्धेशिया, राजेश द्विवेदी बलराम वर्मा, शीतल गुप्ता, डॉ एसके सिंह, हरि गोविंद सिंह, जय गोविंद सिंह, अजय शुक्ला, गजाधर तिवारी, अंकित वर्मा, बलराम तिवारी, धनंजय चौहान, रविशंकर नाथ त्रिपाठी, गोलू जायसवाल, श्रेयांश मणि सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंशा के अनुरूप नगर पंचायत भाटपार रानी में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर इस क्रम में नगर पंचायत गेट से दुर्गा मंदिर रोड होते हुए मालवीय रोड तिराहा होते हुए मालवीय रोड के सब्जी मंडी गेट तक जिसमें नालियों के ऊपर लगे छज्जे को और अवैध चबूतरे को अतिक्रमण मुक्त कराया गया,जिसमें तहसीलदार भाटपार रानी नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह नगर पंचायत के कर्मचारी लाला सिंह नागेंद्र कुशवाहा पवन राय अजय आर्य सफाई नायक राजेश प्रसाद सहित दर्जनों की संख्या में नगर पंचायत के सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# कुशीनगर में आंधी-पानी का कहर : बगीचे में आम बटोर रहे बच्चों पर गिरी डाल, एक की मौत

## केले की फसलें जमींदोज, ईंट भट्ठा कारोबारियों का भी लगा चुना


डुमरी चूरामन छपरा में जुटी लोगों की भीड़


मथौली रगड़गंज मार्ग पर गिरा पेड़

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में तेज आंधी पानी के बीच जहां किसानों के लाखों रुपए से लगाई गई केले की फसल व हरि सब्जियां बर्बाद हो गई वहीं ईट भट्ठा कारोबारियों पर लाखों का चुना लगा गया। आंधी पानी के दौरान बगीचे में आम बिन रहे बच्चों पर एक मोटा डाल टूटकर गिर गया जिसमें दो बच्चों समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां एक किशोर की मृत्यु हो गई।

बाकी दो घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। उधर कई जगहों पर पेड़ गिरने से विद्युत तार टूट गए जिससे विद्युत आपूर्ति ठप रही। बता दें कि कसया थाना क्षेत्र के डुमरी चूरामन छपरा में सुबह 10 बजे हवा चली तो 13 वर्षीय कृष्णा, 11 वर्षीय ममता व 40 वर्षीय पन्नु बाग में आम बीनने चले गए। इसी दौरान तेज आंधी


रामकोला क्षेत्र में प्याज की फसलें बर्बाद

के साथ बारिश होने लगी तो वह सभी एक आम के पेड़ के नीचे छिप गए। इस दौरान ऊपर डाल टूटकर गिरी और सभी दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से पहुंचे परिजन सभी को सीएचसी कसया ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। वहां इलाज के दौरान कृष्णा की मृत्यु हो गई। घायलों में ममता की हालत भी गंभीर बनी हुई है। उधर किशोर की मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### मथौली रगड़गंज मार्ग पर गिरा पेड़ घंटों बाद सुचारू हुआ आवागमन

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** बुधवार सुबह साढ़े नौ बजे अचानक मौसम खराब हो गया। गरज चमक के बीच तेज आंधी पानी शुरू होने लगी। झमाझम बारिश के दौरान मथौली रगड़गंज मार्ग पर एक पेड़ बीच सड़क पर ही गिर पड़ा, जिससे ऊपर से गुजर रही विद्युत तार भी टूट गई। कोई जनहानि तो नहीं हुई लेकिन पेड़ गिरने से आवागमन घंटों बाधित रहा और विद्युत आपूर्ति भी ठप हो गई। बारिश समाप्त होने के बाद नगर प्रशासन द्वारा गिरे पेड़ को हटवाया गया तब जाकर आवागमन चाकू हुआ। बारिश से जहां गन्ने की फसल को संजीवनी मिली वहीं धान का बीज गिराने के लिए किसानों में खुशी का माहौल है। किसानों का कहना है कि तीन चार दिन धूप हो जाएगा तो खेत की जोताई भी शुरू हो जाएगी और धान का बीज गिराने में भी आसानी होगी।

बेमौसम बारिश से जिले में काफी नुकसान होने की बता सामने आ रही है। हरि सब्जियों के अलावा केले की फसल भी बर्बाद हुई है। इसके अलावा ईट कारोबारियों का भी लाखों रुपए का चुना लग गया। **लाखों रुपए के केला व प्याज की फसलें बर्बाद-** बुधवार को जिले में आई तेज आंधी पानी के बीच हुई बारिश में खड्डा व छितौनी क्षेत्र में किसानों का लाखों रुपए से तैयार किए गए केले की फसल जमींदोज हो गई। कई जगह हरि सब्जियों का भी नुकसान होने का मामला सामने आया है। रामकोला क्षेत्र के इन्द्रसेनवा निवासी किसान विनोद गोंड के खेत में लगे 40 डिसमिल में प्याज की फसल बर्बाद हो गई। लगभग 50 हजार का नुकसान बताया जा रहा है।

# भारतीय सेना के सम्मान में हाटा में निकली तिरंगा यात्रा


यात्रा में शामिल हुए विधायक व वरिष्ठ नेता

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकानों ध्वस्त करने के बाद पूरे भारत देश में सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाला जा रहा है। इसी क्रम में हाटा विधायक के नेतृत्व में विधान सभा में तिरंगा यात्रा निकाला गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। बुधवार को 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' के दौरान हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि वीर सैनिकों के सम्मान और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को नमन करते हुए हमने एकजुटता का संदेश दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' ये सिर्फ़ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत माता के सपूतों की अदम्य वीरता और देशभक्ति की अमिट गाथा है। हमारे जवानों ने यह सिद्ध कर दिया कि जब भारत पर आंच आती है, तो जवाब निर्णायक और ऐतिहासिक होता है। इस गौरवपूर्ण अभियान की सफलता पर उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से भारतीय सेना और यशस्वी प्रधानमंत्री जी को हार्दिक बधाई। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश शाही, पूर्व विधायक, पवन केडिया, नगर पालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह, सुकरौली नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### तालाब से मिट्टी लाने को लेकर दो कसकर परिवारों के बीच हुआ विवाद, पांच घायल

**बछरावां, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा स्थित एक तालाब से मिट्टी ले जाने को लेकर दो कसकर परिवारों के बीच विवाद हो गया। जिसमें पांच लोग घायल हो गए है। जिनका इलाज अस्पताल में कराया गया। जिनमें एक की हालत गंभीर है।जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की कस्बा अंतर्गत शिवगढ़ रोड नहर के पास एक तालाब स्थित है। जिससे बिट्टो पत्नी स्वर्गीय बलाले निवासी सुदौली का परिवार अपने मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए मिट्टी लाता है। वही इसी तालाब से राजू पुत्र कल्लू निवासी सुदौली जो अपनी ससुराल स्थानीय थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव में रहता है। वह भी उसी तालाब से लाता है। परंतु बुधवार की शाम राजू ने बिट्टो के परिवार द्वारा तालाब से मिट्टी लाने के बाद इसका विरोध किया और उसके गांव सुदौली फौजदारी करने के लिए पहुंच गया। बातों ही बातों में विवाद बढ़ गया और राजू के द्वारा बगल में पड़े डंडे को उठाकर बिट्टो के परिवारीजन बउवा पुत्र बलाले उम्र 13 वर्ष, रिजवान पुत्र बलाले, आजाद पुत्र बलाले, गुमनाज पत्नी रिजवान को मारपीट कर घायल कर दिया गया। जिसमें बीच बचाव करने आए बउवा के सिर पर डंडा पड़ जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया जहां सभी का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात बउवा की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### शारदा नहर में बहता मिला अज्ञात युवक का शव, मचा हड़कंप

**बछरावां, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवपुरी बहादुरपुर गांव में पुलिया के पास शारदा नहर में बहता हुआ लगभग 45 वर्षीय अज्ञात युवक शव ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर से बहते हुए शव को बाहर निकलवाया और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी प्राप्त हुई है कि शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। साथ ही साथ अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 45 वर्ष के आसपास है। व्यक्ति ने सिला हुआ सफेद शर्ट व सिला हुआ पायजामा पहन रखा हैं। इस बाबत थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर युवक के शव को नहर से बाहर निकलवा कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

### शौचालय की टंकी में गिरे पांच साल के मासूम बच्चे की मौत

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** रामकोला थाना के हरपुर माफ़ी गांव के टोला शोभा छपरा में बुधवार की दोपहर शौचालय गए पांच वर्षीय बालक की शौचालय की टंकी में गिरने से मृत्यु हो गई। टंकी में गिरने की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बच्चे के शव को गांव के बाहर दफन कर दिए। गांव निवासी अमेरिका मौर्या का पांच वर्षीय बेटा आर्यन दोपहर में शौचालय गया। काफी समय बाद जब वह शौचालय से वापस नहीं आया तो स्वजन उसे ढूंढते हुए उधर गए तो शौचालय में नहीं दिखाई दिया। फिर उनकी निगाह उसके बगल में निर्मित टंकी के तरफ गई तो देखा कि उसका स्लेप टूटा हुआ है। इसे देख अनुमान लगाए कि आर्यन टंकी में पैर फिसलने से गिरा गया होगा। देखा तो बालक टंकी में ही था। निकालकर स्वजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामकोला ले गए, उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# जगदीशपुर बरडीहा में जल जमाव से बढ़ी दुश्वारियां

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड के जगदीशपुर बरडीहा चौराहे से होकर हाटा पिपराइच मार्ग पर जोड़ने वाली पिच मार्ग पर हल्की बरसात में जलजमाव की शिकार हो जाती है।

बता दें कि यह पीच मार्ग पिपराइच कप्तानगंज मुख्य मार्ग से होकर हाटा पिपराइच मार्ग को भी जोड़ती है। जिससे दर्जनों से अधिक गांवों के लोगो का आवागमन होता है। जहां हल्की सी बारिश में सड़क पर गंदा पानी इकट्ठा हो जाने के कारण चौराहे के दुकानदारों एवं राहगीरों को कीचड़


जगदीशपुर बरडीहा में जलजमाव

और गंदे पानी की दुश्वारियां का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी पैदल चलने वालों को हो रही है। यह गंदा पानी मार्ग को भी बदबू सहित कीचड़युक्त बना दिया है। जिससे इस मार्ग से आना जाना मुश्किल हो गया है। वाहनों के आवागमन से गन्दे पानी से लोगों के कपड़े भी खराब हो जा रहे हैं। लोगों ने बताया कि सड़क में गढ्ढा और जल निकासी का उचित व्यवस्था न होने के कारण बरसात में गंदा पानी का जमाव हो रहा है। जो आए दिन लोगों के दुश्वारियों का कारण बना हुआ है।

# कांग्रेस भवन सभागार में मनाई गई राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में आज कांग्रेस भवन सभागार में शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम राजीव जी के चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि सभा की गई। सभा को संबोधित करते हुए, निवर्तमान जिलाध्यक्ष इं जय प्रकाश मिश्र ने कहा कि भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री बनने का गौरव राजीव गांधी को प्राप्त है। उन्होंने जब देश की बागडोर संभाली थी, तब भारत बदलते दौर में प्रवेश कर रहा था। तकनीक, संचार और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भारत को नई दिशा देने का श्रेय राजीव गांधी को ही जाता है। 21 मई को जब उनकी पुण्यतिथि आती है, तो पूरा देश उन्हें एक दूरदर्शी, शांतचित्त और तकनीक-प्रेमी नेता के रूप में याद करता है। निवर्तमान शहर अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल ने कहा कि राजीव गांधी का व्यक्तित्व बेहद सादा, लेकिन सोच बेहद ऊंची थी। वो मानते थे कि अगर भारत को सशक्त बनाना है, तो युवाओं की भागीदारी सबसे जरूरी है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने 1980 और 90 के दशक में थे। इस लेख में हम जानेंगे राजीव गांधी के 20 ऐसे प्रेरणादायक विचार, जो आज के युवाओं को आगे बढ़ने, सोचने और देश के लिए कुछ करने की राह दिखाते हैं। सभा के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी से आये हुए शहर कांग्रेस कमेटी के संयोजक शमीम ने पार्टी के संगठन सृजन अभियान की समीक्षा करके आगे की रणनीति बनाई। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक बेग ने कहा कि शहर कमेटी के विस्तार का कार्यक्रम चल रहा है साथ ही साथ बूथ कमेटियों के गठन की प्रक्रिया भी शुरू है। तीन - तीन बूथों को जोड़कर एक मंडल भी बनाया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व शहर अध्यक्ष शेख जकारिया शेखू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुकुंद जी शुक्ल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुनऊ मिश्र, युवा नेता रवि श्रीवास्तव, डॉ हलीम अहमद, चौधरी मुईद अहमद, नदीम अहमद, देवेंद्र श्रीवास्तव, हीरा लाल राव, राघवेन्द्र द्विवेदी, नसीब अली, शीबू खान, गोवर्धन लाल अवस्थी, जियाउद्दीन अंसारी, संदीप अवस्थी, एडवोकेट अनिल सिंह, अज्जन अली, अल्ताफ अंसारी, कृष्णकांत मिश्र, निलेश तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## शराब की दुकान दस बजे के बाद खुली मिलेगी, तो दुकानदार के मालिक के पर होगी

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा और आबकारी अधिकारी की उपस्थिति में समस्त शराब विक्रेताओं के साथ बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया, जिलाधिकारी ने इस बैठक में कहा कि अगर कोई भी शराब की दुकान दस बजे के बाद खुली मिलती तो उस दुकानदार के मालिक के उपर एफआईआर दर्ज करायेगी जाएगी, साथ ही एक महीने के लिए उस दुकान को बंद भी कराया जाएगा, इसलिए कोई भी शराब विक्रेता दस बजे के बाद दुकान नहीं खोलेगा, 15 जून से 20 जून तक जनपद स्तरीय टीम सभी दुकानों को चेकिंग करेगी, अगर किसी दुकान में कोई कमी मिलेगी तो उस दुकान को बंद करने की कार्यवाही की जाएगी, हर दुकान में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगा हो, साथ ही साथ दुकान की सजावट व उसकी अवसंरचना को इतना मजबूत बनाए कि ग्राहक आपकी दुकानों से आकर्षित हो, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी दुकान चेकिंग के दौरान सबसे अच्छी स्थिति में पाई जाएगीं, उस दुकानदार के मालिक को अलग से बुलाकर 15 जुन के बाद सम्मानित भी किया जाएगा।

**प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन ने विहान बालिका एवं बालक विद्यालयों का किया भ्रमण**

# श्रम एवं सेवायोजन कार्यालयों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- छात्र-छात्राओं के साथ ग्रहण किया भोजन

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन डा. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम ने उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव श्रीमती पूजा यादव के साथ जनपद बहराइच का भ्रमण किया। लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पहुंचने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ प्रमुख सचिव सुन्दरम को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सचिव सुन्दरम द्वारा विहान बालिका आवासीय विद्यालय व विहान बालक आवासीय विद्यालय तथा जिला सेवायोजन कार्यालय एवं सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण किया गया।एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव सुन्दरम ने श्रम विभाग द्वारा संचालित विहान बालक व बालिका आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण कर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा छात्र-छात्राओं के साथ संवाद करते हुए पठन-पाठन की गुणवत्ता, बच्चों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों से उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि की बाबत पूछते हुए उन्हें पूरी शिद्दत के साथ पढ़कर समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रमुख सचिव ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार दे तथा खेल व कला सहित अन्य गतिविधियों के लिए भी प्रोत्साहित किया जाय।

विहान विद्यालय के निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता को परखने के लिए प्रमुख सचिव सुन्दरम ने अन्य अधिकारियों के साथ कतारबद्ध बैठ कर बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया। प्रमुख सचिव ने शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिक्षा की गुणवत्ता व उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का जायज़ा लेते रहें।

## लापरवाही पर बड़ी कार्रवाई, तीन बीडीओ पर गिरी गाज़

**सुलतानपुर।** जिले में विकास कार्यों में लापरवाही को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की। इस कार्रवाई के तहत मोतिगरपुर के खंड विकास अधिकारी को उनके पद से हटाकर विकास भवन स्थित डीआरडीए कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया गया है।मोतिगरपुर में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में लगातार लापरवाही की शिकायतें मिल रही थीं। स्थिति की समीक्षा के बाद जिलाधिकारी ने कार्रवाई के आदेश दिए। इसके साथ ही जिले के दो अन्य खंड विकास अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कुड़वार की खंड विकास अधिकारी नीलम गुप्ता को अब कूरेभार का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके साथ ही उन्हें मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी का जिम्मा भी दिया गया है। वहीं, जयसिंहपुर की खंड विकास अधिकारी निशा तिवारी को मोतिगरपुर विकास खंड का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। सीडीओ की इस कार्रवाई के बाद जिले के खंड विकास अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

# भीषण गर्मी से बेहाल बाँदा बना देश का सबसे गर्म शहर

- बिजली संकट ने बढ़ाई मुश्किलें

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश उत्तर भारत में गर्मी ने कहर बरपा रखा है और बाँदा शहर ने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए देश के सबसे गर्म स्थानों में पहला स्थान हासिल कर लिया है। तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के पार पहुँच चुका है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है , परंतु गर्मी इतनी अधिक है कि आम जनमानस को 50 डिग्री का एहसास करवा रही है। इस जानलेवा गर्मी के बीच बिजली विभाग की लचर व्यवस्था ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पूरे शहर में घंटों तक बिजली गायब रहने से न तो कूलर-पंखे चल पा रहे हैं और न ही लोग पानी भर पा रहे हैं। जल संकट की स्थिति बन गई है और लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं।इस विकट परिस्थिति में जहाँ शासन-प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है, वहीं कुछ समाजसेवी राहत की उम्मीद बने हुए हैं। शहर के कई प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में समाजसेवियों द्वारा निजी खर्चे पर प्याऊ (ठंडे पानी की व्यवस्था) लगवाई गई हैं, जिससे राहगीरों और जरूरतमंदों को कुछ हद तक राहत मिल रही है। इन प्याऊ पर लोग निशुल्क ठंडा पानी प्राप्त कर रहे हैं, और समाजसेवियों की इस पहल की सराहना हो रही है। वहीं, लोग बिजली विभाग की लापरवाही से बेहद नाराज हैं। शहरवासियों का कहना है कि ÷इतनी भीषण गर्मी में बिजली न होना किसी सजा से कम नहीं। कुछ लोगों ने पुराने सदर विधायक विवेक सिंह को याद करते हुए कहा कि ÷उनके समय में कम से कम ऐसी बदइंतज़ामी नहीं होती थी। लोगों की मांग है कि बिजली विभाग तुरंत स्थिति पर नियंत्रण करे और शहर को गर्मी और अंधेरे के इस दोहरे संकट से राहत दिलाए।

# भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से जनता त्रस्त

- किसान नेताओं संग आम जनता ने जसलई फीडर को घेरा, नारेबाजी
- बिजिलेंस टीम जेई के खिलाफ आक्रोश, अधिशाषी अभियंता ने समझाया

अवधनामा संवाददाता



**शिकोहाबाद।** जैसे -जैसे गर्मी अपने पूरे शबाब पर पहुंच रही है। पारा 42 डिग्री सैल्सियस पर पहुंच रहा है। तेज धूप और भीषण गर्मी से बचने को लोग घरों में कैद हो रहे हैं। लेकिन बिजली की अघोषित घंटों की कटौती से जनता परेशान है। पक्के मकान आग फेंक रहे हैं। एसे में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों का हाल बेहाल है। कुछ लोग घर से निकल कर बाहर पेड़ों की छांव में बैठ कर दोपहर काट रहे हैं। विद्युत आपूर्ति सुचारू ना होने से आजिज नगर की जनता और किसान नेताओं ने बुधवार को सुबह 11 बजे से जसलई फीडर का घेराव किया और वहीं पर धरने पर बैठ गए। विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। काफी देर बाद अधिशाषी अभियंता अतीश आनंद मौके पर पहुंचे और उन्होंने धरना दे रहे लोगों को विद्युत व्यवस्था सुचारू करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। गर्मी के मौसम में जहां विभाग बिजली दे नहीं पा रहा है। एसे में बिजिलेंस की टीम लोगों के घरों में जाकर छापा मार कार्रवाई कर रही है। जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। इसके साथ ही हजारों रुपये की पैनल्टी लगाई जा रही है। जिसे एक गरीब आम नागरिक देने में सक्षम नहीं है। एसी घटनाओं से और बिजली ना मिलने से लोगों में विद्युत विभाग के विरुद्ध तीव्र आक्रोश व्याप्त हो गया है। इस दौरान एसडीओ हरी सिंह के विरुद्द भी नारेबाजी की। विगत सोमवार से बिजली की कटौती असीमित हो गई है। वमुश्किल 24 घंटे में चार-पांच घंटे बिजली आ रही है। जिसकी बजह से पेयजल की भी किल्लत हो रही है। मंगलवार को पूरी रात बिजली की कटौती रही, जिसकी बजह से बुधवार को पीने के लिए पानी भी नहीं आया। नगर पालिका द्वारा पानी की आपूर्ति भी नहीं की गई। जिससे लोगों के दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि अब जनता का धैर्य जवाब देने लगा है। कभी भी जनता सड़कों पर आ सकती है। धरना भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकर्ताओं के साथ ही मुहल्ला शंभूनगर के सभासद मोहित यादव के अलावा आदर्श नगर के अप्पू यादव, गगन कठेरिया आदि सभासद भी जनता के साथ धरने पर बैठे।

## इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में व्याख्यान देंगे पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण

**सुल्तानपुर।** पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, अमहट सुल्तानपुर में नियुक्त आईपीएस अधिकारी ब्रजेश कुमार मिश्र को इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून द्वारा ÷प्रकृति संरक्षण के विशेष सन्दर्भ में भारतीय ज्ञान पद्धति विषय पर भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के वरिष्ठ अधिकारियों को सम्बोधित करने हेतु आमंत्रित किया गया है। उनके द्वारा यह व्याख्यान 26 मई 25 को प्रातः राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में दिया जायेगा। पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार मिश्र ने बताया कि हमारे वेदों, उपनिषदों, स्मृतियों, पुराणों तथा अन्य प्राचीन ग्रंथों जैसे रामायण, महाभारत, मेघदूतम्, अभिज्ञानशाकुंतलम् और अर्थशास्त्र आदि में पर्यावरण संरक्षण, जीव विविधता और पारिस्थिकीय संतुलन के बारे में पर्याप्त वर्णन करते हुए उनके संरक्षण की बात की गयी है। अथर्ववेद का पृथ्वी सूक्त पूरी तरह से प्रकृति संरक्षण को समर्पित है। पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण ब्रजेश कुमार मिश्र ने उन्हें आमंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय वन अकादमी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

## डीएम ने किया ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

**फिरोजाबाद, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता ने ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होने वहां लगे अग्निशमन यंत्रों की जांच करने के निर्देश दिए, साथ ही उन्होने कहा कि जो भी यहां खराब स्थिति में है, उनको तत्काल सही कराया जाए, साथ ही साथ यहां की साफ-सफाई नियमित होती रहें, साथ ही उन्होने यह निर्देशित किया कि यहां की व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखा जाए, साथ ही यहां साफ-सफाई इत्यादि भी समुचित तरीके से रहें, उन्होने कहा कि यहां की सुरक्षा मजबूत करें, यह नियमित निरीक्षण चुनाव की पारदर्शिता और ईवीएम व वीवीपेट की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किया जाता है, इस निरीक्षण में उनके साथ अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा भी उपस्थित रहें।

## पत्नी के निधन पर पीएमजेजेबाई लाभार्थी को दिया चेक



**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** शहर के स्टैट बैंक ऑफइंडिया की शाखा ने खाताधारक की मौत होने पर नामिनी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ दिया। ब्रांच प्रबंधक अमरजीत मांझी ने बताया कि चुल्हावली निवासी खाताधारक पीएमजेजेबीवाई के तहत अपना बीमा कराया था। बीते कुछ दिन पूर्व उनका निधन हो गया था। मंगलवार को योजना के तहत उनके पति देवलाल को दो लाख का चेक दिया गया। बैंक प्रबंधक ने पीएमजेजेबीवाई को जनहित की योजना बताते हुए क्षेत्र के सभी लोगों से बैंक की सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने की अपील की है। इस दौरान सर्विस प्रबंधक सारिका, सीएसपी यशपाल सिंह मौजूद रहे।

## थाना पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजा जेल

**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** थाना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक अभियुक्त को एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार जेल भेजा है।थाना प्रभारी अंजीश कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी मुखबिर की सूचना पुलिस बन्ना मोड़ पर पहुंची जहां एक व्यक्ति संदिग्ध खड़ा हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो घबरा कर भागने लगा। तभी पुलिस गिरफ्तार कर थाने लाई जहां उसकी तलाशी लेने पर एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम दिलशाद पुत्र जमील निवासी नगला पार हबीबपुर थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद बताया है। जिसे पुलिस ने जेल भेजा है।

# पुलिस मुठभेड़ में अवैध असलाह सहित तीन दबोचे

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना दक्षिण व एसओजी/सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा थाना दक्षिण पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 502/25 से सम्बन्धित 3 अभियुक्तगणों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 01 देशी पिस्टल 32 बोर, 05 खोखा कारतूस 32 बोर, 10 जिंदा कारतूस 32 बोर, 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 12 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 08 खोखा कारतूस 315 बोर भी बरामद हुआ। घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। वादी देशदीपक यादव द्वारा थाना दक्षिण पर तहरीर दी गयी थी कि 16-05-2025 को रात्रि में मयंक उर्फसचिन व उसके साथियों द्वारा वादी की हत्या करने की नीयत से फायर कर दिया। जिसके सम्बन्ध में थाना दक्षिण पर मु0अ0सं0 502/2025 धारा 109,111 (3),111(4),190,191 (2), 191 (3) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में 21-05-2025 को थाना दक्षिण पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 502/2025 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण थाना क्षेत्र दक्षिण में बिहारीपुर से लालऊ की ओर आ रहे है। सूचना के आधार पर थाना दक्षिण व एसओजी /सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा बिहारीपुर लालऊ रोड़ पर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान 07-08 संदिग्ध व्यक्ति पैदल आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा करने पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगे व खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।

आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में 03 संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लग गयी। जिससे वह घायल हो गये तथा 04-05 संदिग्ध व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। घायल व्यक्तियों की पहचान मयंक उर्फसचिन पुत्र राजेश भारद्वाज निवासी कुआ वाली गली के पास नई बस्ती, रोहन यादव पुत्र अजय निवासी कोटला मौहल्ला नई बस्ती, अमन पण्डित पुत्र अश्वनी शर्मा निवासी नई बस्ती थाना दक्षिण फिरोजाबाद के रूप में हुई है जो थाना दक्षिण पर पंजीकृत मु0अ0सं0 502/2025 से सम्बन्धित अभियुक्तगण है। घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही जा रही है। जिनके कब्जे से 01 देशी पिस्टल 32 बोर, 05 खोखा कारतूस 32 बोर, 10 जिंदा कारतूस 32 बोर, 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 12 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 08 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र पाल सिंह, थाना दक्षिण, प्रभारी एसओजी/सर्विलांस अमित तोमर, उ0नि0 सिंहराज सिंह, उ0नि0 मौ0 नफीस, उ0नि0 कपिल कुमार, उ0नि0 सौरभ, मु0आ0 380 हरवीर सिह एसओजी, मु0आ0 736 सुशील कुमार एसओजी, मु0आ0 953 ललित शर्मा एसओजी, आरक्षी 887 उग्रसेन एसओजी, आरक्षी 879 जय प्रकाश एसओजी, आरक्षी 920 सन्दीप कुमार एसओजी, आरक्षी 150 अरूण कुमार एसओजी, आरक्षी 958 राहुल, मु0आ0 1055 अशोक कुमार, आरक्षी 415 खजान सिंह, चालक 262 रविश कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# गर्मी बढ़ते ही जिला अस्पताल बाँदा में बढ़े मरीज

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे जिला चिकित्सालय बाँदा में मरीजों की संख्या में भारी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। तेज गर्मी और लू के कारण डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त, बुखार और कमजोरी जैसे लक्षणों से ग्रस्त मरीज अस्पताल पहुँच रहे हैं। परंतु अस्पताल की तैयारियाँ इस बढ़ती भीड़ के मुकाबले नाकाफी साबित हो रही हैं।

मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि अस्पताल में पर्याप्त बेड नहीं हैं, पंखे और कूलर काम नहीं कर रहे, और समय पर दवाइयाँ भी उपलब्ध नहीं हो रही हैं। इसके अलावा डॉक्टरों की संख्या भी सीमित है, जिससे गंभीर मरीजों को घंटों इंतज़ार करना पड़ रहा है। एक स्थानीय निवासी ने नाराज़गी जताते हुए कहा, ÷हम सरकारी अस्पताल इसलिए आते हैं कि यहाँ इलाज सस्ता हो, लेकिन यहाँ तो इलाज मिलने में ही मुश्किल हो रही है। अंत में हमें मजबूरन प्राइवेट अस्पताल का रुख करना पड़ता है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:

**कार्य का नाम** : समई/पूर्व/गोरखपुर कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत भटनी – गोरखपुर छावनी (रहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2026), **ई-निविदा सूचना सं.** : एनईआर-बीएसबी-2025-37, **अनुमानित लागत(₹)**: 2,69,08,344/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 2,84,600/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 13.06.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 30.06.2026. **कार्य का नाम** : समई/पूर्व/गोरखपुर कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत गोरखपुर छावनी (रहित) – कप्तानगंज – वाल्मिकीनगर (रहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2026), **ई-निविदा सूचना सं.** : एनईआर-बीएसबी-2025-38, **अनुमानित लागत (₹)**: 1,75,09,067/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 2,37,600/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 13.06.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 30.06.2026. **कार्य का नाम** : समई/सिवान कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सिवान – भटनी (रहित), सिवान – थावे (रहित), थावे (रहित) – हथुवा – पंचदेवरी अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2026), **ई-निविदा सूचना सं.** : एनईआर-बीएसबी-2025-39, **अनुमानित लागत(₹)**: 1,81,23,758/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 2,40,600/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 13.06.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 30.06.2026. **कार्य का नाम** : समई/सिवान कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सिवान (रहित) – छपरा (रहित), दुरौंधा – मसरख (रहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2026), **ई-निविदा सूचना सं.** : एनईआर-बीएसबी-2025-40, **अनुमानित लागत (₹)** : 1,48,26,073/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 2,24,100/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 13.06.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** :30.06.2026.

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-37 से एनईआर-बीएसबी-2025-40 दिनांक 13.06.2025 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-72 वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल शिकोहाबाद में विद्यार्थियों के लिए सात दिवसीय समर कैम्प का हुआ शुभारम्भ

**शिकोहाबाद, अवधनामा संवाददाता।** आगरा रोड स्थित सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल में आयोजित 7 दिवसीय समर कैंप का बुधवार 21 मई को शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी तथा बच्चों ने स्विमिंग पूल में 'आज ब्लू है पानी-पानी' जैसे विभिन्न गीतों पर डांस किया और पकौड़ी चिप्स और विभिन्न प्रकार के शीतल पेय पदार्थों के साथ पूल पार्टी आनंद उठाया। कैंप में प्रत्येक दिन प्रातः कालीन बेला में अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग अध्यापकों द्वारा बच्चों को योग, ध्यान तथा डांस अध्यापकों द्वारा जुंबा डांस कराया जाएगा। इसी के साथ विद्यार्थी इनडोर और आउटडोर खेलों में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस बास्केटबॉल और खो-खो आदि में प्रतिभाग करेंगे। कैंप में बच्चे कुकिंग विदाउट फायर में सैंडविच , भेलपूरी, लस्सी, शिकंजी, लड्डू आदि बनाएंगे तथा पोट्री में विभिन्न प्रकार के मिट्टी के बर्तन बनाने का अभ्यास करेंगे। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन में विद्यालय की प्रबंधन कमेटी, प्रधानाचार्या,शिक्षक टीम, कार्यालय टीम तथा अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## तिरंगा यात्रा में शाम चार बजे पहुंचेगे जिले के दिग्गज

**दूबेपुर,सुलतानपुर।** भारतीय सेना के शौर्य की सराहना करते हुए आज तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया जाएगा , इसके साथ ही शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई।इसके पहले पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर में बलिदानियों को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। भाजपा के दूबेपुर मंडल अध्यक्ष सन्तोष सिंह ने बताया कि तिरंगा यात्रा शाम चार बजे से भाजपा नेत्री पूजा कसौधन व उपाध्यक्ष सारिका सिंह के नेतृत्व मे दूबेपुर ब्लॉक मुख्यालय से शुरू होगी तिरंगा यात्रा जो भाई कस्बे तक जाएगी।

## सुमित व तेजस्व बने जीत में नायक, आदित्य का प्रयास व्यर्थ

**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित हनुमान प्रसाद स्मारक अंडर -19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब ने विराट स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए हैं विजेता टीम के सुमित पांडेय के बहुमुखी खेल (24 रन नाबाद, 31 गेंद, पांच चौके व 8 - 0 - 30 - 4) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। बुधवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 35.1 ओवर में 196 रन (आदित्य पाल 73, बॉबी सेन 33, अथर्व यादव 21, उज्जवल शर्मा 15 रन, सुमित पांडेय 4/30, देवांश पाठक 2/26, प्रतीक सिंह 2/33, अविरल मिश्रा 1/32) पर सिमट गई।

# आधुनिक भारत के निर्माता है राजीव गांधी: प्रमोद मिश्र

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी का कांग्रेसियों ने जिला कार्यालय मे 34 वाँ शहादत दिवस मनाया। बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने जिला कार्यालय पर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात जिला व शहर कॉंग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर के तिकोनिया पार्क (राजीव गांधी पार्क) में सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहभोज कार्यक्रम में भारी संख्या में राहगीर , बेसहारा, गरीब व जरूरतमंद लोगों को सम्मान पूर्वक बैठाकर कांग्रेसियों ने अपने नेता को याद कर उन्हें भोजन कराया। इस दौरान वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्रा व पदमाकर सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 19वीं सदी में 21वीं सदी के भारत का सपना देखा था जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ओ पी चौधरी व निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष विनोद राना ने कहा कि स्वभाव से गंभीर लेकिन आधुनिक सोच और निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता वाले राजीव गांधी देश को दुनिया की उच्च तकनीकों से पूर्ण करना चाहते थे। स्व राजीव गाँधी अपने इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने देश में कई क्षेत्रों में नई पहल की, जिनमें संचार क्रांति और कंप्यूटर क्रांति, शिक्षा का प्रसार, 18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज शामिल हैं। शहर उपाध्यक्ष सुनील चौहान व परमजीत सिंह सरदार ने कहा कि वर्तमान समय में देश के अन्दर जो डिजिटल सिस्टम काम कर रहा है और वीडियो कांफ्रेंसिंग, ऑनलाइन शिक्षा, ऑनलाइन बैंकिंग, इ-पेमेंट, पंचायत राज व्यवस्था का आधुनिकरण व युवा शक्ति को ऊर्जा पहुँचाने के उद्देश से मतदान करने की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष किये जाने का कार्य राजीव गाँधी की देन है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत मिश्रा,कमर खान एडवोकेट,दिनेश मिश्र, सभासद संजय कप्तान,राहुल त्रिपाठी, वरुण मिश्र,ज़फ़र खान, फिरोज अहमद,सुरेश चंद मिश्रा, निकलेश सरोज,मनोज तिवारी, नफीस फारूकी अवधेश गौतम सलाहुद्दीन हाशमी पवन गौतम रियाज अहमद पवन मिश्र कटावाँ, ममनून आलम आवेश अहमद रंजीत सलूजा अनवर शाही हौसला प्रसाद भीम इंतजार अहमद सियाराम तिवारी देवेंद्र तिवारी ओम प्रकाश शर्मा ने जनेश्वर उपाध्याय इमरान अहमद सनी अनीस अहमद रामचंद्र कोरी अनवर अंसारी संग्राम मनीष तिवारी राम सागर यादव योगेश सिंह सियाराम वर्मा ओमप्रकाश दुबे इंद्रजीत शर्मा शरद श्रीवास्तव शहबाज खान दिनेश त्रिपाठी अर्श खान अम्बरीष पाठक सूरज मिश्रा विजय प्रकाश संतोष तिवारी शुभम रावत समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।





### ब्लॉकों में भी मनाया गया बलिदान दिवस

जिला कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के निर्देश पर जिले के सभी ब्लॉकों में बड़ी ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के बीच चौपाल का कार्यक्रम कर बलिदान दिवस मनाया गया। जिले के दोस्तपुर में इरफान अहमद, जयसिंहपुर में रामभवन पांडेय, कूरेभार में प्रदीप सिंह, लम्भुआ में चंद्रभान सिंह चुन्ना, कुड़वार में नंदलाल मौर्य ने स्वर्गीय राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई–निविदाएँ एकल पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर प्रस्तावित व्यासनगर से ब्लॉक हट "K" के मध्य दोहरीकरण, जंघई–मड़ियाहू–जाफराबाद (48 किमी) दोहरीकरण, फाफामऊ स्टेशन (NR) से कुँवाडीह (NER) (10 किमी) के मध्य फ्लाइओवर एवं वाराणसी–पं. दीन दयाल उपाध्याय– तीसरी एवं चौथी लाइन के प्रस्तावित दोहरीकरण के संबंध मे फाइनल लोकैशन सर्वे जैसे लेवलिंग, संरेखण, मिट्टी की जांच, योजना, एल सेक्शन, पुलों की जीएडी आदि, बिलों की मात्रा एवं डी पी आर बनाने सहित अन्य सहायक कार्य । |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 05 (पाँच) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 135.39 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 2,17,700/- |
| 5 | ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 13.06.2025 को समय 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 13.06.2025 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 22.05.2025 से आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनांक 30.05.2025 से 13.06.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 33–टेण्डर/उपमुइंजी/नि./वाराणसी दिनाँक: 20.05.2025 1485/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**जीजा-साली प्रकरण ने मचाया हंगामा**

# नई दुल्हन को लेकर फरार हुआ जीजा

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** बिवांर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जहां नई-नवेली दुल्हन को उसका जीजा अपने दो साथियों के साथ कार में लेकर फरार हो गया। इस घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। सूत्रों के अनुसार, घटना उस समय हुई जब दूल्हा घर पर मौजूद नहीं था। जीजा अपनी साली, जो हाल ही में विवाहित दुल्हन थी, को ले जाने के लिए दो साथियों के साथ कार लेकर ससुराल पहुंचा और उसे लेकर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर दूल्हे के पिता ने तुरंत बिवांर थाना में तहरीर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुल्हन को जीजा के घर से बरामद कर लिया।बरामदगी के बाद दुल्हन ने सनसनीखेज खुलासा किया। उसने ससुराल वालों पर दहेज के लिए ताने देने का आरोप लगाया। दुल्हन का कहना है कि ससुराल में लगातार अपमानित होने के कारण वह परेशान थी। दूसरी ओर, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुल्हन को उसकी बहन को सुपुर्द कर दिया है।बिवांर थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मजबूत साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, यह मामला गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है, और लोग इस प्रकरण पर तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।यह घटना न केवल पारिवारिक विवादों को उजागर करती है, बल्कि दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों पर भी सवाल उठाती है।

## समर कैंप में बच्चों ने सीखे योग, की अनेक गतिविधियां

**प्रयागराज।** कंपोजिट विद्यालय राजपुर प्रथम नगर क्षेत्र में आज समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप का उद्घाटन प्रमिल केसरवानी अध्यक्ष जनहित संघर्ष समिति के द्वारा किया गया। श्याम चंद्र पूर्व महामंत्री प्रयागराज महानगर एवं अधिवक्ता उच्च न्यायालय के द्वारा शासन की मंशा की सराहना की गई। अतिथियों के द्वारा शिक्षक व छात्रों को समर कैंप की बधाई दी गई। इस अवसर पर छात्रों को श्रीमती अनुरागिनी सिंह (सहायक अध्यापक) वह सुश्री सुषमा वर्मा (शिक्षा मित्र) द्वारा योग अभ्यास, वृक्षासन, स्वास्थ्य अभ्यास, जंपिंग जैक, सुपर हाफ आदि लोक नृत्य की प्रस्तुति व समूह में क्षेत्रीय नृत्य व डिजिटल साक्षरता के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज मोहम्मद अमानुल्लाह (इंचार्ज प्रधान अध्यापक) द्वारा यह बताया गया कि समर कैंप का विद्यालय के छात्रों पर एक अच्छा असर पड़ेगा तथा अभिभावकों के लिए यह एक सकारात्मक संदेश रहेगा। जिस विद्यालय में ठहराव व नामांकन में भी बढ़ोतरी होगी। अंशु (सहायक अध्यापक) द्वारा छात्रों को कई तरह की शैक्षिक गतिविधियां कराई गई। अंत में सभी बच्चों को मौसमी फल वितरण किया गया।

# समर कैंप मनोरंजन के साथ बच्चों की प्रतिभाओं को उजागर करते हैं: ज्योति



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** समर कैंप बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ उनकी प्रतिभाओं को भी उजागर करता है। जैसे टीम वर्क में काम करना, खेलकूद, कला, नृत्य, नाटक, निबंध आदि गतिविधियां बच्चों के रचनात्मक विकास में प्रमुख भूमिका निभाती हैं। यह बात भाजपा जिला मंत्री डॉ ज्योति वर्मा ने बुधवार को पुरबिया टोला नालापार स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को समर कैंप का मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन फीताकाट कर कही। समर कैंप की शुरूआत योग एवं फिटनेस से हुई। मुख्य अतिथि ने बच्चों को बताया कि योग और फिटनेस का हमारे जीवन पर कितना प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बच्चों को सुखासन, सिद्धासन व पद्मासन के बारे में बताते हुए कहा कि के उच्चारण से आत्मा में शुद्धता आती है। गायत्री मन्त्र का महत्व बताते हुए उसका शुद्ध उच्चारण भी करवाया। कहा कि स्वस्थ तन हो, तभी मन स्वस्थ रहता है। समर कैंप के पहले दिन बच्चों ने इंडोर गेम्स में कैरम, लूडो, शतरंज आदि खेला। समापन दस जून को होगा। समर कैंप शिक्षामित्र राम किशोर एवं शशि प्रभा के निर्देशन में चल रहा है। प्रधानाध्यापिका शिखा पाल ने शिक्षाविभाग की ओर से चलाए जा रहे समर कैंप की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का रचनात्मकता के साथ-साथ नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास भी होता है। अनिमेष ने पौधरोपण एवं पर्यावरण पर चर्चा करते हुए प्रत्येक बच्चे को एक पौधा लगाने का संकल्प दिलवाया। अंत में प्रधानाध्यापक शिखा पाल ने मुख्य अतिथि को विद्यालय परिवार की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# सौरभ उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए रेलवे प्रयागराज द्वारा सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा जनपद इटावा निवासी और विभाग में मुख्य सतकर्ता निरीक्षक /यातायात पद पर तैनात सौरभ पाठक को रेल सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज क्षेत्र के मुख्य सतर्कता निरीक्षक सौरभ पाठक को यह प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के वरिष्ठ उप महा प्रबंधक हिमांशु बडोनी द्वारा गत 20 मई को प्रदान किया गया और उनसे अपेक्षा की गई कि वे आगे भी इसी तरह रेलवे को अपनी उच्च स्तरीय सेवाएं प्रदान करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सौरभ पाठक शहर इटावा के पंसारी टोला निवासी एवं अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा शाखा के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक के सुपुत्र हैं, और विभाग में अपनी कर्तव्यनिष्ठा के लिए समय-समय पर प्रशंसित एवं पुरस्कृत होते रहे हैं। सौरभ को उक्त सेवा सम्मान मिलने एवं इटावा जनपद का नाम रोशन करने पर संपूर्ण राधा माधव संकीर्तन मंडल परिवार समेत विशेष रूप से विष्णु नारायन शोरावाल, राम मनोहर दीक्षित, राजेश कुमार वाजपेई, राजेंद्र कुमार दीक्षित, अरविंद पोरवाल, नारायण किशोर वाजपेई, गोविंद किशोर वाजपेई, राजेंद्र सिंह वर्मा, राम प्रकाश पांडे, अनिल मिश्रा गुल्ली, अवनेश कुमार तिवारी, डा. अरविंद कुमार दुबे, डा.आदित्य शर्मा, मोहित मित्तल, सुभाष गोयल, नरेश चंद्र यादव, सुरेश चंद्र दुबे, हरि प्रकाश शुक्ला, सुधीर मिश्र आदि ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं।

## सैम्पलिंग के नाम पर केवल स्थायी व्यापारियों को किया जा रहा है परेशान, व्यापार मंडल ने जताया विरोध



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, महामंत्री रिषी पोरवाल ने कहा कि खाद्य एंव औषधि प्रशासन विभाग दारा सैंपलिंग के नाम पर केवल स्थायी एंव रजिस्टर व्यापारीयों एंव उघमीयों को ही परेशान किया जाता है, जबकि आनलाइन फूड डिलीवरी चैन से सैकड़ो कम्पनीयां कच्चे एंव पके हुए खाघ पदार्थ एंव दवाइयां सप्लाई कर रहे हैं उनकी कोई सैंपलिंग या जांच नहीं की जाती है, न ही आनलाइन फूड डिलीवरी करनें वालों के फूड लाइसेंस बनाये जाते हैं, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों नें कहा की स्थायी होटलों के पानी के सैम्पल तक चैक किये जाते हैं दूसरी तरफ जगह जगह लगनें वाले मेलों में कोई सैम्पलिंग नहीं की जाती है गन्ने के रस सहित असुरक्षित खाद्य पदार्थ खुले में बेचे जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सैंपलिंग का उद्देश्य केवल धन उगाही कर स्थायी व्यापारीयों को परेशान करना रह गया है, भीषण गर्मी के मौसम में बीमारीयां फैल रही हैं, उल्टी दस्त डायरिया से जनता परेशान हैं। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष संजय वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सरदार मनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## एनसीएल की दुधिचुआ परियोजना ने सीएसआर के तहत शक्तिनगर रेल्वे स्टेशन पर लगाया आरओ वाटर कूलर



**सोनभद्र/सिंगरौली, अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दुधिचुआ परियोजना ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत शक्तिनगर रेल्वे स्टेशन पर 100 एलपीएच क्षमता का आरओ वाटर कूलर लगवाया। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक (दुधिचुआ) विनोद कुमार सिंह, परियोजना से अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी एवं स्टेशन सुपरिटेंडेंट तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे। एनसीएल दुधिचुआ द्वारा यह कार्य भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध करवाने एवं गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा स्थानीय परिक्षेत्र में समग्र कल्याण हेतु सीएसआर के तहत ऐसे विभिन्न कार्य किए जाते रहे हैं।

## 2025 सपनों की उड़ान ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का शुभारंभ



**सोनभद्र/बीजपुर, अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी रिहंद में 21 मई 2025 को बालिका सशक्तिकरण अभियान (GEM) 2025 सपनों की उड़ान का शुभारंभ मुख्य अतिथि एन. एस. राव, कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एवं विशिष्ट अतिथि विजया राव, अध्यक्षा उत्तरा क्लब द्वारा दीप प्रज्वलित कर पारंपरिक रूप से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर विभाग द्वारा तरंग प्रेक्षागृह में किया गया, जिसमें कक्षा 6 की 120 चयनित बालिकाओं को 21 मई से 19 जून तक आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व जेम (GEM) प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और अपने अनुभव साझा किए। कार्यकारी निदेशक रिहंद अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि GEM कार्यक्रम बालिकाओं के जीवन में स्थायी सकारात्मक परिवर्तन लाकर उन्हें सशक्त बनाएगा। मुख्य अतिथि एन. एस. राव ने इसे एनटीपीसी की एक अभिनव पहल बताया, जो ग्रामीण बालिकाओं को शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कर रही है। यह ग्रीष्मकालीन कार्यशाला अकादमिक शिक्षा के साथ योग, आत्मरक्षा, कला, संगीत और खेलकूद जैसी गतिविधियों से बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। 2018 में शुरू हुई इस पहल के तहत अब तक 600 बालिकाओं को प्रशिक्षण मिला है, जिनमें से 50 को डीएवी विद्यालय में प्रवेश दिलाकर पूर्ण खर्च सीएसआर द्वारा वहन किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में विभिन्न परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारी, वर्तिका महिला मंडल की सदस्याएँ, सीआईएसएफ, ग्राम प्रधान, शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

## जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदियों को दी निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव महेंद्र कुमार पाण्डेय ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान जेल अधीक्षक श्री मंजीव विश्वकर्मा, जेलर के.पी. चंदीला, डिप्टी जेलर संगेश कुमार और चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल आनंद कुमार सक्सेना उपस्थित रहे।सचिव ने पेशी से लौटे बंदियों से बातचीत कर उनके नाश्ते और भोजन की व्यवस्था की जानकारी ली। बंदियों ने बताया कि पेशी के दौरान उनके लिए नाश्ते और खाने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध रहती है। श्री पाण्डेय ने बंदियों को सूचित किया कि जिनके पास अपनी पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं है, वे जेल अधीक्षक के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र दे सकते हैं।सचिव ने बताया कि जिला कारागार का निरीक्षण समय-समय पर किया जाता रहेगा ताकि बंदियों की सुविधाओं और अधिकारों का उचित ध्यान रखा जा सके।

# प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए समर कैम्प बना संजीवनी बूटी : पटेल



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** कंपोजिट विद्यालय शांति कॉलोनी नगर क्षेत्र में समर कैंप का भव्य शुभारंभ सम्मानित समाज सेवी/ राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अपना दल(एस) के डा.हरीशंकर पटेल फीता काट कर तथा बच्चों को शिक्षा समग्री का वितरण कर ने किया। कंपोजिट विद्यालय शांति कॉलोनी में 21 मई से 10 जून तक विभागीय आदेशानुसार समर कैंप समापन के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रधानाध्यापक मंजुलता राजपूत एवं बेबी कुमारी ने मां सरस्वती पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करने में सहयोग किया इस मौके पर श्री राजेश सिंह प्रधानाध्यापक भी मौजूद रहे। समर कैम्प समापन के मुख्य अतिथि डॉ.राजेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने समर कैंप के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि बच्चों को इन कैंप के द्वारा बहुत कुछ सीखने को नया मिलेगा जिसका प्रयोग वे अपने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कर सकेंगे। श्री पटेल ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहां कि प्राथमिक विद्यालय के बच्चे ज्यादा प्रतिभाशाली होते है, इन बच्चों को सही दिशा-निर्देश प्राप्त हो तो लक्ष्य पाना सरल हो जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए समर कैम्प संजीवनी बूटी के समान है। प्रधानाध्यापक मंजुलता राजपूत ने बच्चों से कहा कि सभी बच्चे पूर्ण मनोयोग से प्रतिदिन 7 से 10 बजे तक सभी गतिविधियों में प्रतिभाग करेंगे। बेबी कुमारी ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। समर कैम्प के अवसर पर अध्यापक राजेश सिंह, कार्तिकेय वर्मा समस्त विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहकर सरहानीय योगदान दिया।

## सिविल विवाद का मध्यस्थता द्वारा कराया गया सुलह



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर के मध्यस्थता केंद्र में वाद संख्या 04/2007, संतराम पुत्र रामस्वरूप, निवासी सुमेरपुर और ज्ञानवती पत्नी रामनाथ, निवासी कलौलीजार के बीच चल रहे सिविल विवाद का मध्यस्थ अधिवक्ता शिवशरण गुप्ता ने दोनों पक्षों से वार्ता कर सुलह करा लिया। प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार पाण्डेय ने दोनों पक्षों को बधाई दी और मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य की सराहना की।

## सिंगल यूज प्लास्टिक बैन पर जन जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखते हुए, एनटीपीसी विंध्याचल में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अवसर पर एनएच 3 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स विंध्यनगर में सिंगल यूज प्लास्टिक बैन पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।इस अवसर पर ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल), संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम) और राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल), अन्य महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ-साथ भारी संख्या में विंध्यनगरवासी उपस्थित रहें। इसके साथ ही यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी सहायक कमांडेंट ज्ञान सिंह भाटी और भास्कर चौधरी की सक्रिय भागीदारी ने इस मुहिम को और भी बल प्रदान किया। यह जन जागरूकता रैली एनएच 3 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स से शुरू होते हुये वापस होते एनएच 3 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर समाप्त हुई। सिंगल यूज प्लास्टिक बैन पर जन जागरूकता रैली टाउनशिप के कमर्शियल काम्प्लेक्स के दुकानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन से संबन्धित स्टीकर तथा बैनर लगाकर सभी को जागरूक करने हेतु प्रेरित भी किया।

# दुर्गन्ध फैलाये जाने की शिकायतों के दृष्टिगत अधिकारियों की बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



- डाला नगर पंचायत में अल्ट्राटेक सीमेन्ट फैक्ट्री द्वारा सी0एस0आर0 मद से विकास व सौन्दर्यीकरण के कराये जाये कार्य : जिलाधिकारी
- अल्ट्राटेक फैक्ट्री में कूड़ा ढोने वाले वाहनों को पूरी तरह से ढककर किया जाये परिवहन-जिलाधिकारी
- परिवहन के दौरान यदि सड़कों पर कूड़ा गिरा हुआ पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध होगी कार्यवाही: डीएम

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के जन सुनवाई कक्ष में नगर पंचायत डाला में अल्ट्राटेक सीमेन्ट फैक्ट्री द्वारा प्रदूषण व दुर्गन्ध फैलाये जाने के सम्बन्ध में नगर पंचायत वासियों व वार्ड मेम्बर वार्ड द्वारा की गयी शिकायत को संज्ञान में लेते हुए अल्ट्राटेक सीमेन्ट फैक्ट्री व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डाला, ओबरा, रेनुकूट व अल्ट्राटेक फैक्ट्री के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अल्ट्राटेक फैक्ट्री के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में प्रदूषण व दुर्गन्ध पर रोक लगाने हेतु हर संभव प्रयास सुनिश्चित किया जाये, कूड़ा ढोने वाले वाहनों पर परिवहन करते समय कूड़े को ढककर ही परिवहन सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समय-समय पर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट का निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित किया जाये और कवर्ड वाहनों के माध्यम से ही बेस्ट प्लास्टिक मंगायी जाये, अधिशासी अधिकारी व उप जिलाधिकारी द्वारा प्लास्टिक जलाये जाने की प्रक्रिया का भी समय-समय पर निरीक्षण किया जाये और दुर्गन्ध को रोकने हेतु हर संभव प्रयास सुनिश्चित किया जाये, सड़क पर किसी भी दशा में बेस्ट प्लास्टिक न मिलें, इस दौरान जिलाधिकारी ने अल्ट्राटेक के प्रतिनिधि को निर्देशित करते हुए कहा कि डाला नगर पंचायत क्षेत्र में सी.एस.आर. मद से विकास के कार्य भी कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में आर.के. सिंह क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अधिशासी अधिकारी डाला अमित कुमार सरोज, मधु सूदन जायसवाल अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ओबरा, प्रसम जैन कामर्शियल हेड अल्ट्राटेक, संजीव राजपुत एच.आर. हेड, बन्ने सिंह प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहें।

# एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) का दौरा

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में बीते 20 मई 2025 को एनटीपीसी महारत्न कंपनी के एन श्रीनिवास राव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) ने अपना एक दिवसीय दौरा किया। जिसमें विजया राव, अध्यक्षा (उत्तरा महिला क्लब, लखनऊ) भी उपस्थित रहीं। इस संदर्भ में एन श्रीनिवास राव ने सपत्नीक एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा हर वर्ष आयोजित होने वाले बालिका सशक्तीकरण अभियान कार्यशाला के ग्रीष्मकालीन सत्र 2025-26 का उद्घाटन किया। तत्पश्चात् एन श्रीनिवास राव ने एनटीपीसी सिंगरौली के उच्चाधिकारियों के साथ प्लांट एरिया का भी दौरा किया। जिसमें उन्होने मुख्यतः स्टेज –3 एरिया, यूनिट 1 से 6 तक के कंट्रोल रूम, एफ़जीडी एरिया आदि जैसे मुख्य प्लांट लोकेशन के काम काज का गहन जायज़ा लिया। जिसके पश्चात् एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गयी जिसमें परियोजना के सभी विभाग के प्रमुख द्वारा प्रगति कार्यों की विस्तार से चर्चा की गयी। यहीं दूसरी तरफ विजया राव ने स्थानीय वनिता समाज, शक्तिनगर द्वारा संचालित बाल भवन में लाइब्रेरी का उद्घाटन कर एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर योजना के अंतर्गत स्थानीय ग्रामीण युवतियों को ऑर्गेनिक साबुन व मोमबत्ती के निर्माण, पैकेजिंग एवं वितरण के एक हफ्ते के प्रशिक्षण सत्र का प्रमाण पत्र भेंट किया। तत्पश्चात् महिला मण्डल की जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित की गयी, जिसमें महिला शक्ति द्वारा समाज में महिलाओं को और सशक्त करने हेतु विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर स्थानीय अतिथि गृह में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें एनटीपीसी सिंगरौली के इन हाउस टैलेंट्स द्वारा कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत एवं बॉलीवुड के गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई। जिसमें एनटीपीसी सिंगरौली के सभी उच्च अधिकारी मण्डल भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा, सफाई कर्मचारियों की लापरवाही उजागर



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बावजूद हमीरपुर जिले में स्वच्छ भारत मिशन की जमीनी हकीकत निराशाजनक है। विकासखंड राठ, गोहांड, सरीला और मुस्करा की ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था बदहाल है। ज्यादातर सफाई कर्मचारी अपने स्थान पर दूसरों को काम पर लगाकर नौकरी चला रहे हैं, जबकि कीचड़युक्त रास्ते और बजबजाती नालियों की सफाई नहीं हो रही। स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद भी ब्लॉक और विभागीय जिम्मेदार कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। उच्च अधिकारियों या मंत्रियों के दौरे की खबर पर गांवों को रातोंरात स्वच्छ बनाकर स्वर्ग जैसा दिखाने की कवायद शुरू हो जाती है, लेकिन आम दिनों में गंदगी और बदबू बरकरार रहती है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना के सख्त निर्देशों के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं दिख रहा। यह लापरवाही स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को चुनौती दे रही है। जिम्मेदारों की उदासीनता पर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है, और वे ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की दर्दनाक मौत



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के सुरौली गांव में खेत की मेड़ बनाते समय एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिसमें ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब खेत में ट्रैक्टर से मेड़ बनाने का कार्य चल रहा था। इस दौरान पास में खेल रहा एक मासूम बच्चा ट्रैक्टर को बैक करते समय अनजाने में उसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।स्थानीय पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे ने एक बार फिर खेतों में मशीनरी के उपयोग के दौरान सावधानी बरतने की जरूरत को रेखांकित किया है।

### बैंक जमा-ऋण अनुपात सुधारने के लिए जिलाधिकारी की सख्ती, लापरवाह बैंकों पर कार्रवाई की चेतावनी



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिला कलेक्ट्रेट के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में बैंकों के जमा-ऋण अनुपात में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।जिलाधिकारी ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित ऋण प्रकरणों में देरी पर नाराजगी जताते हुए इंडियन बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के सीएमडी को पत्राचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों को इन योजनाओं में प्राथमिकता के साथ ऋण वितरण करने और किसी भी तरह की शिथिलता न बरतने की हिदायत दी, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जानबूझकर ऋण न देने वाले बैंकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और ऐसे बैंकों के सरकारी खाते अन्य बैंकों में स्थानांतरित किए जाएंगे।जिलाधिकारी ने बैंकर्स से सकारात्मक कार्यशैली अपनाकर सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करने और स्वरोजगार योजनाओं के लंबित प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जीएमडीआईसी, एलडीएम और विभिन्न बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा, जिलाधिकारी ने दिए कूड़ा संग्रह और शौचालय संचालन के निर्देश



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आरआरसी केंद्र नियमित रूप से संचालित किए जाएं और कूड़ा उठान का कार्य निरंतर हो। उन्होंने मॉडल गांवों में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह पर जोर देते हुए लोगों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग एकत्र करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने, गुणवत्ता और मानकों का पालन करने तथा वित्तीय व्यय के सापेक्ष भौतिक प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील रखने और उनके संचालकों के मानदेय का समय पर भुगतान करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने सामुदायिक शौचालयों की नियमित निगरानी और निरीक्षण के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने तथा लोगों को इसके उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया। बैठक में परियोजना अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, डीपीआरओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत के अमृत स्टेशन



## देश भर में पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

जिसमें शामिल हैं

## उत्तर प्रदेश के 19 अमृत स्टेशन


बिजनौर


सहारनपुर


गोविंदपुरी


करछना


पुखरायाँ


ईदगाह आगरा जंक्शन


फतेहाबाद


गोवर्धन


मैलानी


स्वामी नारायन छपिया


बलरामपुर


सिद्धार्थनगर


गोला गोकरननाथ


रामघाट हाल्ट


सुरेमनपुर


इज्जतनगर


बरेली सिटी


उझानी


हाथरस सिटी

### लाभ

- सिटी सेंटर के रुप में विकास - रुफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर कमलों द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे**

### गरिमामयी उपस्थिति

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल , उत्तर प्रदेश

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री , उत्तर प्रदेश

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

**जयंत चौधरी**
केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री

**अनुप्रिया पटेल**
केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री

**बी.एल. वर्मा**
केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

**कीर्ति वर्धन सिंह**
केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन तथा विदेश राज्य मंत्री

**प्रो. एस. पी. सिंह बघेल**
केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज्य मंत्री

## भारतीय रेल

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें | www.indianrailways.gov.in | हमें फॉलो करें /RailMinIndia